य एषु सुप्तेषु जागर्ति

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 जुलाई, 2024 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी, संवत् 2081

वर्ष : 19 | अंक : 348 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



नीदरलैंड्स के रेयान डोइशे को कोचिंग स्टाफ में शामिल करना चाहते हैं गंभीर

@स्पोर्ट्स&गेमिंग



चैट जीपीटी की मदद से दृष्टिहीन युवक पहुंच गया स्टेडियम

@इंडिया&वर्ल्ड



चांदी ने 2024 में सेंसेक्स-निफ्टी से तीन गुना अधिक दिया रिटर्न, सोना भी चमका

@बिजनेस&वेल्थ

## बदलें शोध के धरातल

गुलाब कोठारी

माननीय कृषि मंत्री जी!

भारत कृषि प्रधान देश है। आज तक तो है, कल का पता नहीं। हम भूगोल-महाभूत और ऋतुओं के आधार पर खेती करते रहे हैं। आज हमारे नीति निर्माता अधिकारी कमरों में बंद होकर जिस अंग्रेजी में योजना बनाते हैं उसे हमारा कृषक समझता ही नहीं। कृषक की खेती से अधिकारियों का कोई लेना-देना ही नहीं है। वे तो विदेशी तकनीक और आंकड़ों को समझते हैं। जैसे हमारे यहां डॉक्टर की भाषा मरीज नहीं समझता, वकील की भाषा प्रार्थी नहीं समझता, वैसे ही लोकतंत्र के नाम पर जगह-जगह कानूनों का डण्डा दिखाकर आम आदमी को लूटा जाता है। अभी तक तो जनप्रतिनिधि भी उसके लिए कार्य नहीं करते। तब किसानों की आत्महत्याओं की चर्चा कौन तो करेगा और कौन सुनेगा?

हमारा किसान गरीब है किन्तु ईमानदार कर्मयोगी है। उसके सिर पर भारतीय कृषि और पशुपालन से अनभिज्ञ कृषि-शिक्षक कहे जाने वाले अधिकारी खड़े हो गए हैं। जब आय के आगे जीवन छोटा पड़ जाएगा-उपभोक्ता की मृत्यु जहां चिन्ता का विषय ही नहीं है, तब विकास का नंगा नाच कृषि क्षेत्र में फूटेगा-फूट रहा है-फूटता रहेगा। कृषि क्षेत्र में विज्ञान ने जमीन बंजर कर दी, फसल विषैली कर दी, कृषक को भी मौत के मुंह में धकेल दिया और आम आदमी को कीटनाशक-उर्वरक का उपहार ही दिया है। अन्न और दूध दोनों ही विषधर हो गए। माननीय शिवराज सिंह चौहान जी, इस देश को ऐसे विज्ञान और वैज्ञानिकों से मुक्त कराएं, जो न जीवन को समझ पा रहे हैं, न ही अन्न को।

किसान मजदूर नहीं हैं। अन्न, निर्जीव नहीं है। न औद्योगिक उत्पाद ही है। वैज्ञानिक आधिदैविक संरचना को जानता ही नहीं है। उसको इस दृष्टि से शिक्षित करना पड़ेगा। ईश्वर अन्न के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है, शुक्र में प्रवेश करता है, नए प्राणी का बीज बनकर मां के पेट में पहुंचता है। विज्ञान ने 'उन्नत बीज' कहकर ईश्वर के स्वरूप को विकृत कर दिया। कीटनाशकों/उर्वरकों ने धरती मां के पेट को कैंसर उत्पादक बना दिया। वैसे ही, जैसे गर्भनिरोधक गोलियों ने स्त्री के गर्भाशय को रूपान्तरित कर दिया। जब बीज और मातृदेह दोनों विकृत हो जाएंगे तो संतान कैसी होगी? केवल भारत में अन्न को ब्रह्म कहा जाता है। विज्ञान का अपना भ्रम है जो हितकारी नहीं हो सकता।

कृषि वैज्ञानिक नहीं जानता कि किसान धरती की, हल की, इन्द्र देवता की पूजा करता है-बुवाई से पहले। क्यों? वर्षा के माध्यम से ही जीवात्मा धरती पर आता है। वर्षा का देवता इन्द्र है। धरती माता है। मानव दंपति भी प्रजनन यज्ञ से पूर्व देवार्चना करता है ताकि मौत के सौदागरों की आत्मा इस धरती पर अवतरित न हों। दूसरी ओर, ये वैज्ञानिक मानवता को प्रलय की ओर ही धकेल रहे हैं।

वरना किस बात का शोध@पेज 10

gulabkothari@epatrika.com

**भविष्य से खिलवाड़ :** नीट-यूजी में गड़बड़ी की सीबीआइ जांच से खुलासा

# मातृभाषा गुजराती भरकर परीक्षा में बैठे बाहरी राज्यों के 'सॉल्वर'

- पटना में मुख्य आरोपी रॉकी गिरफ्तार, 10 दिन की हिरासत
- सीबीआइ कर रही है बड़ी अंतरराज्यीय साजिश की जांच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** मेडिकल कॉलेजों के लिए आयोजित नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच सीबीआइ ने अहमदाबाद में विशेष अदालत को बताया कि गोधरा के केंद्र पर परीक्षा देने वालों में ओडिशा, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के कई अभ्यर्थी (सॉल्वर) थे, जिन्हें आरोपियों ने फॉर्म में मातृभाषा गुजराती भरने के लिए कहा था। ऐसा परीक्षा में शामिल कुछ गुजराती अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं को भरने के लिए किया गया। सीबीआइ की जांच में दो परीक्षा केंद्रों पर गड़बड़ी सामने आई है। इन सॉल्वरों को कथित तौर पर अपना स्थायी पता पंचमहाल या वडोदरा बताने को कहा गया था।

उधर, पटना में सीबीआइ ने गुरुवार को मुख्य साजिशकर्ता नालंदा के राकेश रंजन उर्फ रॉकी को गिरफ्तार कर विशेष अदालत में पेश किया। शेष@पेज 10

### शिक्षा मंत्री से मिले छात्र, नीट-यूजी पर की चर्चा



**नई दिल्ली.** नीट-यूजी परीक्षा को लेकर गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से चर्चा करते विद्यार्थी।

### सुनवाई 18 जुलाई के लिए टाली

**सुप्रीम कोर्ट** ने गुरुवार को नीट-यूजी 2024 को रद्द कर दोबारा कराने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक के लिए टाल दी। पांच मई को हुई परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की आशंकाओं को देखते हुए इसे रद्द करने की मांग की जा रही है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर करते हुए कहा कि पीठ के अलावा याचिकाकर्ताओं ने भी अभी तक केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था एनटीए के हलफनामे पर गौर नहीं किया है। इसलिए मामले की सुनवाई 18 जुलाई के लिए स्थगित किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और एनटीए को 10 जुलाई तक जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि नीट यूजी 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होगी। काउंसलिंग चार राउंड में होगी।

### चार स्थानों पर तलाशी

**सीबीआइ** पटना से गिरफ्तार रॉकी से संबंधित बिहार और पश्चिम बंगाल के चार स्थानों की तलाश ले रही है। रॉकी पेपर लीक का मास्टर माइंड समझे जा रहे संजीव मुखिया का रिश्तेदार है। पटना के शास्त्रीनगर थाने में प्रश्न-पत्र लीक होने के आरोप में एफआइआर दर्ज कराई गई थी। बाद में मामला आर्थिक अपराध इकाई को सौंप दिया गया था। अब इसकी जांच सीबीआइ कर रही है। इस मामले में अब तक गिरफ्तार और न्यायिक हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या 27 हो गई है।

### टेलीग्राम पर पेपर लीक का दावा झूठा

**एनटीए** ने अपने हलफनामे में कहा कि अब तक 16 एफआइआर दर्ज की गई हैं, जिनमें से 14 उसकी शिकायत पर हैं। पटना व गोधरा पुलिस ने सूचना के आधार पर अलग अलग मुकदमा दर्ज किया है। एनटीए ने मई में प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने से संबंधित टेलीग्राम वीडियो के संबंध में कहा कि वीडियो से छेड़छाड़ करते हुए झूठी धारणा बनाने के लिए ऐसा किया गया।

**चैंपियंस ट्रॉफी 2025**

पड़ोसी पर फिर बाउंसर...

# पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम, दुबई या श्रीलंका में कराएं मैच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) से भारत के मैच श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने को कहा जाएगा। फिलहाल इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन एक समाचार एजेंसी ने बीसीसीआइ के सूत्र के हवाले से बताया कि भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं है।

अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। उसने टीम इंडिया के मैच लाहौर में कराने का ड्राफ्ट शेड्यूल आइसीसी को सौंपा है। शेष@पेज 10

### प्रस्तावित फिक्सचर लिस्ट आइसीसी को

**रिपोर्ट** के मुताबिक चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शेड्यूल अभी नहीं आया है, लेकिन पीसीबी ने आइसीसी को तारीखों और स्थानों के साथ प्रस्तावित फिक्सचर लिस्ट भेजी है। आठ टीमों वाले टूर्नामेंट के मैच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेले जाएंगे। आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में बांटा जाएगा। दोनों समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। मेजबान पाकिस्तान ग्रुप-ए में भारत, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ है। ग्रुप बी में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान शामिल हैं।

### 2008 के बाद पाक नहीं गई टीम इंडिया

- दोनों देशों में तनावपूर्ण संबंधों के कारण भारत ने 2008 के एशिया कप के बाद पाकिस्तान में कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। दोनों देश सिर्फ आइसीसी टूर्नामेंट व एशिया कप में ही भिड़े हैं।
- पिछले साल एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। तब भी भारत के मैच श्रीलंका में हुए थे।



- पाकिस्तान ने पिछले साल भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप में अपने लिए हाइब्रिड तरीके की संभावना के संकेत दिए थे, लेकिन उसकी टीम भारत आई थी।
- बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मई में कहा था कि टीम को पाकिस्तान तभी भेजा जाएगा, जब केंद्र सरकार इजाजत देगी।

## न्यूज विंडो

### केजरीवाल पर आज होगा फैसला

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाएगा। केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। कोर्ट ने 17 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### ईपीएफ पर 8.25% की दर से ब्याज

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** केंद्र सरकार ने बजट से पहले करीब सात करोड़ ईपीएफओ सदस्यों को खुशखबर दी है। वित्त मंत्रालय ने कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज में बढ़ोतरी को मंजूर करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 8.25% की दर से ब्याज देने का ऐलान किया।

## झरोखा

— मेले-पदयात्रा से लेकर पर्व-स्नानों —

हर साल जमा होती है लाखों की भीड़, प्रबंधन राम भरोसे




**बड़ा फैसला :** फिजिकल टेस्ट से भी मिलेगी छूट

# पूर्व अग्निवीरों को केंद्रीय बलों की भर्ती में 10% आरक्षण लागू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अग्निपथ योजना के तहत भर्ती अग्निवीरों को सेना में चार साल की सेवा के बाद केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में कांस्टेबल पद पर भर्ती में 10% आरक्षण लागू करने की घोषणा की है। पूर्व अग्निवीरों को आयु सीमा में छूट मिलेगी वहीं उन्हें फिजिकल टेस्ट भी नहीं देना होगा। केंद्र सरकार ने 2022 में ही यह आरक्षण देने की सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। अब होने वाली अर्धसैनिक बलों की भर्ती में इसे लागू किया जाएगा। अग्निपथ योजना के तहतसेना में अग्निवीरों की अस्थायी नौकरी को इससे युवाओं में नाराजगी देश में लोकसभा चुनाव में चुनावी मुद्दा बना था।

पूर्व अग्निवीरों को सभी अर्धसैनिक बलों में 10% आरक्षण का फैसला लागू करने पर पिछले कुछ महीनों से काम चल रहा था जिसे अब अमली जामा पहनाया जा रहा है। अर्धसैनिक बलों में बीएसएफ, सीआरपीएफ, आइटीबीपी, सशस्त्र सीमा बल और असम राइफल शामिल हैं। बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने कहा पूर्व सैनिक हमारे साथ काम करेंगे इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। सीआइएसएफ की डीजी नीनासिंह ने कहा कि इससे सक्षम और प्रशिक्षित सुरक्षा कार्मिक मिलेगें। उन्होंने बताया कि पूर्व अग्निवीरों को आयु सीमा में पहले साल पांच साल की तथा बाद में तीन साल की छूट मिलेगी।

### चुनाव पर नाराजगी पड़ी थी भारी

**उत्तर प्रदेश,** हरियाणा व राजस्थान में भाजपा की कम सीटें आने का एक बड़ा कारण युवाओं में अग्निवीर योजना को लेकर नाराजगी एक बड़ा कारण माना गया। राजस्थान की पांच लोकसभा सीटों झुंझुनूं, चूरू, सीकर, नागौर और बाड़मेर पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा जहां से बड़ी संख्या में युवक सेना में भर्ती होते हैं।

**असम सरकार का ऐलान :** सरकारी कर्मचारियों को नवंबर में मिलेगा लाभ

# माता-पिता के साथ समय बिताने को छुट्टियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गुवाहाटी.** असम सरकार ने अपने कर्मचारियों को माता-पिता और ससुराल वालों के साथ समय बिताने के लिए छह और आठ नवंबर को दो दिन की विशेष छुट्टी देने का ऐलान किया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार जिन कर्मचारियों के माता-पिता या सास-ससुर नहीं हैं, वे इस छुट्टी के पात्र नहीं होंगे। यह भी कहा गया कि इस विशेष छुट्टी का इस्तेमाल कर्मचारी निजी कार्यों के लिए नहीं कर सकते। छुट्टियों का इस्तेमाल माता-पिता या ससुराल वालों की देखभाल, उनका सम्मान और उनके साथ समय बिताने के लिए किया जाना चाहिए।

### पांच दिन का आनंद

**इन** छुट्टियों के साथ कर्मचारी सात नवंबर को छठ पूजा की छुट्टी का आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा नौ तारीख को शनिवार और 10 तारीख को रविवार है। इस तरह कर्मचारियों को पांच दिन के अवकाश का लाभ मिलेगा।

**सीए परीक्षा परिणाम**

### फाइनल में शिवम मिश्रा और इंटर में कुशाग्र रॉय टॉपर

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) ने सीए इंटर और फाइनल परीक्षा 2024 के नतीजे घोषित कर दिए। सीए फाइनल में दिल्ली के शिवम मिश्रा ने 83.33% अंकों के साथ टॉप किया, भिवाड़ी के कुशाग्र रॉय 89.67% अंकों के साथ सीए इंटर के टॉपर रहे। फाइनल परीक्षा में वर्षा अरोड़ा को दूसरी, किरण राजेंद्र सिंह व गिलमन सलीम अंसारी को तीसरी रैंक मिली। शेष@पेज 10

**पाकिस्तान :** विमान में आग, 10 जख्मी



**पेशावर.** सऊदी एयरलाइंस की फ्लाइट में लैंडिंग गियर की तकनीकी खराबी के चलते पाकिस्तान के पेशावर एयरपोर्ट पर गुरुवार को आग लग गई। इसमें 10 लोग जख्मी हो गए। हादसा लैंडिंग के दौरान हुआ। यात्रियों और केबिन क्रू के सभी सदस्यों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला गया। फ्लाइट रियाद से पेशावर आई थी। फ्लाइट में 276 यात्री और 21 क्रू मेंबर थे।

**धांधली :** फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी पाने का आरोप

# नई आइएएस खेडकर के नखरे निराले, समिति करेगी जांच

### 17 करोड़ की मालकिन है, 42 लाख की है सालाना कमाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र में 2023 बैच की ट्रेनी आइएएस अधिकारी पूजा खेडकर के नखरों और तुनकमिजाजी के रोज नए-नए चर्चे सामने आ रहे हैं। इससे परेशान अधिकारियों की शिकायत के बाद केंद्र सरकार ने खेडकर के द्वारा दिए गए दिव्यांगता और ओबीसी-नॉन क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र की जांच के लिए एक समिति गठित की है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के अतिरिक्त सचिव इस मामले की जांच करेंगे। समिति दो हफ्ते में रिपोर्ट देगी।

खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने ओबीसी- नॉन क्रीमीलेयर व दिव्यांगता श्रेणी के तहत परीक्षा दी थी, जबकि वह दोनों ही श्रेणी के लिए पात्रता के मापदंडों को पूरा नहीं करती हैं। यूपीएससी ने भी पूजा के चयन को केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण यानी कैट में चुनौती दी थी। शेष@पेज 10



पूजा खेडकर

### सीनियर के कमरे पर किया कब्जा

**खेडकर** पर आरोप है कि उन्होंने पुणे में प्रशिक्षण के दौरान अपने सीनियर एडिशनल कलेक्टर अजय मोरे की गैरमौजूदगी में उनके कमरे पर भी कब्जा कर लिया था। कमरे के बाहर अपने नाम का बोर्ड लगा दिया और सभी सामान हटा दिया था। उन्होंने रेवेन्यू असिस्टेंट से लैटरहेड, विजिटिंग कार्ड, पेपरवेट, नेम प्लेट, सील और इंटरकॉम की भी मांग की थी।

## ट्रेंडिंग न्यूज

**लद्दाख**

### चीन सीमा पर पकड़ा 108 किलो सोना

**लेह@पत्रिका.** आइटीबीपी ने लद्दाख में भारत-चीन सीमा के पास 108 किलो सोने के साथ तेंजिंग तार्गे और शेरिंग चांबा नाम के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। दोनों सोने की खेप की तस्करी की कोशिश कर रहे थे। आइटीबीपी के इतिहास में यह सोने की सबसे बड़ी जब्ती है।



**सुप्रीम कोर्ट**

### सीबीआइ दफ्तर में मिले शीना के सैंपल

**मुंबई@ पत्रिका.** शीना बोरा की हड्डियों व अवशेष के सैंपल सीबीआइ के दिल्ली कार्यालय में मिल गए हैं। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को यह जानकारी दी। अभियोजन पक्ष ने 10 जून को सैंपल नहीं मिलने की बात कही थी। आरोप है कि 2012 में शीना की मां इंद्राणी मुखर्जी ने हत्या कर दी थी।

**हरियाणा**

### मिलकर चुनाव लड़ेंगी बसपा-इनेलो

**चंडीगढ़@पत्रिका.** हरियाणा में बसपा और इनेलो मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि दोनों पार्टियों में सीट शेयरिंग पर सहमति बन गई है। इनेलो महासचिव अभय सिंह चौटाला गठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार होंगे। विस्तृत @पेज 05

**हौसला आसमान तक** | बेंगलूरु का स्टार्टअप 'अंतरिक्ष हैब' की तैयारी में, प्रोटोटाइप तैयार

# बादलों के बीच होगा अनूठा आशियाना, फुलाया जा सकेगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** बेंगलूरु की स्टार्टअप कंपनी अंतरिक्ष के लिए ऐसे 'घर' बना रही है, जिनका आकार जरूरत के हिसाब से बढ़ाया जा सकेगा। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की तरह के इन अंतरिक्ष आवास (स्पेस हैबिटेट) को 'अंतरिक्ष हैब' नाम दिया गया है। ये एस्ट्रोनॉट्स के रहने के लिए अगली पीढ़ी के क्वार्टर्स होंगे। अंतरिक्ष टूरिस्ट्स भी इनका इस्तेमाल कर सकेंगे।

सरकार से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप 'आकाशलब्धि' ने 'अंतरिक्ष हैब' का प्रोटोटाइप तैयार किया है। इसके फाइनल वर्जन में 6 से 16 लोगों के रहने का इंतजाम होगा। यह अंतरिक्ष यात्रियों को मलबे और रेडिएशन से सुरक्षा देगा। इसरो की फैसिलिटीज में विंड टनल, रेडिएशन, आकार आदि के कई टेस्ट किए जा चुके हैं। बर्स्ट प्रेशर और माइक्रोग्रैविटी से जुड़े टेस्ट के लिए कंपनी अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला के संपर्क में है।

एस्ट्रोनॉट्स और अंतरिक्ष टूरिस्ट्स के लिए अगली पीढ़ी के क्वार्टर्स



### बनाने के लिए सात परतों का इस्तेमाल

**'आकाशलब्धि'** के सीईओ सिद्धार्थ जेना के मुताबिक पृथ्वी से ऊपर 1,100 किमी की कक्षा में पहुंचने के बाद 'अंतरिक्ष हैब' को पूरी तरह फुलाने में सात दिन लगेंगे। इसे बनाने के लिए सात परतों का इस्तेमाल किया गया। इसका अहम पहलू क्लोज्ड-लूप लाइफ सपोर्ट सिस्टम होगा। हवा, पानी व कचरे को रीसाइकिल करने वाले इस उन्नत सिस्टम से अंतरिक्ष यत्रियों के लिए आत्मनिर्भर वातावरण बनेगा।

### आकार 80 से 330 घन मीटर तक

**जरूरत** के हिसाब से 'अंतरिक्ष हैब' का आकार 80 से 330 घन मीटर तक हो सकता है। 'आकाशलब्धि' के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर मंजेश मोहन का कहना है कि सब कुछ प्लान के मुताबिक होता है तो कंपनी 2027 तक अपना पहला 'अंतरिक्ष हैब' लॉन्च कर सकती है। इसके लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ स्लॉट पर बातचीत चल रही है।

**उम्मीदें कायम :** आइएसएस में फंसे दोनों एस्ट्रोनॉट्स की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस

# सुनीता विलियम्स बोलीं- हमें कोई दिक्कत नहीं, अंतरिक्ष यान से सही-सलामत पृथ्वी पर लौटेंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** एक माह से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइआइएस) पर फंसी भारतवंशी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने भरोसा जताया है कि अंतरिक्ष यान से वह सही-सलामत पृथ्वी पर लौटेंगी। आइआइएस से पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, हमें कोई समस्या नहीं है। दिल में यही भावना है कि घर वापसी होगी। सुनीता के साथ गए एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर ने भी वीडियो कॉल के जरिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की। शेष@पेज 10



प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुनीता विलियम्स।

### बनते देखा तूफान

**सुनीता** ने आइएसएस पर अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने पृथ्वी पर एक मौसमी सिस्टम को शक्तिशाली तूफान में बदलते देखा। उन्होंने तूफान की तस्वीरें लीं व वीडियो भी बनाया। सुनीता ने कहा, मैं प्रार्थना कर रही थी कि तूफान से पृथ्वी पर तबाही न हो।

**मिशन बढ़ाए जाने पर कोई शिकायत नहीं :** सुनीता और विल्मोर ने मिशन को बढ़ाए जाने पर कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने कहा कि उन्हें आइएसएस पर मौजूद क्रू की मदद करने में मजा आ रहा है। दोनों ने स्टारलाइनर की क्षमताओं का परीक्षण भी किया।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ■ अलवर ■ अहमदाबाद ■ इंदौर ■ उज्जैन ■ उदयपुर ■ कोटा ■ कोलकाता ■ खंडवा ■ ग्वालियर ■ चेन्नई ■ छिंदवाड़ा ■ जगदलपुर ■ जबलपुर ■ जयपुर ■ जोधपुर ■ झुंझुनूं ■ दिल्ली ■ नागौर ■ नर्मदापुरम ■ पाली ■ बाड़मेर ■ बांसवाड़ा ■ बिलासपुर ■ बीकानेर ■ बेंगलूरु ■ भरतपुर ■ भिलाई ■ भीलवाड़ा ■ भोपाल ■ रतलाम ■ रायपुर ■ सतना ■ सागर ■ सीकर ■ सूरत ■ शहडोल ■ श्रीगंगानगर

## न्यूज विंडो

### राजनाथ सिंह को पीठ दर्द की शिकायत, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली@पत्रिका.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुरुवार को पीठ दर्द की शिकायत के कारण दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। एम्स मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि उनकी हालत स्थिर हैं। उन्हें निगरानी में रखा गया हैं। न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा हैं। उन्होंने बताया कि उनकी जांच की जा रही हैं। कुछ जरूरी जांच हो चुकी है तो कुछ शुक्रवार को होंगी। राजनाथ सिंह को एक निजी वार्ड में रखा गया है।

### दो बच्चों का कानून बनाकर लागू करें : विहिप

**नई दिल्ली@पत्रिका.** विश्व हिंदू परिषद ने देश में समान नागरिक सहिता लागू करने की जरूरत पर जोर देते हुए सरकार से दो बच्चों का कानून बनाकर इसे सभी पर समान रूप से लागू करने की मांग की हैं। विहिप के केंद्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि विहिप का स्टैंड साफ हैं। भारत में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए। इसी के साथ समान जनसंख्या नीति होनी चाहिए। देश में न केवल जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है बल्कि असंतुलित जनसंख्या बढने से कई राज्यों की डेमोग्राफी भी बदल रही है।

एपल की चेतावनी : फोन किया जा सकता है हैक

### आइफोन वालों को पेगेसस जैसे स्पाईवेयर के हमले का खतरा

**नई दिल्ली@पत्रिका.** आप आइफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपकी जासूसी की जा सकती है। एपल ने आइफोन पर पेगेसस जैसे स्पाईवेयर के हमले की आशंका जताते हुए यूजर्स को चेतावनी जारी की है। एपल की ओर से जारी नोटिफिकेशन में इसे मर्सनरी स्पाईवेयर अटैक का नाम दिया गया। यह चेतावनी भारत सहित 98 देशों के यूजर्स को जारी की गई है। मर्सनरी स्पाईवेयर इजरायल के एनएसओ ग्रुप के पेगेसस की तरह हैं। इसका उद्देश्य डिवाइस पर नियंत्रण हासिल करना होता है। मर्सनरी स्पाईवेयर हमलावर खास लोगों को ही निशाना बनाते हैं। इनका पता लगाना और रोकना बहुत मुश्किल है। एपल इससे पहले भी कई बार स्पाईवेयर अटैक को लेकर चेतावनी जारी कर चुका है। उसने यूजर्स को इस साल दूसरा अलर्ट भेजा है। इससे पहले 11 अप्रेल, 2024 को कंपनी ने भारत सहित 92 देशों के यूजर्स को इसी तरह का अलर्ट भेजा था।

### सुप्रीम कोर्ट मल्टी फैसिलिटेशन सेंटर का उद्घाटन

**नई दिल्ली@पत्रिका.** नवनिर्मित 'मल्टी-फैसिलिटेशन सेंटर' का उद्घाटन करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़। सेंटर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य परिसर में सी-आईएन गेट के पास यूको बैंक के सामने है।

कॉलेजियम की दो जजों की नियुक्ति की सिफारिश

### जस्टिस कोटिश्वर मणिपुर से पहले सुप्रीम कोर्ट जज

**नई दिल्ली@पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एन.कोटिश्वर सिंह तथा मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस आर.महादेवन सुप्रीम कोर्ट के जज होंगे। देश के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दोनों जजों की सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की है। जस्टिस कोटिश्वरसिंह मूलतः मणिपुर हाईकोर्ट में जज नियुक्त हुए थे। वे सुप्रीम कोर्ट जज बनने वाले मणिपुर के पहले जज होंगे। जस्टिस महादेवन मूलतः मद्रास हाईकोर्ट के ही जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस सहित जजों के 34 पद स्वीकृत हैं। गत अप्रेल में जस्टिस अनिरुद्ध बोस और मई में जस्टिस एएस बोपन्ना के रिटायर होने के बाद से दो पद खाली हैं।

---

लोकसभा अध्यक्ष ने ब्रिक्स संसदीय मंच के पूर्ण सत्र को संबोधित किया

# अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने से साझेदारी होगी मजबूत : बिरला

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



सम्मेलन में उपस्थित लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापित हरिवंश।

**सेंट पीटर्सबर्ग/नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत परस्पर सहयोग और एकजुटता बढ़ाने, वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षीय संगठनों में सुधार करने, आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने और सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए ब्रिक्स संसदों के बीच सहयोग का पक्षधर है। बिरला ने भावी चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने से ब्रिक्स देशों के बीच साझेदारी और अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक होगी। उन्होंने ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। बिरला ने यह बातें रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करते हुए कहीं। गुरुवार को पहले पूर्ण सत्र को संबोधित किया। इस सत्र का विषय था 'ब्रिक्स संसदीय आयामः अंतर-संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाएं था। ब्रिक्स संसदीय मंच में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए सदस्य बने, जिनका बिरला ने स्वागत किया।

### 65 करोड़ मतदाताओं ने की वोटिंग

बिरला ने कहा कि कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में लगभग 65 करोड़ मतदाताओं ने वोटिंग की, जिसके बाद नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधान मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि देश के निर्वाचित सदन लोक सभा ने उन्हें लगातार दूसरी बार स्पीकर पद पर निर्वाचित किया।

#### हमारा सिद्धांत वसुधैव कुटुम्बकम

**ब्रिक्स** के सदस्य देशों और अन्य बहुपक्षीय मंचों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात समस्त संसार एक परिवार के सिद्धान्त पर चलता है। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि सांसद प्रगति और सतत विकास के एजेंडा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और जलवायु परिवर्तन, सामाजिक-आर्थिक विकास और गरीबी को दूर करने जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में संसदों के आपसी सहयोग के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने अपने रूसी समकक्ष और रूसी संघ की संसद द्वारा किए गए आतिथ्य-सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया।

### राहुल और उद्धव के खिलाफ याचिका

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, संजय राउत व यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ विचाराधीन मामले में हस्तक्षेप के लिए अवमानना कार्यवाही की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका में कहा कि इन नेताओं ने ईवीएम हैकिंग के बारे में एक अखबार में छपी झूठी खबर एक्स पर पोस्ट की।

---

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले, दिल्ली को लूट रहा आप और कांग्रेस का ठगबंधन

# दिल्ली के बवाना में बाढ़ पर केजरीवाल सरकार को घेरा

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दिल्ली के बवाना में मुनक नहर बैराज टूटने से आई बाढ़ पर केजरीवाल सरकार पर साधा निशाना**

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



मुनक नहर टूटने से बवाना क्षेत्र में घुटनों तक पानी भर गया।



**नई दिल्ली.** केंद्रीय रेल, आईटी और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली के बवाना इलाके में मुनक नहर बैराज में दरार से आई बाढ़ की स्थिति पर केजरीवाल सरकार को घेरा है। वैष्णव ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह ठगबंधन दिल्ली को लूटने का काम कर रहा है। वैष्णव ने दिल्ली की जनता से सवाल करते हुए कहा कि वे तय करें कि क्या अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस का यह 'ठगबंधन' राजधानी को एक विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए सक्षम है?

केंद्रीय मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए दिल्ली में जल संकट, भ्रष्टाचार और कूड़े के मुद्दे पर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आप सरकार दिल्ली में पानी की व्यवस्था तक नहीं कर पाई है और उसका पूरा ध्यान शराब नीति पर रहा। केजरीवाल की बेईमानी और गैरजिम्मेदारी के कारण दिल्ली में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसका खामियाजा हर नागरिक भुगत रहा है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने सफाई, पेयजल उपलब्धता और नालियों को बंद करने के झूठे वादे किए, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं किया। दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राजधानी में प्रशासनिक विफलताओं और अव्यवस्था का मुख्य कारण आप की लापरवाही और भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की नीतियों ने दिल्ली की स्थिति को बदतर बना दिया है और इसका परिणाम आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में आपसी सहयोग पर यहां एक संगोष्ठी में चर्चा हुई। यह आयोजन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की ओर से हुआ। फिक्की कन्वेंशन हॉल में हुई भारत-जापान चिकित्सा उत्पाद विनियामक नामक संगोष्ठी का उद्देश्य भारत और जापान के बीच चिकित्सा उत्पाद विनियमन में सहयोग को बढ़ावा देना रहा। संगोष्ठी में भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और जापान के स्वास्थ्य, विधि एवं कल्याण मंत्रालय के लगभग 200 प्रतिनिधि शामिल हुए।

संगोष्ठी में भारतीय और जापानी दवा नियामक प्राधिकरणों ने प्रजेंटेशन दिया। मेडिकल डिवाइसेज और रीजनरेटिव मेडिसिन में उभरते विषयों पर गहन चर्चा हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव वधावन, डीसीजीआई, सीडीएससीओ डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी, पीएमडीए के कार्यकारी निदेशक यदा शिंजी, एमएचएलडब्ल्यू के उप निदेशक डॉ. हिरोता मित्स और जेडीसीआई, सीडीएससीओ डॉ. रंगा चंद्रशेखर सहित प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया।



**दिल्ली** के नेशनल म्यूजियम में गुरुवार को 'द थाईलैंड-इंडिया इंटरवॉवन लिगेसी : स्ट्रीम ऑफ फेथ इन बुद्धिज्म' के तहत फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का थाईलैंड के विदेश मंत्री मारिस संगिएमपोंग्सा के साथ सकारात्मक विमर्श भी हुआ। शेखावत ने कहा कि गौतम बुद्ध का जीवन जैसे भारत की आत्मा का साकार रूप था। गौरतलब है कि एचएम द किंग की 72वीं जन्म जयंती पर यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है।

उत्तराखण्ड के राज्यपाल गुरमीत सिंह की केन्द्रीय मंत्री शिवराज चौहान से भेंट

### 'जहां सिंचाई के साधन नहीं वहां मिलेट्स की खेती लाभप्रद'



पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंटकर राज्य के कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि राज्य में मौन पालन के क्षेत्र में काफी संभावना है। मौन पालन के क्षेत्र में क्रांति लाई जा सकती हैं। वर्तमान में 4 हजार टन तक शहद का उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार से सहयोग की उम्मीद जताई। राज्यपाल ने कृषि मंत्री से कहा की पर्वतीय अंचलों में जहां सिंचाई के साधन नहीं हैख, ऐसे स्थानों में मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती किया जाना लाभप्रद होता है। केन्द्र सरकार की ओर से ऐसे क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता देनी चाहिए।

मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाता है तो महिलाओं को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। इसी प्रकार से बिहार के कृषि मंत्री ने भी केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान से मुलाकातकर विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की।

---

बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'पिच ब्लैक' में शामिल होने पहुंचा वायुसेना का दल

### ऑस्ट्रेलिया के आसमां में जलवा दिखाएगा सुखोई-30

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय वायुसेना की अग्रिम पंक्ति का लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई आस्ट्रेलिया के आसमां में जलवे दिखाएगा। रॉयल आस्ट्रेलियन एयरफोर्स की मेजबानी में शुक्रवार से शुरू होने वाले बहुराष्ट्रीय संयुक्ताभ्यास 'पिच ब्लैक-2024' के दौरान सुखोई-30 मेगा एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज डाउन अंडर का हिस्सा होगा।

भारतीय लड़ाकू विमान सुखोई अभ्यास के दौरान एफ-35, एफ-22, एफ-18, एफ-15, ग्रिपेन और टायफून जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का मुकाबला करेगा। भारतीय दल में वायुसेना के 150 पायलट, इंजीनियर, टैक्नीशियन, कंट्रोलर व अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं।

अभ्यास के दौरान वायुसेना का माल वाहक विमान सी-17 ग्लोब मास्टर और उड़ते लड़ाकू विमानों में ईंधन भरने वाला मिड एयर रिफ्यूलर विमान आईएल-79 भी अपनी सामरिक ताकत दिखाएंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय वायुसेना ने साल 2018 व 2022 में भी इस संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लिया था।

#### दो अगस्त तक चलेगा अभ्यास

**अभ्यास** में शामिल होने भारतीय वायुसेना का दस्ता गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के डार्विन एयरबेस पहुंचा। यहां संयुक्त अभ्यास 'पिच ब्लैक' आगामी दो अगस्त तक चलेगा। पिछले 43 साल में यह सबसे बड़ा संयुक्त अभ्यास है। इसमें भारत समेत 20 देशों के 140 लड़ाकू विमान और 4400 सैन्य कर्मी भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से लार्ज फोर्स एम्पलॉयमेंट पर केंद्रित रहेगा।

### सरकारी अफसरों पर लोकायुक्त के छापे

**बेंगलूरु@ पत्रिका.** कर्नाटक में लोकायुक्त ने गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में 11 सरकारी अधिकारियों और इंजीनियरों के ठिकानों पर छापेमारी की। ये अफसर बेंगलूरु महानगर पालिका, ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता और लघु सिंचाई विभाग के हैं। लोकायुक्त के 100 अधिकारियों की टीम ने नौ जिलों में 56 ठिकानों पर पुलिस अधीक्षकों की निगरानी में यह कार्रवाई की।

महाराष्ट्र : शिवसेना यूबीटी के जुड़ने से कांग्रेस छोड़ेगी सीटें

### अब विस चुनाव में भी कांग्रेस देगी 'कुर्बानी'

शादाब अहमद
patrika.com

**नई दिल्ली.** गठबंधन के जरिये अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तरह कुछ राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव में भी 'कुर्बानी' देगी। कुर्बानी इस रूप में कि वह गठबंधन के लिए अपनी कुछ वह सीटें छोड़ेंगी जहां वह पहले चुनाव लड़ती रही है।

कांग्रेस ने महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड के विधानसभा चुनावों को लेकर जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी है। 'इंडिया' ब्लॉक में शामिल कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और एनसीपी-एसपी का महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के नाम से गठबंधन है। एमवीए के बीच सीट बंटवारे को लेकर औपचारिक चर्चा शुरू हो चुकी हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में एमवीए का प्रदर्शन अच्छा रहा हैं। इसको विधानसभा चुनाव में दोहराने के लिए गठबंधन में सीट बंटवारे का फॉर्मूला बनाया जा रहा हैं।

सूत्रों के अनुसार झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ इसी तरह का फॉर्मूला अपनाया जा सकता है। जबकि हरियाणा में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी से गठबंधन मुश्किल दिख रहा हैं।

#### करीब 20 सीटें छोड़नी होंगी

**महाराष्ट्र** विधानसभा की कुल 288 सीटों में से पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 147 और एनसीपी ने 141 सीटों पर गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ा था। उस समय शिवसेना का भाजपा से गठबंधन था और शिवसेना ने 126 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जानकार सूत्रों के अनुसार अब शिवसेना के एमवीए में शामिल होने से उसे 80-85 सीटें दी जा सकती हैं और कांग्रेस को करीब 20 सीटों की कुर्बानी देनी पड़ सकती है। कांग्रेस करीब 120 सीटों पर तथा एनसीपी (एसपी) करीब 75-80 सीटों पर उतर सकती है।

### परिवार नियोजन चुनने का हक मिले

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा हैं कि परिवार नियोजन में महिलाओं को विकल्प चुनने का अधिकार मिलना चाहिए। गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित ऑनलाइन सम्मेलन में नड्डा ने कहा कि गर्भनिरोधकों की जरूरतें विशेष रूप से अधिक जनसंख्या वाले वाले राज्यों, जिलों और ब्लॉकों में पूरी करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

बिम्सटेक बैठक

### नेबरहुड फर्स्ट : हम अपने बीच ही खोजें ज्यादा समाधान

**नई दिल्ली.** बिम्सटेक सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों के कारण यह भी ज़रूरी हो गया है कि हम अपने बीच ही ज्यादा समाधान खोजें। नई दिल्ली में गुरुवार से शुरू हुए बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन (बिम्सटेक) में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि क्षमता निर्माण और आर्थिक सहयोग जैसे दीर्घकालिक लक्ष्य हैं, जिन्हें नई अहमियत मिली है। उन्होंने कहा, हमारा संदेश स्पष्ट होना चाहिए कि हम सभी बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग में नई ऊर्जा, नए संसाधन और नई प्रतिबद्धता लाने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। उन्होंने नेबरहुड फर्स्ट, एक्ट ईस्ट पॉलिसी और सागर विजन जैसे देश के व्यापक वैश्विक राजनीतिक संदर्भ में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने शराब घोटाले में ईडी की चार्जशीट को लेकर बोला हमला

### 'जेल से सरकार चला रहे खुद को कट्टर ईमानदार बताने वाले केजरीवाल'

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** भाजपा ने शराब घोटाले में ईडी की चार्जशीट को लेकर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि खुद को कट्टर ईमानदार बताने वाले अरविंद केजरीवाल जेल से ही दिल्ली सरकार चला रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है, जबकि उन्हें ईडी के चार्जशीट में शराब घोटाले मामले के आरोपी लिस्ट में 37वें नंबर पर रखा गया है। इसका खामियाजा दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है, उन्हें वृद्धा पेंशन, नया राशन कार्ड, केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना एवं पीएम आवास योजना आदि का लाभ नहीं मिल रहा है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने शराब घोटाले में एक नया इतिहास रचा है। दिल्ली की गरीब जनता की सुविधा के लिए आवंटित रुपयों की लूट के लिए एक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया गया है। आम आदमी पार्टी वही राजनीतिक पार्टी है, जो पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ने के लिए आई थी, नैतिकता भरी कागजी बातों के दावों के साथ 'आप' राजनीति में आई थी।

#### जेल जाने के बावजूद इस्तीफा नहीं दिया

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अगर उन पर कोई छोटा सा भी आरोप लगा, तो वे तत्काल इस्तीफा दे देंगे, लेकिन आज जेल जाने के बावजूद भी उन्होनें इस्तीफा नहीं दिया और जेल से ही दिल्ली प्रदेश की सरकार चला रहे हैं।

मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में 2018 से 60 वर्ष की आयु पूरी करने वालों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में किसी भी गरीब व्यक्ति को एक भी नया राशन कार्ड जारी नहीं किया गया हैं। अगर अरविंद केजरीवाल पत्रों के जरिए दिल्ली सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं, तो उनका दिल्ली की जनता के प्रति यह दायित्व है कि वे स्पष्ट करें कि जनता उनके प्रशासन से क्या उम्मीद कर सकती है?

---

बढ़ते कदम | अंडर वाटर यूएवी और आइस डिटेक्शन सेंसर भी बनेंगे

# डीआरडीओ ने निजी क्षेत्र के लिए मंजूर की सात परियोजनाएं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को सशस्त्र बलों, एयरोस्पेस व रक्षा क्षेत्रों की जरूरतें पूरी करने के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों के लिए सात नई परियोजनाएं मंजूर की हैं। इनमें अंडरवाटर मानव रहित विमान और आइस डिटेक्शन सेंसर सहित आदि उपकरणों का निर्माण करवाया जाएगा।

अंडर वाटर प्रक्षेपित मानवरहित विमान के निर्माण की परियोजना पुणे की निजी कम्पनी को दी गई है। इसी तरह पायलटों के सिम्युलेटर प्रशिक्षण के लिए स्वदेशी टूलकिट नोएडा की कम्पनी बनाएगी। बेंगलूरु की कम्पनी विमानों के लिए आइस डिटेक्शन सेंसर बनाएगी।

यह एंटी-आइसिंग मैकेनिज्म को चालू करने के काम आता है। इसके अलावा डिटेक्शन व न्यूट्रेलाइजेशन के लिए लम्बी दूरी का रिमोट चालित वाहन, एक्टिव एंटीना ऐरे सिम्युलेटर के साथ रडार सिग्नल प्रोसेसर का विकास, भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली आधारित समय अधिग्रहण और प्रसार प्रणाली का विकास और बहुउद्देशीय वियरेबल एप्लीकेशन्स के लिए ग्राफीन आधारित स्मार्ट व ई-टेक्सटाइल के विकास की परियोजनाएं भी मंजूर की गई हैं।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्वीकृत परियोजनाएं रक्षा व एयरोस्पेस क्षेत्रों में उद्योगों, विशेष रूप से एमएसएमई व स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के डीआरडीओ के प्रयासों का नतीजा हैं। इनके स्वदेशी विकास से सैन्य औद्योगिक इकोसिस्टम मजबूत होगा।

**पोलमपोल** भायो

बजट बिगाड़े सब्जियाँ, हुया टमाटर लाल।
भाव दिखावै 'फ्रूट' भी, तीखी मिरच कमाल!!

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा में होगा डिप्लोमा, पांच नए कोर्स शुरू

# विद्यार्थी मोबाइल का उपयोग और डेटा सुरक्षा की करेंगे पढ़ाई

### पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी में 40 सीटें की तय

पत्रिका **अतुल आचार्य**
patrika.com



एमजीएसयू

**बीकानेर.** साइबर सुरक्षा की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए बीकानेर के महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय (एमजीएसयू) में इसी सत्र से साइबर सुरक्षा पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू किया है। इसमें मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग और डेटा सुरक्षा को लेकर अध्ययन कराया जाएगा।

विश्वविद्यालय ने पहले सत्र में पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरटी में 40 सीटें तय की है। साथ ही विद्यार्थियों के रुझान के अनुसार आगामी सत्र में सीटें बढ़ाने की बात भी कही है। विश्वविद्यालय ने इसके साथ चार अन्य नए कोर्स भी शुरू किए हैं। कम्प्यूटर विषय में स्नातक डिग्रीधारी विद्यार्थी साइबर सिक्योरिटी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**पांच कोर्स में 140 सीटें:** विवि में इस सत्र में पांच नए कोर्स शुरू किए गए हैं। इनमें सभी कोर्स मिलाकर 140 सीटें उपलब्ध करवाई गई हैं। इसमें एमएससी जूलॉजी में 20, एमएससी बॉटनी में 20, पीजी डिप्लोमा इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में 40, मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स में 20 तथा पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी में 40 सीटें है।

### डिजिटलाइजेशन के दौर में जरूरी कोर्स

**एमजीएसयू** के प्रवेश प्रभारी डॉ. धर्मेश हरवानी ने बताया कि डिजिटलाइजेशन इस सत्र से पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी का कोर्स शुरू किया जा रहा है। इसमें छात्रों को साइबर रक्षा रणनीतियों, हैकिंग और सूचना सुरक्षा प्रबंधन में प्रशिक्षित किया जाएगा। पाठ्यक्रम में नेटवर्क सुरक्षा, डिजिटल फोरेंसिक और साइबर सुरक्षा नीतियों पर केंद्रित है। कॅरियर की संभावनाओं में साइबर सुरक्षा फर्मों, आइटी विभागों और सरकारी एजेंसियों में साइबर सुरक्षा विश्लेषक, नैतिक हैकर और सूचना सुरक्षा अधिकारी के रूप में जॉब के विकल्प मिल सकेंगे। डॉ. हरवानी ने बताया कि स्नातक के बाद विद्यार्थी साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में आगे की विशेषज्ञता और प्रमाणन भी प्राप्त कर सकते हैं।

### युवाओं के लिए उपयोगी रहेगा

विश्वविद्यालय का प्रयास है कि इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा दे सकें। जो भविष्य में उनके लिए रोजगार के अवसर भी खोले। साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम इस सीमावर्ती क्षेत्र के लिए युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगा।

**आचार्य मनोज दीक्षित,** कुलपति, एमजीएसयू, बीकानेर

राजसमंद जिले में हादसा

## कार पर पलटा टैंकर, एक ही परिवार के चार जनों की मौत



मनसुखदेवी



पवन



दीनबंधु



रेणुका

### मां, दो बेटे और पुत्रवधू की मौत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चारभुजा (राजसमंद).** राजसमंद जिले के चारभुजा थाना इलाके में गुरुवार को ट्रेलर और टैंकर की भिड़ंत हो गई। केमिकल से भरा टैंकर पास से गुजर रही कार पर पलट गया। हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के चार लोग दीनबंधु (36) व पुरुषोत्तम उर्फ पवन उपाध्याय (38), रेणुका (36), मनसुख देवी (68) की मौत हो गई।

हादसा राजसमंद-गौमती फोरलेन (उदयपुर-ब्यावर हाईवे) पर मानसिंह का गुढा में हुआ। मृतक केलवाड़ा (राजसमंद) के रहने वाले थे। लेकिन ये परिवार लंबे समय से उदयपुर में रह रहा था। दुर्घटना में मरने वालों में दो भाई, मां और पत्नी शामिल हैं।

राजसमंद एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि हादसा सुबह करीब सवा 8 बजे हुआ। टैंकर में केमिकल (बेंजीन) भरा हुआ था। टैंकर व ट्रेलर एक ही दिशा में गौमती से राजसमंद की ओर आ रहे थे। ओवरटेक के चलते टैंकर और ट्रेलर मानसिंह का गुढा गांव में टकरा गए। इससे टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी साइड पर सामने से आ रही कार पर जा गिरा।

**ट्रेंडिंग वीडियो** पत्रिका TV

1. 

फिर यूथ की आवाज बने रविन्द्र सिंह भाटी

2. 

दिल्ली से तीन बड़े शहरों की फ्लाइट सर्विस होगी बंद

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

**न्यूज शॉर्ट्स**

### आरपीएससी: विधि रचनाकार परीक्षा 14 को

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 14 जुलाई को होगा। आयोग ने अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र गुरुवार को वेबसाइट पर अपलोड कर दिए। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक अजमेर व जयपुर जिला मुख्यालय पर होगी।

### आरपीएससी: साक्षात्कार के लिए सफल घोषित

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य जियोलॉजी और पंजाबी (कॉलेज शिक्षा विभाग)-2023 की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी किया। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि जियोलॉजी की लिखित परीक्षा के आधार पर 18 और पंजाबी में 3 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अस्थायी तौर पर सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थियों को 25 जुलाई तक विस्तृत आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक, प्रशैक्षिक दस्तावेज, वांछित प्रमाण पत्र की फोटो प्रति आयोग कार्यालय में भेजनी होगी।

### बाड़मेर: 5 हजार रुपए रिश्वत लेते सहायक अभियंता गिरफ्तार

**बाड़मेर.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता सुरेन्द्र कुमार बंसल को बाड़मेर में पांच हजार की रिश्वत लेते गुरुवार को गिरफ्तार किया। इससे पहले ही आरोपी परिवादी से 10 हजार रुपए वसूल कर चुका था। एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि व्यावसायिक भवन के सिंगल-फेस को थ्री-फेस कनेक्शन में बदलने के एवज में आरोपी 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा था। सत्यापन के बाद आरोपी को ट्रैप कर लिया।

सोसायटी लिक्विडेटर ने भूमि के म्यूटेशन के लिए सिरोही कलक्टर को लिखा पत्र

# आदर्श क्रेडिट घोटाला: सोसायटी की करोड़ों रुपए की संपत्तियों को कब्जे में लेना शुरू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सिरोही.** आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी घोटाला मामले में अब सोसायटी लिक्विडेटर ने सोसायटी के पैसे से खरीदी गई करोड़ों रुपए की सम्पत्तियों को अपने कब्जे में लेना शुरू कर दिया है। इसे लेकर लिक्विडेटर की ओर से सोसायटी की भूमि अटैच करने का आदेश पारित कर सिरोही कलक्टर को पत्र लिखा हैं। इसके बाद राजस्व विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है, ताकि भूमि का बेचान या रजिस्ट्री नहीं हो।

लिक्विडेटर एच.एस. पटेल ने सोसायटी के पैसों से खरीदी भूमि की कलक्टर शुभम चौधरी को सूची भी भेजी हैं, जिनमें सोसायटी का लोन चुकता नहीं करने वाले कर्जदारों की भूमि भी शामिल है। इनमें सिरोही के अलावा रामपुरा में भी जमीनें बताई जा रही हैं। उक्त भूमि का म्यूटेशन लिक्विडेटर आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी लि. अहमदाबाद के नाम खुलेगा। इधर, राजस्व विभाग, सिरोही ने लिक्विडेटर की ओर से भेजी गई सूची के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है।



### 21 लाख जमाकर्ताओं के 14 हजार करोड़ डूबे

**आदर्श** सोसायटी घोटाले में करीब 21 लाख जमाकर्ताओं के 14 हजार करोड़ रुपए डूबे हैं। इसका खुलासा होने के बाद से एसएफआइओ, ईडी, इनकम टैक्स व एसओजी 6 साल से जांच कर ही हैं। सोसायटी के कई संचालक जेल में हैं।

### लिक्विडेटर ने संपत्तियों पर लगाई सूचना

लिक्विडेटर की ओर से सोसायटी का लोन चुकता नहीं करने वाले कर्जदारों की भूमि भी कब्जे में ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक आदर्श क्रेडिट सोसायटी की ओर से संभव एनर्जी के नाम से 8.5300 एकड़ जमीन पर करीब 300 करोड़ का दिया गया लोन नहीं चुकाने पर सोसायटी लिक्विडेटर ने भूमि-संपत्तियों पर स्वयं के बोर्ड लगाने शुरू कर दिए हैं। उक्त भूमि को भी लिक्विडेटर द्वारा अटैच किया जाएगा। ताकि बिना स्वीकृति भूमि का बेचान नहीं किया जा सके। इसे लेकर लिक्विडेटर पटेल ने सिरोही कलक्टर को खसरा नंबर और जमीन की सूची भेजकर जमीन बेचान व रजिस्ट्री नहीं हो, इसलिए राजस्व विभाग को निर्देश देने को कहा है। बताया जा रहा है कि सोसायटी से जुड़े वीरेंद्र मोदी, दक्षा मोदी, इंदु टांक, महेंद्र टांक, वैभव लोढा, ललित वैष्णव व भरत वैष्णव ने मोदी व टांक परिवार के लोगों के नाम की जमीन पर संभव एनर्जी के नाम से आदर्श सोसायटी से 304.59 करोड़ का लोन ले रखा है। इसमें आदर्श की 50 करोड़ की इक्विटी भी थी। संभव एनर्जी द्वारा लोन की राशि नहीं चुकाने पर भूमि, भवन, मशीनरी व प्लांट आदि सोसायटी में वेस्ट होने से इसका कस्टोडियन लिक्विडेटर हो गया। सिरोही के अनादरा रोड पर संभव एनर्जी प्लांट है। जो कि बंद है। प्लांट में आदर्श सोसायटी की मैन होल्डिंग बताई जा रही है।

### 800 से अधिक शाखाएं देशभर में थी

**जानकारी** के अनुसार सिरोही में पंजीकृत सोसायटी का कामकाज प्रदेश के बाहर भी फैला था। प्रदेश के बाहर सोसायटी का काम शुरू होने पर पंजीकरण केंद्र सरकार के एक्ट के तहत दिल्ली कराया। इसका मुख्यालय सिरोही की जगह अहमदाबाद कर दिया। सोसायटी की देश में 800 से अधिक शाखाएं संचालित थीं।

### इनके नाम से ले रखी थी जमीनें

**लिक्विडेटर** की ओर से कलक्टर को भेजे पत्र में बताया कि सोसायटी के वीरेंद्र मोदी, दक्षा मोदी, इंदू टांक, महेंद्र टांक, वैभव लोढा, ललित वैष्णव व भरत वैष्णव और मोदी व टांक परिवार के लोगों के नाम से नेहरू नगर, बालाजी वन, बालाजी टू, बालाजी थर्ड व जोरा मगरा होटल के अलावा संभव एनर्जी कंपनी की भूमि, भवन व मशीनरी पर आदर्श सोसायटी से लोन लिया था।

राजस्थान लोक सेवा आयोग

## 10 माह से अटका हॉस्पिटल केयर टेकर भर्ती का परिणाम

### अभ्यर्थी परेशान, सीएम व राज्यपाल को भेजा पत्र

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** राजस्थान लोक सेवा आयोग की हॉस्पिटल केयर टेकर भर्ती-2022 लेटलतीफी के कारण अटकी हुई है। आयोग ने दस महीने से अंतिम परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया है। इसको लेकर अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र भेजे हैं। जोधपुर विधायक अतुल भंसाली ने विधानसभा में तारांकित प्रश्न लगाकर सरकार से जवाब मांगा है। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने हॉस्पीटल केयर टेकर भर्ती का विज्ञापन 23 मई 2022 को जारी किया। इसके तहत 55 पदों के लिए आवेदन मांगे गए। परीक्षा का आयोजन पिछले साल 10 फरवरी को किया गया। इसकी अंतिम उत्तर कुंजी 12 मई को जारी की गई। आयोग ने 11 अक्टूबर 2023 को परीक्षा का प्रोविजनल परिणाम जारी किया।

### नहीं मिले योग्य अभ्यर्थी

**बीते** साल 3 नवम्बर को काउंसलिंग में दस्तावेजों की जांच की गई। विचारित सूची में शामिल अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र मिलने पर बीती 7 मई को अतिरिक्त विचारित सूची जारी की गई। आयोग ने 82 अभ्यर्थियों को शामिल कर 20 और 21 मई को काउंसलिंग कराई। अधिक संख्या में अभ्यर्थी अपात्र मिले। आयोग ने 12 जून को तीसरी बार 41 अभ्यर्थियों की अतिरिक्त विचारित सूची जारी की। आयोग की मानें तो शैक्षिक योग्यता में अभ्यर्थियों ने आवेदन में एमबीए इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट, एमबीए इन हॉस्पिटेलिटी जैसी योग्यता बताई है। इसलिए अपात्र अभ्यर्थी मिल रहे हैं।

विचारित सूची में अभ्यर्थी अधिक संख्या में अपात्र मिले हैं। आयोग चर्चा के बाद तकनीकी समाधान निकालेगा।

**रामनिवास मेहता,** सचिव, आरपीएससी

## हरयाळो राजस्थान: बच्चों ने लिखा 'मां', 1101 पौधे वितरित



**झुंझुनूं.** राजस्थान पत्रिका के हरयाळो राजस्थान अभियान के तहत जिले के बिसाऊ कस्बे के निजी स्कूल में पौधरोपण किया गया। इस दौरान स्कूल के 950 बच्चों ने मानव शृंखला बनाकर 'मां' लिखा और एक पेड़ मां के नाम का संकल्प लिया। इस दौरान 1101 पौधों का वितरण किया गया।

### पाली: पेपर माफिया ढाका के घर पहुंची एसओजी



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सांचौर (पाली) @ पत्रिका.** सांचौर में पेपरलीक केस और डमी कैंडिडेट बिठाने के हैंडलर ओमप्रकाश ढाका के घर की जयपुर एसओजी टीम ने तलाशी ली। एसओजी सूत्रों के मुताबिक बुधवार दोपहर को टीम ढाका को लेकर उसके पैतृक गांव ढाकों की ढाणी केरवी स्थित आवास पर लेकर पहुंची थी। यहां पर 2 घंटों तक पूरे घर की तलाशी ली। इस दौरान टीम को पेपरलीक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी मिली। एसआइ पेपरलीक मामले में मुख्य आरोपी ढाका और सुनील बेनीवाल हैदराबाद के एक फ्लैट में छिपे थे। जोधपुर की साइक्लोनर टीम ने 3 जुलाई को पकड़ा था। मामले में एक और आरोपी शम्मी बिश्नोई बरसाना में फरारी काट रही थी। मंगलवार को टीम उसे लेकर जोधपुर पहुंची थी।

शिक्षक ने बनाई इलेक्ट्रिक कार

## नवाचार: एक बार चार्ज करो, चलाओ 100 किलोमीटर



**मेवदाकलां (अजमेर).** इलेक्ट्रिक कार के साथ शिक्षक गुलाबचंद वर्मा।

### सोलर पैनल से भी कर सकते हैं चार्ज

**मेवदाकलां (अजमेर) @ पत्रिका.** अजमेर के मेवदाकलां में स्थानीय शिक्षक गुलाबचंद वर्मा ने इलेक्ट्रिक कार बनाई है जो अन्य इलेक्ट्रिक कारों के बराबर माइलेज देती है। चार महीने की मेहनत के बाद तैयार की गई उनकी कार सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। कार को विद्युत सहित सोलर पैनल से भी चार्ज किया जा सकता है। कार को न केवल स्टाइलिश लुक दिया बल्कि इसे रीजनरेटिव ब्रेकिंग से भी लैस किया। कार का नाम एचईएक्स रखा है। इसको बनाने में करीब दो लाख रुपए खर्चा हुआ। एक बार चार्ज करने पर यह कार 100 किलोमीटर चलती है। इसकी स्पीड 35 किलोमीटर प्रति घंटे है। कार में 12 वोल्टेज की चार बैट्रियां व हेडलाइट में डीआरएल व इंडीकेटर भी लगाए हैं। चेसिस लोहे के मजबूत पाइप से बनी है। सागवान की लकड़ी की डिजाइनिंग व गद्देदार सीट तथा फ्लोर पर कृत्रिम घास का प्रयोग किया।

**खुशखबर** एयरपोर्ट के लिए डीपीआर प्रकिया में, 1000 करोड़ रुपए होंगे खर्च

# कोटा के ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए होगा सबसे बड़ा भूमि अधिग्रहण

### 406 हेक्टेयर भूमि का वनभूमि अधिग्रहण देश में सबसे बड़ा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** कोटा में बनने वाले राज्य के पहले ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए वन भूमि का अधिग्रहण भारत में सबसे बड़े भू-अधिग्रहणों में से एक होगा। ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए करीब 406 हेक्टेयर वन भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जबकि 33 हेक्टेयर भूमि कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) की ओर से उपलब्ध करवाई गई है। ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का रनवे कोटा के वर्तमान एयरपोर्ट के रनवे 1207 मीटर से करीब तीन गुना 3500 मीटर होगा। नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पर जेट प्लेन से लेकर एयरबस तक बड़े विमान आसानी से उतारे जा सकेंगे।



कोटा के प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की भूमि।

### 11 किमी से हटेंगी हाइटेंशन लाइन

एयरपोर्ट क्षेत्र में 11 किमी में लगे 34 हाइटेंशन लाइन के टॉवर्स को डेढ़ किमी की दूरी पर शिफ्ट किया जाएगा। एयरपोर्ट क्षेत्र से रावतभाटा आरएपीपी से जयपुर दक्षिण और कोटा से मेड़ता-ब्यावर को 400 केवी की दो ट्रांसमिशन लाइंस के जरिए विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इन्हें हटाकर 15 किमी से अधिक लंबी ट्रांसमिशन लाइन बिछाकर नए 46 टॉवर्स स्थापित किए जाएंगे।

### पर्यटन को लगेंगे विकास के पंख

एयरपोर्ट बनने से पर्यटन के विकास को पंख लगेंगे। बूंदी, बारां, रावतभाटा से स.माधोपुर के साथ कोटा में आने वाले स्टूडेंट्स और स्थानीय लोगों को भी हवाई यात्रा की सुविधा मिल सकेगी।

### एक हजार करोड़ से विकसित होगा

शंभूपुरा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की डीपीआर बनाने का काम प्रकियाधीन है। इसके आधार पर यहां एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआइ) एक हजार करोड़ रुपए से निर्माण करेगी।

पावर लाइन शिफ्टिंग के लिए 30 करोड़ की स्वीकृति आ चुकी हैं। भूमि अधिग्रहण पूरा होते ही पावर लाइनों की शिफ्टिंग की जाएगी। डीपीआर का काम भी प्रकियाधीन है। एयरपोर्ट का एक हजार करोड़ रुपए से निर्माण कार्य होगा।

**कुशल कुमार कोठारी,** सचिव, केडीए

नए एयरपोर्ट का रनवे 35 सौ मीटर का होगा। इस पर एयरबस जैसे बड़े विमान भी आसानी से उतर सकेंगे।

**पारस राम,** एयरपोर्ट अधिकारी, कोटा

आठ हजार रुपए को लेकर की थी हत्या

## युवक की हत्या का खुलासा, टैक्सी चालक गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बहरोड़ (अलवर).** पुलिस ने गांव भीटेड़ा के खेल मैदान में युवक सुनील शर्मा उर्फ पप्पन की हत्या का खुलासा कर टैक्सी चालक को गिरफ्तार किया हैं। टैक्सी चालक ने किराए के आठ हजार रुपए को लेकर युवक की हत्या कर दी थी।

पुलिस ने बताया कि परिजन ने चार युवकों पर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने सीसीटीवी चेक किए तो एक कार नजर आई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का परशुराम गुरुग्राम में यह कार चलाता हैं। घटनास्थल पर टायरों के निशान पाए गए। सुनील दोस्तों के साथ दो माह पहले इसी गाड़ी में हरिद्वार गया था। चार हजार रुपए उसे दे दिए और आठ हजार बकाया चल रहे थे। पांच जुलाई को सुनील को टैक्सी चालक परशुराम मिला। वह उसे खेल मैदान में ले गया। यहां दोनों ने शराब पी। आरोपी ने युवक ने आठ हजार मांगे तो दोनों में झगड़ा हो गया। टैक्सी चालक ने युवक के सिर व गले पर तार से हमला कर हत्या कर दी और उस पर गाड़ी चढ़ाकर घर चला गया। टैक्सी चालक को पुलिस ने सोनीपत हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया।

**सत्तापक्ष के विधायकों ने** उठाए सड़क दुर्घटना, बिजली सहित आमजन की परेशानी के मुद्दे

# शून्यकाल: सदन में अपनों ने ही घेर लिया सरकार को

## स्पीकर बोले, अजमेर में भी बिजली समस्या



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल में सत्तापक्ष के विधायकों ने ही अपनी सरकार को घेर लिया। गोगुन्दा के विधायक ने नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाएं होने के बावजूद 100 किलोमीटर तक ट्रोमा सेंटर नहीं होने का मुद्दा उठाया, तो बीकानेर पश्चिम व सलूम्बर विधायकों ने बिजली से संबंधित मुद्दे उठाए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी अजमेर में बिजली से संबंधित समस्या की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान दिलाया। विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल में पर्ची के माध्यम से आमजन से सीधे तौर पर जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।

### हादसों में बीमारी से ज्यादा मौतें: खींवसर

**गोगुन्दा** से भाजपा विधायक प्रताप लाल भील ने अपने क्षेत्र में नेशनल हाईवे को सड़क हादसों का हाईवे बताते हुए कहा कि आए दिन दुर्घटना होने के बावजूद 100 किमी तक ट्रोमा सेंटर नहीं है। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि दुर्घटनाओं में हो रही मौतें बीमारी से होने वाली मौतों से ज्यादा हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पूर्व मंत्री के चहेते कर रहे परेशान

**बीकानेर** पश्चिम से भाजपा विधायक जेठानंद व्यास ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के एक मंत्री के चहेते बीकानेर में बिजली कंपनी में लगे हुए हैं, जिनके कारण दस-दस घंटे तक बिजली गायब रहती है। इस मामले में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही कमेटी से जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इन विधायकों ने उठाई मांग

**भाजपा** के सलूम्बर से विधायक अमृत लाल मीणा ने जीएसएस कार्य की गति धीमी होने, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली ने महाराजा सूरजमल विवि के कुलपति की अनियमितता, विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने हिंदुस्तान जिंक पर चारागाह भूमि कब्जा करने व विधायक उदय लाल डांगी ने जयसमंद झील में रसायनिक पदार्थ छोड़े जाने का आरोप लगाया।

### छह में से पांच मामले पुराने, पुलिस अलर्ट

**कांग्रेस** विधायक हरिमोहन शर्मा ने आदिवासी इलाकों में बच्चों की खरीद-फरोख्त का मुद्दा उठाते हुए कहा कि क्या मंत्री बाबूलाल इसी कारण आदिवासियों को ज्यादा बच्चे पैदा करने को कहते हैं। मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि 6 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से पांच केस 2023 में दर्ज हुए। एक इस साल दर्ज हुआ। हालांकि पुलिस को अलर्ट कर दिया।

**युवाओं की आभार सभा:** सीएम का किया स्वागत

# प्रत्येक युवा को संबल देना हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री



**जयपुर.** आभार जताने पहुंचीं छात्राओं को आशीर्वाद देते सीएम शर्मा।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा देश के स्वर्णिम भविष्य का आधार हैं। युवा की ऊर्जा तथा उत्साह से राजस्थान प्रगति की एक नई इबारत लिखेगा। हमारी सरकार युवाओं के सपनों तथा उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रति पल तथा प्रतिक्षण काम कर रही है। युवाओं को संबल देना सरकार की प्राथमिकता है।

सीएम गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर परिवर्तित बजट 2024-25 में हुई घोषणाओं के लिए युवाओं की आभार सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए इस वर्ष में 1 लाख नौकरियों की घोषणा की गई है। राज्य सरकार सार्वजनिक, निजी तथा व्यावसायिक सहित सभी क्षेत्रों में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगी।

### पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं को दिया दर्द

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय युवाओं के सपनों पर कुठाराघात किया गया। पेपरलीक जैसे मामलों से युवाओं को आघात पहुंचा। हम युवाओं का दर्द समझते हैं तथा इन प्रकरणों में कड़ी कार्रवाई करते हुए किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## बजट बहस का सरकार 16 को देगी जवाब

**जयपुर @ पत्रिका.** राज्य विधानसभा के बजट सत्र को लेकर 23 जुलाई तक की कार्य सूची तय कर दी गई है। विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी गुरुवार को सदन में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने दी। सदन में बजट पर गुरुवार को शुरू हुई बहस 12 जुलाई को भी होगी और 13 और 14 जुलाई को अवकाश रहेगा। सदन में 15 जलाई को फिर बहस शुरू होगी और 16 जुलाई को बजट बहस का जवाब दिया जाएगा। यह जवाब सीएम देंगे या फिर डिप्टी सीएम। यह अभी तय होना बाकी है।

**कहा, आज ऐसे नेता नहीं मिलते**

# किरोड़ी रघुकुल रीत पर चलने वाले नेता: राठौड़



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** भाजपा नेता और पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ गुरुवार को निजी यात्रा पर जोधपुर आए। यहां एक निजी होटल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि किरोड़ीलाल मीणा बड़े नेता हैं और उन्होंने रघुकुल रीत सदा चली आई की प्रथा पर इस्तीफा दे दिया। आज के दौर में ऐसे नेता नहीं मिलते।

हालांकि सरकार, विधानसभा और किसानों को उनकी जरूरत है। ऐसे में भाजपा नेताओं को उनसे बात करनी चाहिए। बजट पर बोलते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

### निजी कारणों से नहीं आईं राजे

**सदन** में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के गैरहाजिर रहने के सवाल पर राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि निजी कारणों से नहीं आईं। ऐसे तो पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी नहीं आए। वह भाजपा सरकार के कई बजट भाषणों से नदारत रहते आए हैं।

**पराजय को स्वीकार करता हूं:** राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि नई भूमिका के लिए कभी आलाकमान को नहीं कहा। परम्परागत सीट को छोड़ कर अपनी इच्छा से वहां गया था और पराजय को स्वीकार करता हूं। मेरी खुद की कमी रही। उपचुनावों में कार्यकर्ता के तौर पर काम करेंगे।

**विधानसभा में बहस:** कांग्रेस ने कहा, क्या जल्दी थी जो केंद्र से पहले पेश किया बजट

# युवा भत्ता नहीं, सम्मान चाहता है भजन सरकार देगी नौकरी-रोजगार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** विधानसभा में वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से पेश बजट पर गुरुवार को बहस शुरू हुई। बहस की शुरूआत सत्ता पक्ष की दीप्ती कुमारी ने की। उन्होंने बजट को चहुंमुखी विकास वाला बताते हुए कहा कि पिछली सरकार ने वादे किए, लेकिन काम नहीं। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही, लेकिन नहीं दिया। आज का युवा भत्ता नहीं, सम्मान चाहता है। सरकार उनके लिए नौकरी और रोजगार देने जा रही है।

**कांग्रेस विधायक भाटी ने की तारीफ:** कांग्रेस के कुछ विधायकों ने बजट की तारीफ की। विधायक भीमराज भाटी ने तो यहां तक कह दिया कि वे सीएम भजनलाल और डिप्टी सीएम दिया कुमारी को सैल्यूट करते हैं। महिला और अमीर परिवार से होने के बावजूद तीन घंटे खड़े रहकर दिया कुमारी ने बजट भाषण दिया। मुख्यमंत्री को भी सलाम करता हूं, उन्होंने ऐसे वित्त मंत्री को सरकार में जगह दी।

### बजट दिशाहीन, ठेकेदारों को नहीं मिल रहा भुगतान

**कांग्रेस** के रोहित बोहरा ने केन्द्र के बजट से पहले राज्य बजट पेश करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसी क्या जल्दी थी कि पहले बजट पेश किया गया। प्रदेश में जीएसटी के बदले 46 फीसदी राजस्व केन्द्र से आता है। ऐसे में बजट खर्च को लेकर योजनाओं को कैसे आकार दिया जा सकता है। यह बजट पूरी तरह दिशाहीन है। उन्होंने राज्य के कर्जभार को लेकर भी सत्तापक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि गलत नीतियों के कारण आबकारी व अन्य विभागों के राजस्व में कमी आ रही है। जेजेएम, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों में काम करने वाले ठेकेदारों को भुगतान नहीं मिल रहा।



### जेजेएम में जो काम खराब हुए पहले वे ठीक कराएं

**कांग्रेस** के रतन देवासी ने कहा कि जेजेएम में जो काम ठीक नहीं हुए या अधूरे पड़े हैं, उनको ठीक करने के लिए बजट में कुछ नहीं कहा गया। उन्होंने ऊंट संरक्षण के लिए भी कानून में बदलाव और अध्ययन की जरूरत बताई। निर्दलीय ऋतु बानावत ने कहा कि अब तक राज्य के बजट में भरतपुर का नाम सुनने को नहीं मिलता था, लेकिन इस बजट में भरतपुर का जिक्र हुआ है। भाजपा के कुलदीप ने कहा कि राज्य सरकार पेयजल संकट को लेकर बड़ा काम कर रही है। ईआरसीपी के काम तेजी से हो रहे हैं। लेकिन पिछली सरकार ने गौशालाओं में थ्री-फेस कनेक्शन, जैविक खाद खेती के लिए अनुदान देने सहित कई घोषणाएं की, लेकिन काम नहीं हुआ।

### टैलेंट तभी बने सीएम, अच्छे-अच्छे रह गए

**भाजपा** के जसवंत यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ने अच्छा बजट बनाया है। अब प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल में टैलेंट है, तभी तो वे मुख्यमंत्री बने हैं। अच्छे-अच्छे रह गए। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी एक दिन और ऊंचे पद पर आएंगे और बड़ी बात नहीं मुख्यमंत्री भी बन जाएं। इस पर सदन में ठहाके लगे। उन्होंने पिछली सरकार के जिलों को लेकर कहा कि जिन की मांग पर जिले बनाए, उनमें से 99 फीसदी चुनाव में धराशाही हो गए। जिसने जो मांगा वो दे दिया और बड़े घोटाले किए।

**विपक्षी दल के** विधायकों ने किया हंगामा

## जोधपुर में भ्रष्टाचार हुआ, गहलोत के काले चिट्ठे खोलूंगा: देवेन्द्र

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** सूरसागर विधानसभा सीट से विधायक देवेन्द्र जोशी ने सदन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर गंभीर आरोप जड़े। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम के काले चिट्ठे सदन में खोलूंगा। जोधपुर विकास प्राधिकरण सहित अन्य विभागों में भ्रष्टाचार हुआ। गहलोत का नाम सुनते ही विपक्षी दल के विधायक खड़े हो गए। कुछ देर तक हंगामा चलता रहा। बाद में सभापति ने शांत कराया। जब विपक्षी विधायकों ने गलत आरोप लगाने की बात कही तो जोशी ने कहा चिंता मत करो सबूत के साथ सदन में रखूंगा। जोशी ने सभापति से जांच के लिए स्पेशल टीम गठित करने की मांग की।

### 'जनता टोल क्यों दे'

**विधायक** समरजीत सिंह ने जयपुर से किशनगढ़ के बीच टोल वसूली का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जब वाहन चालकों को न तो सुगम रास्ता मिल पा रहा है और न ही समय पर पहुंचने की राह। इसके बाद भी वाहन चालकों से टोल वसूला जा रहा है। आखिर जनता टोल क्यों दे?

**सड़क व स्कूल** खोलने के नियमों पर उठाए सवाल

## दुविधा... तो जनसंख्या के नियम ही आड़े आ जाते हैं: कृपलानी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने सरकार की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाए। कृपलानी ने कहा कि एक तरफ तो हम जनसंख्या नियंत्रण की बात करते हैं और दूसरी तरफ हम सुविधाएं बढ़ाने की बात करते हैं तो आबादी के नियम ही आड़े आ जाते हैं।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र खोलो तो मेटरनिटी बेड ऑक्यूपेंसी दर के नियम आड़े आते हैं। स्कूल खुलवाने जाएं तो कहते हैं बच्चों की संख्या न्यूनतम इतनी होनी चाहिए। सड़क बनवाने की मांग करते हैं तो न्यूनतम दो हजार की आबादी के नियम लगा दिए जाते हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिए सरकार ने जो नियम बना रखे हैं। कई जगह उन नियमों के बिना भी यह केन्द्र खुले हुए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नियमानुसार ही सेंटर खोले जाते हैं। यदि कहीं नियमों के इतर जाकर भी केन्द्र खुले हैं तो इसकी जांच करवा लेंगे।

**बजट घोषणाओं को लेकर एक्टिव मोड में सीएम,** हर महीने होगी समीक्षा

# हर विभाग 2047 का विजन डॉक्यूमेंट जारी करेगा

### प्रभारी सचिव और प्रभारी मंत्री जिलों का दौरा करेंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** विधानसभा में परिवर्तित बजट पेश होने के दूसरे ही दिन ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए एक्शन मोड में काम शुरू कर दिया। उन्होंने गुरुवार को मंत्रियों व सचिवों को इन घोषणाओं के तेजी से क्रियान्वयन का एक्शन प्लान बताया। साथ ही शॉर्ट टर्म, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म बजट घोषणाएं तय करके काम करने के निर्देश दिए ।

उनके निर्देश पर प्रभारी सचिव 12 जुलाई से जिलों में जाकर बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन से संबंधित बाधाओं को चिन्हित करेंगे और प्रभारी मंत्री 14 जुलाई को प्रभारी सचिवों से प्रगति की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री स्वयं भी हर माह प्रगति की समीक्षा करेंगे। जुलाई में हर विभाग 2047 का विज़न डॉक्यूमेंट भी जारी करेगा। इस संबंध में सीएम शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरुवार देर शाम बैठक ली।

### किसी भी स्तर पर लंबित न रहें कार्य

**मुख्यमंत्री** शर्मा ने बैठक में कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित कार्य किसी भी स्तर पर लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी मंत्री हर 15 दिन में विभाग की बजट घोषणाओं पर प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने विकास कार्यों के लिए भूमि आवंटन में तेजी लाने, लंबित भर्तियों की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करने सहित अन्य जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जानकारी में आया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रभारी मंत्री भी जिलों में जाकर मीटिंग लेंगे और बजट को लेकर प्रेस वार्ता करेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**उत्तरी रिंग रोड का मामला** | भूमि अवाप्ति प्रक्रिया को गति देने की जरूरत

# धीमी चाल पर मुख्यमंत्री सक्रिय, केंद्रीय मंत्री गडकरी को लिखा पत्र

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** जयपुर में अधूरी पड़ी रिंग रोड प्रोजेक्ट की 'रिंग' पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री को आगे आना पड़ा है। सीएम भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी को पत्र लिखा है, जिसमें उत्तरी रिंग रोड का काम जल्द शुरू करने की जरूरत जताई गई है। इसके लिए आगरा रोड से अजमेर रोड के बीच 97 किलोमीटर दूरी में अब तक एनएचएआई की ओर से किए गए काम की स्थिति भी बताई गई है। मामला उत्तरी रिंग रोड का है, जो आगरा रोड से दिल्ली रोड, सीकर रोड होते हुए अजमेर रोड तक बननी है। इसमें आगरा रोड से सी जोन बाइपास (वाया दिल्ली रोड) के बीच 45 किलोमीटर में अलाइनमेंट फाइनल भी हो चुका है, लेकिन एनएचएआई ने भूमि अवाप्ति प्रक्रिया को गति नहीं दी है। इस रूट पर 70 मीटर चौड़ाई में रिंग रोड का काम होना है। जयपुर विकास प्राधिकरण इसे जोनल डवलपमेंट प्लान में भी समावेश कर चुका है। सीएम ने अवाप्ति प्रक्रिया जल्द पूरा कराने के लिए कहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी रिंग रोड निर्माण को लेकर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख चुके हैं।



**पहला चरण: यह है स्थिति**

**45** किलोमीटर लम्बी होगी प्रस्तावित रिंग रोड की

**400** हेक्टेयर जमीन अवाप्त की जानी है (360 मीटर की चौड़ाई में)

**2887.03** करोड़ रुपए आंकी गई है प्रोजेक्ट लागत

**दूसरा चरण: अलाइनमेंट होना है फाइनल**

**दूसरे** चरण का रूट दिल्ली रोड से अजमेर रोड के बीच है, जिसकी लम्बाई 52 किलोमीटर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को ही इसका अलाइनमेंट फाइनल करना है।

## जहां से निकलना है कोयला, वहां पेड़ों की कटाई अटकी

**जयपुर.** राजस्थान के बिजलीघरों में कोयला आपूर्ति बढ़ाने में आ रही है दिक्कतों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव सहाय को पत्र लिखा है। सीएम ने सहाय को साफ किया है कि राजस्थान को पीकेबी कोल ब्लॉक से कोयला आपूर्ति के लिए आवंटित वन भूमि में से आवश्यकता से कम भूमि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को सौंपी गई है। साथ ही परसा कोल ब्लॉक से संबंधित वन भूमि से पेड़ काटने की अनुमति के बाद भी कटाई नहीं की जा रही। यहां भूमि हस्तांतरण भी लंबित है। इसके अलावा कांता एक्सटेंशन से संबंधित पर्यावरण मंजूरी के लिए सार्वजनिक सुनवाई और वन मंजूरी का पंजीकरण भी होना है। सीएम भजनलाल शर्मा में इस मामले में सीएम सहाय को जल्द से जल्द संज्ञान लेने की जरूरत जताई है।

**एक बार फिर जाएं...इस बार नए अंदाज में**

# इंटरव्यू दे देकर हो गए हैं परेशान तो यह आपके लिए है




**प्र**तिस्पर्धा के इस दौर में एक वेकेंसी के पीछे करीबन सौ से अधिक कैंडिडेट होते हैं। ऐसे में अपने आपको भीड़ से अलग दिखाने के लिए स्मार्टनेस जरूरी हो जाती है। आजकल वैसे कई कोर्सेज भी आ गए हैं, जिनमें पर्सनेलिटी डवलपमेंट से लेकर अपने आपको कैसे इंट्रोड्यूस करना चाहिए, इसकी बाकायदा ट्रेनिंग दी जाती है। आपका इंटरव्यू अच्छा जाए इसके लिए यहां हम आपके लिए लाए हैं *कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदु..*

### अलर्ट और फोकस रहें

इंटरव्यू के लिए जाते समय रास्ते में कुछ खास चीजों पर गौर करें, जैसे कोई बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट या फिर कोई रैली अथवा धरना आदि। आपकी जागरूकता को परखने के लिए संबंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

### कम से कम तीन रेफरेंसेज बनाएं

रेज्यूमे में आपकी बाकी डिटेल्स के साथ ही कम से कम तीन रेफरेंसेज मेंशन होने जरूरी हैं। इसके लिए आप अपने पुराने बॉस व सहकर्मियों को, कस्टमर्स और वेंडर्स को, कॉलेज प्रोफसर्स, मकान मालिक (अगर किराए पर रहते हैं तो), एनजीओ (अगर आपने किसी संस्था के साथ जुड़कर स्वैच्छिक कार्य किया है तो) के प्रबंधक आदि को आप अपने रेफरेंसेज बना सकते हैं।

**ड्रेसअप सेंस होना जरूरी:** इंटरव्यू पर जाने के लिए अच्छे से ड्रेसअप होना बहुत जरूरी है। पूरी शालीनता के साथ ऑफिशियल ड्रेस का चुनाव करें। हल्का मेकअप करें। फॉर्मल फुटवियर ही पहनें। पुरूष हैं तो फॉर्मल शर्ट के साथ बजाय जींस पहनने के ट्राउजर प्रिफर करें। स्त्री हैं तो डीसेंट लुक के लिए साड़ी या फिर कुर्ता विद् जीन्स भी पहन सकती हैं। साथ में फॉर्मल फुटवियर पहनें।

### अकेले जाएं

**इंटरव्यू** देने के लिए हमेशा अकेले जाएं। इसमें आपका आत्मविश्वास झलकता है। अगर आप किसी के साथ जाते हैं तो संस्था को लगता है कि आपको नए कार्यों के लिए मोरल सपोर्ट की जरूरत रहती है, आप अकेले हैण्डल नहीं कर पाते। फोन को स्विच ऑफ या फिर साइलेंट मोड पर कर दें। इंटरव्यू ओवर होने के बाद थैंक्यू कहकर ही रूम से बाहर आएं।

### वॉलन्टियर वर्क को प्रोफाइल में एड करें

अगर आपने किसी एनजीओ में बतौर वॉलन्टियर कार्य किया है, तो वहां के प्रबंधक से सर्टिफिकेट जरूर लें। उसे अपने प्रोफाइल में एड करें। इंटरव्यू लेने वाली संस्था यह जानकर आपसे प्रभावित होगी कि बिना पैसे लिए दूसरों की हेल्प के लिए भी आप तत्पर रहते हैं।

## 10वीं पास करने के बाद करें यह ज्वॉइन,जल्द ही कमाने लगेंगे आप

*अगर आप 10वीं पास हैं और जल्दी ही नौकरी या फिर स्वयं का कोई बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आप कोई शॉर्ट टाइम डिप्लोमा अथवा कोर्स ज्वॉइन कर सकते हैं। इसके लिए बेस्ट ऑप्शन है- आइटीआइ। इसके छह माह से लेकर दो साल तक के कोर्सेज होते हैं। जिनमें रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग (एसी) मैकेनिक, मोटर वाहन मैकेनिक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन आदि कई तरह के कोर्स शामिल हैं।*

### एडमिशन के लिए योग्यता

- मान्यता प्राप्त बोर्ड से साइंस और मैथ्स से 10+2 एजुकेशन सिस्टम के अंतर्गत 10वीं पास
- कम से कम 14 वर्ष की आयु होनी चाहिए।
- कुछ आइटीआइ संस्थाओं में एंट्रेंस टेस्ट लिया जाता है।
- कुछ कोर्सेज में एडमिशन लेने के लिए 12वीं पास होना भी जरूरी होता है।

### आइटीआइ संस्थान

- सरकारी आइटीआइ, अलवर
- सरकारी आइटीआइ, चूरू
- सरकारी आइटीआइ, अजमेर

### अगस्त से सेशन शुरू

***आइटीआइ** की वेबसाइट (https//iti.nic.in) पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जुलाई में एडमिशन फॉर्म मिलने शुरू हो जाते हैं। आइटीआइ में एडमिशन मेरिट के अनुसार होता है। कई प्राइवेट संस्थान 10वीं और 12वीं के अंक के आधार पर सीधे प्रवेश भी देते हैं, वहीं आइटीआइ सरकारी कॉलेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम देना पड़ता है। सेशन अगस्त से शुरू होता है।*

### एग्जाम गाइड

**1. मालवा विद्रोह के समय इंदौर का कर्नल कौन था?**
(अ) डूरंड (ब) प्लॉट (स) मिंटो (द) कोब

**2. निम्नलिखित में से किस जगह का अभिलेख एक ग्रीक नागरिक द्वारा 'गरुड़ स्तम्भ' की स्थापना का उल्लेख करता है?**
(अ) भरहुत (ब) सांची
(स) बेसनगर (द) इनमें से कोई नहीं

**3. समुद्रगुप्त की सैनिक उपलब्धियों का वर्णन उसके किस अभिलेख में उपलब्ध है?**
(अ) एरण के (ब) गया के
(स) नालंदा के (द) प्रयाग के

**4. ब्लड ग्रुप की खोज किसने की थी?**
(अ) विलियम हार्वे (ब) लैंडस्टीनर
(स) पावलोव (द) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग

**5. भारतीय राष्ट्रीय पंचांग का पहला महीना कौनसा है?**
(अ) चैत्र (ब) फाल्गुन (स) माघ (द) पौष

उत्तरमाला: 1.अ 2.स 3.द 4.ब 5.अ

**विधानसभा में** भाटी ने उठाई मांग

## गूंजा छात्रसंघ चुनाव का मुद्दा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** प्रदेश में नियमित रूप से छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग लगातार तेज होती जा रही है। विधानसभा में भी गुरुवार को इसकी गूंज सुनाई दी। शिव से विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने शून्यकाल में छात्रसंघ चुनाव का मुद्दा उठाया। भाटी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने कुलपति समिति की सिफारिश के आधार पर चुनाव पर रोक लगा दी थी। समिति ने छात्रसंघ चुनाव को नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधक बताया था, जबकि यह तर्क अनुचित और औचित्यहीन था। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि युवाओं में राजनीतिक क्षमता विकसित करने के लिए नियमित छात्रसंघ चुनाव कराया जाना आवश्यक है।

छात्रसंघ चुनाव राजनीति में प्रवेश की पहली सीढ़ी हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी स्वयं भी छात्र राजनीति से ही निकल कर आए हैं। सदन में बड़ी संख्या में ऐसे सदस्य हैं, जिन्होंने छात्र राजनीति से अपनी यात्रा शुरू की। छात्रसंघ चुनाव में युवा राजनीतिक मूल्यों के साथ ही दूसरों के अधिकारों के लिए भी लड़ना सीखते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में छात्रसंघ चुनाव अनिवार्य हैं, ऐसे में राज्य सरकार स्वच्छ पारदर्शी और नियमित चुनाव करवाने के लिए कदम बढ़ाए।

सीएम ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का किया दौरा, प्रभावितों को दी सहायता राशि

# विषम परिस्थितियों में पीड़ितों के साथ खड़ी है डबल इंजन सरकार : योगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बलरामपुर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवीपाटन मण्डल के बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों में आई बाढ़ का स्थलीय निरीक्षण किया और बाढ़ प्रभावितों को यथासंभव मदद का आश्वासन दिया। सीएम योगी ने बलरामपुर जिले के सदर तहसील के सोनार गांव में बाढ़ पीड़ितों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार विषम घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है और मदद के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। मां पाटेश्वरी से प्रार्थना करते हुए सीएम योगी ने भीषण बाढ़ से लोगों को निजात दिलाने की कामना की। उन्होंने कहा कि नेपाल में अतिवृष्टि के कारण सीमावर्ती 14 जिलों की करीब 70 लाख की आबादी बाढ़ से अधिक प्रभावित है। इनमें श्रावस्ती, बलरामपुर, लखीमपुर, पीलीभीत व अन्य जिले शामिल हैं। सीएम योगी ने कहा कि इस वर्ष बाढ़ अगस्त के बजाय जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही आ गई, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा, किसान प्रभावित हुए। उन्होंने श्रावस्ती में बाढ़ में फंसे 11 लोगों की जान पीएसी की फ्लड कंपनी द्वारा बचाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार पहले से ही बाढ़ की आपदा से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध कर रखी थी। योगी ने कहा कि बलरामपुर में आई बड़ी आपदा से 5 दर्जन गांव प्रभावित हैं।



श्रावस्ती जिले में बाढ़ प्रभावितों को सीएम ने मुआवजा राशि के चेक सौंपे। साथ ही पीड़ितों को राशन सामग्री भी उपलब्ध कराई।

## पानी से घिरे घरों में फंसे लोगों को पहुंचाएं राहत सामग्री

**जिले में** कई संपर्क मार्ग और मुख्य मार्ग प्रभावित है। उन्होंने कहा कि जो परिवार पानी से घिरे होने के कारण बाहर नहीं निकल पा रहे, उन्हें प्रशासन द्वारा घरों में ही फूड पैकेट, राहत पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा मेडिकल सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जहरीले जंतुओं के काटने पर इंजेक्शन की व्यवस्था भी मेडिकल कैम्पों में की गई है। उन्होंने जनहानि, पशुहानि, फसलहानि व अन्य नुकसान होने पर राहत व सहयोग राशि की बात करते हुए दोहराया कि सरकार हर पल पीड़ितों के साथ है। उन्होंने कहा कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में मंत्रियों का दौरा निरंतर जारी है, साथ ही वे स्वयं राहत व बचाव की निगरानी कर रहे हैं।

## न्यूज विंडो

### पति की जिम्मेदारी है कि ईद्दत में तलाकशुदा महिला का भी खर्च उठाए

**लखनऊ @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट की ओर से 10 जुलाई को दिया गया ऐतिहासिक फैसला अब तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी कर सकती हैं पति से गुजारा भत्ते की मांग पर लगातार बयानबाजी जारी है। इस फैसले को लेकर मुस्लिम स्कॉलर सूफियान निजामी ने भी गुरुवार को अपनी बात रखी। निजामी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि पति की जिम्मेदारी है कि वो ईद्दत के दौरान महिला का खर्च उठाए। अगर इस्लामी मजहब के जरिए रिश्ता कायम किया गया है और फिर किसी कारणवश वो रिश्ता नहीं रहा, तो फिर तलाक के जरिए रिश्ते से बाहर निकलकर आजाद हो जाएं। निजामी ने कहा कि तलाक के बाद पति की जिम्मेदारी है कि ईद्दत के दौरान पत्नी का खर्च उठाए और उसे जीवन निर्वहन के लिए खर्चा दे।

### फिरोजाबाद में एसडीएम समेत 19 के खिलाफ एफआइआर दर्ज

**फिरोजाबाद @ पत्रिका.** जिले के सिरसागंज भूमि घोटाला प्रकरण में मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई अधिकारियों की निलंबन कार्रवाई से अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शासन के निर्देश पर थाना सिरसागंज में सभी अधिकारियों के अलावा भूमि का बैनामा कराने वाले रिश्तेदारों और परिवारी जनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 1860 और विभिन्न उप धाराओं के तहत कुल 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे में राजस्व विभाग के उन अन्य कर्मचारियों के नाम भी शामिल है, जिन्होंने संबंधित घोटाला कार्रवाई को अनदेखी करते हुए घोटाला कार्रवाई को पूरा करने में सहयोग दिया गया है। संबंधित लोगों की विजिलेंस जांच भी होगी।

उन्नाव के बाद हाथरस में बड़ा हादसा

## खड़े कंटेनर को बस ने पीछे से मारी टक्कर, 2 की मौत, 24 लोग घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**हाथरस.** जनपद के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने सड़क पर खड़े कंटेनर को टक्कर मार दी। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें से 5 की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बागला जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में गंभीर घायल पांच लोगों को अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हाथरस के सीएमओ डॉ मंजीत सिंह ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जिनमें से कुछ मरीजों को अलीगढ़ रेफर किया है। जबकि दो लोगों की मौत हो गई। इससे पहले बुधवार को उन्नाव में भी तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला था। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी।

### बहराइच : बरसाती पानी के गड्ढे में गिरने से बच्ची की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बहराइच .** जिले के नानपारा कोतवाली इलाके में गुरुवार को एक बालिका की बरसाती पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, नानपारा कोतवाली इलाके में स्थित कोटवा ग्राम के मजरा सिद्धन पुरवा निवासी राकेश कुमार की बेटी रुचि गुरुवार दोपहर दो बच्चों के साथ घर से कुछ दूसरी पर स्थित बाग में आम तोड़ने गई थी। वहां से वापस घर लौटते वक्त पैर फिसलने से वह रास्ते में पानी से भरे गड्ढे में डूब गई। साथ गए बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बालिका को बचाने का प्रयास किया, लेकिन गड्ढा गहरा होने के कारण उसकी मौत हो गई ।

## पुलिस एनकाउंटर में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सीतापुर.** खैराबाद क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। उससे पुलिस ने 4200 रुपए की नकदी, बगैर नंबर प्लेट की एक बाइक, अवैध असलहा सहित जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।



पुलिस ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान रहीमाबाद पुल के पास पुलिस गश्ती दल और एसओजी के जवानों ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। इस पर बदमाश ने फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पांव में गोली लगी और वह बाइक से गिर पड़ा, जिसे धर दबोचा गया। खैराबाद थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश पिसावां के टांडा गुरसंडा का बाबर है। गोकशी समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को काफी समय से बदमाश की तलाश थी। दो मुकमदों में वांछित होने के चलते पुलिस ने बदमाश बाबर पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने बदमाश से जिंदा और खोखा कारतूस सहित अवैध असलहा व बाइक को बरामद करते हुए जब्त किया है।

कोर्ट से मिली बड़ी राहत

## पूर्व सांसद जयाप्रदा आचार संहिता उल्लंघन मामले में बरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रामपुर.** पूर्व सांसद और फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा को गुरुवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जयाप्रदा को आचार संहिता उल्लंघन मामले में कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश शोभित बंसल ने यह फैसला सुनाया है। जयाप्रदा ने कहा कि निर्णय से वे खुश और भावुक हैं। सत्य की जीत होती है। अदालत का बहुत धन्यवाद। गौरतलब है कि जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन के दो मामले दर्ज हुए थे। इनमें एक मामला केमरी थाने का है, जिसे वीडियो निगरानी टीम के प्रभारी कुलदीप भटनागर की ओर से



दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि 18 अप्रैल 2019 को भाजपा प्रत्याशी जयाप्रदा की पिपलिया मिश्र गांव में जनसभा हुई थी। जया ने मायावती व आजम खां पर बयान दिया था। एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी होने के बाद पूर्व सांसद के बयान दर्ज होने थे। दूसरे मामले में गवाही चल रही थी, लेकिन पूर्व सांसद कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। कोर्ट ने पूर्व सांसद के खिलाफ कई बार गैर जमानती वारंट जारी किए।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने बदली रणनीति

## हरियाणा में इनेलो-बसपा में सीट बंटवारे पर बनी सहमति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) ने इस साल के अंत में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने पूर्व सहयोगी दल बसपा से फिर से हाथ मिलाने का फैसला किया है। दोनों दलों के नेताओं ने गुरुवार को गठबंधन की औपचारिक घोषणा की है। दोनों दलों के बीच हुए सीटों के बंटवारे के तहत हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी। इनेलो नेता अभय चौटाला गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा भी होंगे। पिछले हफ्ते



मायावती ने गठबंधन की अनुमति दी थी। दोनों दलों के बीच गठबंधन का औपचारिक ऐलान होने के बाद बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि बसपा और इनेलो मिलकर हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में एक साथ लड़ेंगे और वहां की जनविरोधी पार्टियों को हराएंगे।

कानपुर | मेट्रो के लिए हुई थी पेड़ों की कटाई, वन विभाग को किया गया था भुगतान

## 4.5 करोड़ रु. लेकर काटे 1408 पेड़, लगाया एक भी नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कानपुर.** जिले में यूपीएमआरसी मेट्रो परियोजना पर काम कर रही है। यहां कई स्थानों पर मेट्रो जमीन के अंदर से गुजर रही है। इसके लिए आइआइटी, रावतपुर, बेनाझाबर जैसे स्थानों पर मेट्रो के लिए एलिवेटेड पटरी बिछाई गई है। इसके लिए 1408 पेड़ों की कटाई हुई है। इसके बदले वन विभाग को भुगतान भी किया गया है, लेकिन वन विभाग ने एक भी पौधा नहीं लगाया है, जबकि आइआइटी से मोती झील के बीच मेट्रो का संचालन शुरू भी हो गया है। बता दें कि 2019 में कानपुर में मेट्रो का कार्य शुरू हुआ था। पहले चरण में आईआईटी से काम शुरू किया गया था। रास्ते में पड़ने वाले बड़े-बड़े पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग से अनुमति ली गई थी व 1408 पेड़ काटने के बदले 4.5 करोड रु. वन विभाग को दिए थे, जिससे पौधारोपण किया जाना था, एक भी पौधा नहीं लगाया गया।



### क्या कहता है नियम ?

**डीएफओ प्रभारी** अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि वन विभाग के नियम के अनुसार एक पेड़ काटने के बदले 10 पौधे लगाए जाते हैं। इन पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए 5 साल देखरेख करने का नियम भी लागू है। इस संबंध में बताया कि साल 2024-25 में 4.50 करोड रुपए के इस्तेमाल से पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही सीमेंट के ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे, जिससे पेड़ों की सुरक्षा हो सके।

## बिहार-झारखंड अपडेट
BIHAR-JHARKHAND UPDATE

### खास दिन हुआ जन्म


**'विश्व जनसंख्या दिवस'** पर रांची के एक अस्पताल में गुरुवार को तीन बच्चों ने जन्म लिया। इस दौरान अस्पताल में मिठाई बांटकर सभी का मुंह मीठा कराया गया। अस्पताल में नर्स द्वारा नवजात शिशुओं की देखभाल की जा रही है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

## संथाल परगना में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में : मरांडी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को पाकुड़ में राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि ठगबंधन सरकार की तुष्टिकरण नीति में घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है। आदिवासी आबादी खतरे में है। ऐसा लगता है कुछ दिनों में अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। मरांडी ने 1951से लेकर 2011तक हुए जनगणना रिपोर्ट को रखते हुए कहा कि यह भारत सरकार का सेंसस रिपोर्ट है, जो नरेंद्र मोदी जी को देश की सत्ता में आने से पहले का है।

उन्होंने कहा कि आज जनसंख्या दिवस है और आंकड़े बताते हैं कैसे संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही और मुस्लिम आबादी अप्रत्याशित ढंग से घट रही। मरांडी ने कहा कि 1951में संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44.67%थी। मुस्लिम आबादी 9.44% थी और सामान्य आबादी 45.91% थी। आज 2011की जनगणना रिपोर्ट को देखें तो मुस्लिम आबादी में ढाई गुना वृद्धि के साथ 22.73% हो गई जबकि आदिवासियों की आबादी 44.67% से घटकर 28.11% हो गई। यही पर सामान्य आबादी 45.9% से 49.2%तक ही बढ़ी। मरांडी ने कहा कि स्पष्ट है कि संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी को लव जिहाद, लैंड जिहाद के नाम पर सुनियोजित तरीके से घटाया जा रहा है।

### भाजपा नहीं करती वोट बैंक की राजनीति

**उन्होंने कहा** कि साहेबगंज और पाकुड़ की स्थिति तो भयावह है। एक विधानसभा क्षेत्र में 50 हजार मतदाता बढ़ गए ।लगभग 123% की वृद्धि हुई।आखिर यह अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट बैंक की राजनीति नहीं करती। भाजपा देश के लिए राजनीति करती है। राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ हम काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जब जनसंघ का गठन हुआ था उसी समय से हम धारा 370 का विरोध करते थे भले हमारी राजनीतिक ताकत कम थी, लेकिन देश के मुद्दों पर कभी समझौता नही किया। मरांडी ने कहा कि घुसपैठिए भी देश के विरोधी हैं। अनेक देशों ने घुसपैठियों को बाहर किया है। पाकिस्तान ने भी अफगानिस्तानियों को बाहर किया है भले वे मुस्लिम ही क्यों न हों।उन्होंने कहा कि राज्य में घुसपैठ की समस्या को हाईकोर्ट ने भी गंभीर माना है। सभी जिला के उपायुक्तों को इस दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण छोड़ घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कारवाई करे ।उनका संरक्षण बंद करे।

### सीएम हेमंत ने सुनी जनसमस्याएं



**रांची@पत्रिका.** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को आम लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना। कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी शिकायतों तथा समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। सीएम ने स्वयं एक-एक व्यक्ति से उनके आवेदन पत्र लिए। सीएम ने सरकार द्वारा लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं का यथोचित समाधान किए जाने का भरोसा दिया। कई सामाजिक संगठनों ने भी सीएम को शुभकामनाएं दी व विश्वास जताया कि सीएम हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

### जदयू ने बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग दोहराई

**पटना.** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। जदयू के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने गुरुवार को राज्य को विशेष दर्जा देने की मांग दोहराते हुए कहा कि भौगोलिक और ऐतिहासिक कारणों से बिहार प्राकृतिक संसाधनों से वंचित है। उन्होंने कहा कि राजग के प्रमुख सहयोगी जदयू लंबे समय से यह मांग कर रहा है और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि बिहार में न तो कोई खदान न खनिज और न ही कोई समुद्रतट है।

### झारखंड में अगले दो दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**रांची@पत्रिका.** झारखंड में चार दिनों की उमस भरी गर्मी के बाद एक बार फिर मानसून एक्टिव हो गया है। देवघर में सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है। आज भी प्रदेश के कई जिलों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन रांची समेत 14 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बीते दिन बुधवार को भी राज्य के कई जिलों में मध्यम दर्जे की बारिश हुई।

10 दिन की रिमांड स्वीकृत

## नीट पेपर लीक मामले में एक और आरोपी सीबीआइ रिमांड पर

**पटना@पत्रिका.** सीबीआइ की बिहार में पटना स्थित एक विशेष कोर्ट ने एनटीए से आयोजित नीट 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में एक और अभियुक्त को आज दस दिनों के पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए सीबीआइ को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआइ ने इस मामले मे गिरफ्तार एक और अभियुक्त नालंदा के रॉकी को गुरुवार को स्पेशल जज हर्षवर्धन सिंह के समक्ष पेश किया, जहां कोर्ट में उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। सीबीआइ ने एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से गहन पूछताछ के लिए 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। कोर्ट ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए अभियुक्त रॉकी को 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए सीबीआइ को सौंपे जाने का आदेश दिया। दूसरी ओर, सीबीआइ ने पूछताछ के बाद मामले के चार अभियुक्त डॉ. अहसान उल हक, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद जमालुद्दीन और अमन सिंह को कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने उन्हें वापस न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया।

विश्व जनसंख्या दिवस पर बोले केंद्रीय मंत्री

## देश को सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत : गिरिराज सिंह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखीसराय.** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने देश के सामने एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर रही बढ़ती जनसंख्या पर लगाम लगाने के लिए सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की वकालत की। सिंह ने गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कहा कि देश को चीन की तरह जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत है, जो सभी धर्मों पर समान रूप से लागू हो। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि यह एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है क्योंकि देश में जमीन, पेयजल समेत अन्य संसाधन सीमित हैं। उन्होंने कहा कि 147 जिलों में जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। हिंदू महिलाओं की प्रजनन दर मुस्लिम महिलाओं की तुलना में कम है। ऐसे में उन्होंने देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए सख्त कानून लाने की वकालत की और कहा कि अब समय आ गया है कि इस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। सिंह ने भारत की बढ़ती जनसंख्या को सभी के लिए चेतावनी बताया और दोहराया कि कानून का उल्लंघन करने वालों का मताधिकार छीन लिया जाना चाहिए।

### संतुलित जनसंख्या प्रगति की कुंजी

**इससे पहले** केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि संतुलित जनसंख्या प्रगति की कुंजी है और सभी को बढ़ती जनसंख्या के गंभीर परिणामों को समझना चाहिए जो तेजी से संसाधनों को छीन रही है। उन्होंने सभी को जनसंख्या नियंत्रण के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करने और देश को विश्व स्तर पर समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए सतत विकास में सहयोग करने का सुझाव दिया।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# विश्व व्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका के संकेत

यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की पोजिशनिंग का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया, कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा, से यह साफ हो जाता है कि दुनिया अब एक या दो ध्रुवीय नहीं रही।

जाहिर तौर पर एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने की हिम्मत रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बाद एक ध्रुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा। अमरीका या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। इजरायल से नई दोस्ती के बावजूद फिलिस्तीन पर हमारा स्टैंड नहीं बदला है। उसी तरह रूस से अच्छे संबंध का यह मतलब नहीं कि यूक्रेन के मामले में उसे क्लीन चिट दे दें। यही वजह है कि राष्ट्रपति पुतिन को मोदी ने शांति का पाठ पढ़ाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। भारत की इस भूमिका के बीच अब अमरीका भी यह कहने में संकोच नहीं कर रहा है कि भारत को यूक्रेन युद्ध रोकने की पहल करनी चाहिए। फिलहाल शांति के पक्षधर अन्य देश भारत के साथ मिलकर रास्ता खोजने की पहल कर रहे हैं। ऑस्ट्रिया का रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौता वार्ता का मंच बनने की इच्छा जाहिर करना यही बताता है।

बहरहाल, वैश्विक राजनीति से इतर भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी। 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे।

**विश्व परिदृश्य:** भारत, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों के चुनावों के बाद सबकी नजर अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव पर

# दक्षिणपंथियों पर अंकुश, नए 'वर्ल्ड ऑर्डर' की आहट



'अमरीका बनाम अमरीका' पुस्तक के लेखक **द्रोण यादव** का वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य पर एक विश्लेषण
@patrika.com

**नैन्सी पेलोसी के बाद बाइडन के चुनाव अभियान के प्रमुख आर्थिक सहायकों में से एक जॉर्ज क्लूनी भी उन लोगों की सूची में शामिल हो गए हैं जो नया डेमोक्रेट प्रत्याशी देखना चाहते हैं, ताकि दक्षिणपंथी ट्रंप को पुनः राष्ट्रपति बनने से रोका जा सके।**

हाल ही ब्रिटेन और फ्रांस में संपन्न हुए चुनावों के बाद दोनों देशों में सरकारों की पुनर्स्थापना तय हो गई है। दोनों देशों में हुए चुनाव में यह समानता थी कि तत्कालीन प्रमुखों द्वारा सरकार का कार्यकाल पूर्ण होने से पहले ही मध्यावधि चुनाव की घोषणा कर दी गई। एक समानता यह भी थी कि वामपंथी व केंद्रवादी दलों द्वारा दक्षिणपंथी विचारधारा की पार्टियों को रोकने के लिए यह चुनाव लड़े गए, जिसमें कुछ हद तक कामयाबी भी प्राप्त हुई। ब्रिटेन में जहां लेबर पार्टी ने कंजर्वेटिव पार्टी के 14 वर्ष के शासन पर विराम लगा दिया, वहीं दूसरी ओर फ्रांस में भी अति-दक्षिणपंथी दल 'नेशनल रैली' को वामपंथी दलों के 'नेशनल पॉपुलर फ्रंट' ने तीसरे स्थान पर धकेल दिया और स्वयं फ्रांस के सबसे बड़े गठबंधन के रूप में उभरे हैं। फ्रांस का चुनाव परिणाम ब्रिटेन के मुकाबले इसलिए ज्यादा रोचक हो जाता है क्योंकि परिणाम अनुमान के एकदम विपरीत आया है और किसी को भी पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं है और केंद्रवादी, वामपंथी व दक्षिणपंथी दलों के प्रत्याशी इस तरह से विजयी हुए हैं कि एक-दूसरे के सहयोग के बिना सरकार बना पाना मुश्किल है।

इस वर्ष नवंबर में अमरीका के भी चुनाव होने हैं और ब्रिटेन व फ्रांस के चुनावों को गौर से देखा जाए तो अमरीकी चुनाव के लिए भी इसमें एक संदेश है, विशेषकर अमरीका की डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए। यूरोप के दो महत्त्वपूर्ण देशों के इन चुनावों में मुद्दे भले ही कई थे जिनसे चुनाव अभियानों को गति मिली, लेकिन योजना अलग-अलग विचारधारा के लोगों को एक पटल पर लाने की थी ताकि दक्षिणपंथी विचारधारा को रोका जा सके। यह योजना कुछ हद तक सफल भी हुई। दोनों ही देशों में दक्षिणपंथियों के खिलाफ माहौल बना। जहां तक ब्रिटेन की बात है, वहां अधिकांश वोटर कंजर्वेटिव पार्टी के 14 वर्ष के कार्यकाल के खिलाफ वोट डाल रहा था, न कि लेबर पार्टी से उत्साहित होकर। यही कारण है कि 2001 से लेकर अब तक का यह ब्रिटेन चुनावों का सबसे कम वोट प्रतिशत था। इसके विपरीत फ्रांस में 1981 से लेकर अब तक का सबसे अधिक वोट प्रतिशत देखने को मिला। लेकिन इसका भी कारण संभवतः यह था कि सभी वामपंथी दलों ने अपने मतभेद एक ओर रखकर एक साथ चुनाव लड़ा। इससे आम तौर पर बंट जाने वाला वोट बंटा नहीं। ऐसा करने के लिए, और दक्षिणपंथी विचारक पार्टियों को बढ़ने से रोकने के लिए सभी दलों के कई नेताओं और संभावित प्रत्याशियों को समझौता करना पड़ा, यानी उनमें से कई चुनाव मैदान में नहीं उतरे।

भारत के उदाहरण से समझें तो यहां भी आम चुनाव में यही हुआ था। भाजपा पर नफरत की राजनीति का आरोप लगाकर अन्य सभी दल एक हो गए और भाजपा को बहुमत प्राप्त करने से रोक दिया। हालांकि अमरीका ब्रिटेन, फ्रांस और भारत से अलग लोकतांत्रिक व्यवस्था है जहां दो ही प्रमुख पार्टियां हैं और उनके चयनित प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होता है, लेकिन परिस्थिति वहां भी लगभग ऐसी ही बनी हुई है।

इस समय अमरीका में चुनाव न लड़ने के लिए समझौते और त्याग की उम्मीद एक ही व्यक्ति से की जा ही है और वह शख्स हैं राष्ट्रपति जो बाइडन। इस उम्मीद की वजह एक ही है कि दक्षिणपंथी विचारधारा के रिपब्लिकन प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रंप को रोका जा सके। बाइडन की फिर से दावेदारी पर उनकी उम्र व बीमारी की वजह से लगातार सवाल खड़े किए जा रहे हैं। अब आम लोग व राजनीति के जानकार ही नहीं, बल्कि डेमोक्रेटिक पार्टी के अन्य नेता व समर्थक भी बाइडन के स्थान पर नए प्रत्याशी को लाने की बात कर रहे हैं। हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी की वरिष्ठ नेता व हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की पूर्व सभाध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने सार्वजनिक रूप से बाइडन को अपनी दावेदारी पर पुनर्विचार करने की बात कही। बाइडन के चुनाव अभियान के प्रमुख आर्थिक सहायकों में से एक जॉर्ज क्लूनी भी उन लोगों की सूची में शामिल हो गए हैं जो नया डेमोक्रेट प्रत्याशी देखना चाहते हैं, ताकि ट्रंप को पुनः राष्ट्रपति बनने से रोका जा सके। बाइडन के चुनावी दौड़ में होने से मुकाबला 2020 जैसा ही बना हुआ है। चुनाव को लेकर लोगों में एक उदासीनता देखी जा रही है और वे बाइडन को ट्रंप के सामने कम आंक रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि 19 अगस्त को होने वाली डेमोक्रेट्स की कन्वेंशन से पहले बाइडन को चुनाव लड़ने की जिद से रोकना जरूरी है, ताकि समय रहते नए प्रत्याशी को तैयार किया जा सके।

पूर्व में डेमोक्रेटिक पार्टी से अमरीका के राष्ट्रपति रहे लिंडन जॉनसन भी 1968 में एक बार अपनी दावेदारी छोड़ चुके हैं, जिसके बाद उनके उपराष्ट्रपति रहे ह्यूबर्ट हम्फ्री डेमोक्रेट प्रत्याशी बने लेकिन रिपब्लिकन प्रत्याशी रिचर्ड निक्सन से हार गए। भारत, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों के चुनावों के बाद सबकी नजर अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव पर ही है। विश्व के कई इलाकों में अस्थिरता के चलते इस चुनाव के परिणाम निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं क्योंकि भावी अमरीकी राष्ट्रपति महत्वपूर्ण देशों की हाल ही में सत्तारूढ़ सरकारों से कैसे तालमेल बैठाते हैं, इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। वर्ष 2024 में कई महत्त्वपूर्ण देशों की सरकारों में बदलाव आया है। यदि कोई पार्टी पुनः सरकार बना भी पाई है तो पहले जैसा बहुमत हासिल नहीं कर पाई। इससे एक बात तो निश्चित ही कही जा सकती है कि नवंबर में अमरीका के चुनाव संपन्न होने और नए वर्ष की शुरुआत के साथ दुनिया 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' देखेगी।

## फैक्ट फ्रंट

### भारत निर्मित स्टीमर जहाज हुआ लॉन्च



भारत में निर्मित पहला स्टीमर जहाज डायना 12 जुलाई 1823 को कोलकाता में लॉन्च किया गया था। इसका निर्माण किडरपोर में मेसर्स किड्स एंड कंपनी द्वारा किया गया था। 1825 में, इसे एंग्लो-बर्मी युद्ध के दौरान इरावदी नदी में भेजा गया था। बाद में, इसे बर्मा (म्यांमार ) के तेनासेरिम क्षेत्र में भेजा गया। यह 1835 में कोलकाता लौट आया और इसे तोड़ दिया गया। 1836 में कोलकाता में दूसरा डायना लॉन्च किया गया था । इसका इस्तेमाल सिंगापुर के जलक्षेत्र में समुद्री डकैती के खिलाफ लड़ने के लिए किया गया था।

**बाढ़:** सरकारों को हालात की गंभीरता समझनी होगी

# पानी ने मचाई तबाही, आपदा प्रबंधन की खुल रही पोल

देश के कुछ हिस्सों में बारिश के रौद्र रूप लेने ने जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आर्थिक नुकसान के अलाव जानमाल की भी क्षति लगातार हो रही है। हालात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करीब 300 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए समाज भी आगे आया है। लेकिन, आपदा प्रबंधन के मामले में सरकारों की कमजोरी सामने आई है। राहत और बचाव के प्रयास नाकाफी हैं। आपदा प्रबंधन अमला सफेद हाथी साबित हो रहा है।

हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बारिश ने आपदा प्रबंधन की पोल खोली है, जबकि अभी आगे इससे भी ज्यादा बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। आपदा प्रबंधन के लिए तैयारी के लिए लंबा वक्त होता है। ईमानदारी से आपदा प्रबंधन पर ध्यान दिया जाए तो ऐसी स्थितियों से काफी हद तक निपटा जा सकता है और लोगों को बचाया जा सकता है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तैयारियां कितनी करते हैं और कितनी गंभीरता से करते हैं, उसकी तस्वीर कोई आपदा आने पर दिखती है। आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को अच्छे से ज्ञात होता है कि हिंदुस्तान अपनी अनूठी भू-जलवायु स्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन कोई नई बात नहीं हैं। इनसे निपटने के लिए पूर्व में अच्छी तैयारी क्यों नहीं की जाती?



**डॉ. रमेश ठाकुर**
पत्रकार और स्तम्भकार
@patrika.com

यह बात भी समझनी होगी कि भारत के कुछ भागों में बाढ़ की स्थिति सिर्फ यहां बारिश के कारण ही पैदा नहीं हुई है। इसके दूसरे कारण भी हैं। नेपाल ने बारिश का पानी भारत की ओर मोड़ दिया है जिससे भारत का तराई क्षेत्र और आसपास सटे जिले और गांव-कस्बे बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। पूर्वी बिहार में बहने वाली कोसी नदी उफान पर है। दर्जन भर जिलों को सड़क मार्ग पूरी तरह से कट गया है। बाढ़ पीड़ित लोग बमुश्किल सुरक्षित जगहों पर पनाह ले पा रहे हैं। पीलीभीत, लखीमपुर, बलरामपुर, बहराइच आदि जिलों के लोग जहां-तहां भाग रहे हैं। असम, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमाचल, पश्चिम बंगाल, बिहार बाढ़ से ज्यादा प्रभावित हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि मानसून के दो-ढाई महीने ऐसे होते हैं जो आपदा प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होते हैं। मानसून से पूर्व करीब 10 महीनों का प्रर्याप्त समय उनके पास तैयारियों का होता है। राष्ट्रीय स्तर पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बना हुआ है। साथ ही राज्यों में भी आपदा प्रबंधन का अलग से विभाग है। इसके बावजूद बारिश में उनके तमाम कागजी प्रयासों की पोल खुल जाती है। आपदा प्रबंधन के मामले में इन विभागों की विफलता इससे साबित हो जाती है कि प्रभावित लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स, सीआरपीफ की टुकड़ियां लगानी पड़ती हैं।

आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार की महती आवश्यकता है। विभाग को आधुनिक करके नई तकनीकों को अपनाना होगा। उसे आधुनिक संसाधनों से लैस करना होगा और कर्मचारियों के खास प्रशिक्षण पर ध्यान देना होगा। लोगों को बचाने की दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। अभी तो आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों से हालात नहीं संभल रहे हैं। उनमें आपसी समन्वय में कमी तो है ही, अपर्याप्त फंडिंग, सीमित सार्वजनिक भागीदारी और अपर्याप्त संसाधनों की दुहाई भी दी जा रही है। विकसित भारत का सपना देखा जा रहा है। हम चांद पर भी पहुंच चुके हैं। अफसोस इस बात का है कि बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने में हम अब भी अक्षम हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को हालात की गंभीरता समझनी होगी और आपदा प्रबंधन के नेटवर्क को मजबूत करने लिए ठोस कदम उठाने पर ध्यान देना चाहिए।

**अजब-गजब:** डिजाइन और इंजीनियरिंग का फ्यूजन!



**दक्षिण-पश्चिम चीन** की चोंगकिंग नगरपालिका में चोंगकिंग रेल ट्रांजिट की लाइन-2 पर बना यह है लिजिबा मोनोरेल स्टेशन। यह युजोंग जिले में स्थित है और इसे वर्ष 2005 में आम लोगों के लिए खोला गया था। यह स्टेशन 19-मंजिला आवासीय इमारत की छठी से आठवीं मंजिल के बीच स्थित है। आस-पास के घरों में रहने वाले लोगों को स्टेशन के शोर से परेशानी न हो, इसके लिए शोर कम करने वाले विशेष उपकरणों का इस्तेमाल किया गया है। इस स्टेशन के बारे में अक्सर यह बताया जाता है कि आवासीय इमारत पहले से थी और स्टेशन बाद में बनाया गया। जबकि वास्तविकता यह है कि स्टेशन और आवासीय इमारत का निर्माण एक साथ एक ही स्ट्रक्चर के तौर पर किया गया था। अपने अत्याधुनिक डिजाइन के चलते लिजिबा स्टेशन को चीन की सात दशक से भी लंबी विकास यात्रा में मील का पत्थर माना जाता है।

## प्रसंगवश

### सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर हो स्कूलों का एकीकरण

**यह तो तय करना ही होगा कि ग्रामीण क्षेत्र में एकीकरण के बाद कोई भी बच्चा नामांकन से नहीं छूटे**

नई शिक्षा नीति का हवाला देते हुए प्रदेश में सरकारी स्कूलों के एकीकरण की कवायद शुरू की जा रही है। इसके तहत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के स्कूलों को नजदीक के सीनियर सैकण्डरी स्कूल में समायोजित किया जाएगा। जाहिर तौर पर एकीकरण की इस व्यवस्था में उन बच्चों की पढ़ाई पर संकट के बादल मंडरा सकते हैं जहां स्कूल ज्यादा दूर है। कवायद किस तरह से होगी इसकी रूपरेखा अभी बनना बाकी है। इसलिए शिक्षा सत्र शुरू होने के बावजूद असमंजस बरकरार है कि जिन स्कूलों को दूसरे स्कूल में मर्ज होना है, वहां बच्चों का दाखिला किया जाए या नहीं। करीब 186 सीनियर सैकण्डरी स्तर के स्कूलों में अभी प्राथमिक कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा। इनमें कुछ में छठी से बारहवीं और कुछ में नवीं से बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित हैं। एकीकरण करते वक्त बच्चों के नामांकन के साथ-साथ इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि शिक्षक-विद्यार्थी का अनुपात भी शैक्षणिक मापदण्डों के हिसाब से रखा जाए। आम तौर पर स्कूलों का एकीकरण होने से कई शिक्षकों के पद ही खत्म हो जाते हैं। जो शिक्षक पहले से ही कार्यरत हैं वे तो समीप के स्कूल में पदस्थापित हो जाएंगे लेकिन रोजगार के नए अवसर कम होने का खतरा बन जाएगा।

जिन स्कूलों को समायोजित करने की तैयारी चल रही है, वहां स्कूल भवनों का इस्तेमाल क्या होगा यह भी विचार करना होगा। ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में ज्यादा समस्या आ सकती है क्योंकि एक स्कूल के समायोजित होने पर बच्चे दूसरे स्कूल में दाखिला ले ही लेंगे, इसकी निगरानी कौन करेगा? स्कूल मर्ज हो भी जाएं तो उनके भौतिक संसाधनों के साथ-साथ पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति भी करनी होगी। खास तौर से प्राथमिक कक्षाओं के लिए। ऐसा इसलिए क्योंकि नींव मजबूत होने पर ही बच्चों की आगे की पढ़ाई-लिखाई मजबूत होगी। एकीकरण के पुराने अनुभव भी सरकार के सामने हैं। बेहतर तो यह होता कि एकीकरण जैसे प्रयास ग्रीष्मावकाश के दौर में होते। यह तो तय करना ही होगा कि ग्रामीण क्षेत्र में एकीकरण के बाद कोई भी बच्चा नामांकन से नहीं छूटे। यदि मूल स्कूल से दूरी बढ़ जाए तो बच्चों के आवागमन का बंदोबस्त भी करना होगा। इस बात को भी ध्यान रखना होगा कि बिना सोचे समझे एकीकरण करने का पहले भी प्रदेश भर में जनता ने विरोध किया था। -चन्द्रप्रकाश जोशी

cp.joshi@in.patrika.com

**सामयिक:** छोटे दलों का इस्तेमाल करने में कोई राष्ट्रीय दल संकोच नहीं करता

# 'परजीवी' राजनीति से ही बनते हैं गठबंधन



**राज कुमार सिंह**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं
@patrika.com

**यूपी-बिहार में कांग्रेस की कमजोरी को कई प्रेक्षक उन क्षेत्रीय दलों से गठबंधन का नतीजा मानते हैं, जिन्होंने उसका जनाधार छीन लिया। इसलिए सत्ता-स्वार्थ से प्रेरित गठबंधनों में भी शह-मात का खेल स्वाभाविक है।**

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को एक नया नाम दिया – 'परजीवी'। 18वीं लोकसभा के चुनाव परिणामों के हवाले से मोदी ने बताया कि कांग्रेस अपने बल पर नहीं, सहयोगी दलों के दम पर आगे बढ़ी है। बेशक, इन चुनावों में कांग्रेस 52 से 99 सीटों तक पहुंची, तो उसमें 'इंडिया' गठबंधन के घटकों के बीच तालमेल का बड़ा योगदान है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पिछली बार रायबरेली सीट पर सिमट गई थी, इस बार समाजवादी पार्टी से गठबंधन कर लड़ी गई 17 सीटों में से 6 जीत गई। दरअसल, गठबंधन किए ही परस्पर लाभ के गणित के आधार पर जाते हैं। स्वार्थ पर बने रिश्ते तभी तक चल पाते हैं, जब तक दोनों का स्वार्थ सिद्ध होता हैं। अक्सर बड़े दल, छोटे दलों को कमजोर भी करते हैं। इस मामले में कोई भी राष्ट्रीय दल अपवाद नहीं। चुनाव के तुरंत बाद पुराने रिश्ते तोड़ नए रिश्ते बनाने के उदाहरण भी हैं। अब भाजपा-नीत राजग में भाजपा के बाद जो तेलुगु देशम पार्टी दूसरा बड़ा दल है, वह कभी तेलुगु सिनेमा के सुपर स्टार एनटी रामाराव ने बनाई थी। जनता के जबर्दस्त समर्थन से वह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री भी बने।

एनटीआर के निधन के बाद दामाद चंद्रबाबू नायडू पर तेदेपा पर कब्जा करने के आरोप लगे और उनकी विधवा लक्ष्मी पार्वती ने अलग एनटीआर तेदेपा बना ली। 1998 के चुनाव भाजपा ने उसी एनटीआर तेदेपा से गठबंधन कर लड़े थे, पर जब परिणाम नायडू की तेदेपा के पक्ष में गए तो पुराना रिश्ता तोड़ नया रिश्ता बनाने में देर नहीं लगाई, क्योंकि गठबंधन का मकसद आंध्र प्रदेश में अपने पैर जमाना था। नायडू से भाजपा की दोस्ती लंबी चली। अहं के टकराव के चलते दोस्ती टूटी तो राजनीतिक जरूरतों ने फिर साथ ला दिया। अब दोनों ही जैसी गर्मजोशी दिखा रहे हैं, उसे देख कोई विश्वास नहीं करेगा कि 2018 के बाद ये परस्पर आरोप-प्रत्यारोप में न्यूनतम शिष्टाचार की भी सीमाएं लांघ गए थे।

दरअसल राजनीति, अब राज की नीति भर बन कर रह गई है। राज जैसे भी मिले और फिर बना रहे - इसी उद्देश्य से तमाम राजनीतिक कवायद की जाती है। बिहार का उदाहरण भी देख लीजिए। 1996 में जब भाजपा के विरुद्ध राजनीतिक अस्पृश्यता चरम पर थी, तब जॉर्ज फर्नांडीज के नेतृत्व वाली समता पार्टी ने पीएम के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी को समर्थन देने का जोखिम लिया था। उसी समता पार्टी का नया नामकरण जनता दल यूनाइटेड हुआ। इस लिहाज से जदयू, भाजपा के सबसे पुराने राजनीतिक मित्रों में से है, पर नीतीश कुमार के दो बार अलगाव के समय दोनों ही दलों ने एक-दूसरे के प्रति जैसी शब्दावली का इस्तेमाल किया, वह सामान्य व्यवहार में भी उचित नहीं मानी जाती। लेकिन बदलती राजनीतिक जरूरतों के बीच रिश्ते भी निसंकोच बदलते रहे। जदयू को कमजोर करने के आरोप भी भाजपा पर लगे। 2020 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन के बावजूद जदयू के उम्मीदवारों को हराने के लिए चिराग पासवान की लोजपा के इस्तेमाल का आरोप खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लगाया। आरसीपी सिंह प्रकरण को भी जदयू को कमजोर करने के रूप में देखा गया, पर हाल के लोकसभा चुनाव से पहले जदयू और भाजपा फिर दोस्त बन गए। बाल ठाकरे की शिवसेना भी भाजपा के पुराने मित्रों में रही। महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा, शिवसेना के सहारे ही आगे बढ़ी। भाजपा जूनियर पार्टनर थी, इसलिए जनादेश मिलने पर मुख्यमंत्री पद शिवसेना को मिलता रहा और भाजपा को उप मुख्यमंत्री पद। बाल ठाकरे के निधन के बाद भी गठबंधन तो रहा, पर महत्त्वाकांक्षाएं बढ़ गईं, जिनका परिणाम 2019 में अलगाव के रूप में आया।

जदयू और शिवसेना की तरह शिरोमणि अकाली दल भी भाजपा का पुराना मित्र रहा। अटल बिहारी वाजपेयी और प्रकाश सिंह बादल ने जिस दोस्ती की बुनियाद रखी, वह पंजाब में दशकों चली, पर महत्वाकांक्षाओं के टकराव से रिश्ते कमजोर होने लगे। इन लोकसभा चुनाव से पहले तेदेपा की तरह अकाली दल से भी फिर हाथ मिलाने की कोशिश हुई, पर अविश्वास की खाई पाटी नहीं जा सकी। जाहिर है, छोटे दलों का इस्तेमाल करने में कोई राष्ट्रीय दल संकोच नहीं करता। कई राज्यों में बड़े दल सरकार बनाते ही सबसे पहले समर्थक छोटे दलों को तोड़ते हैं। पश्चिम बंगाल में तीन दशक से भी ज्यादा शासन करने वाला वाम मोर्चा अपवाद माना जा सकता है। शायद इसलिए कि आधार समान विचारधारा थी। कई बार पासा पलट भी जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में कांग्रेस की कमजोरी को कई प्रेक्षक उन क्षेत्रीय दलों से गठबंधन का परिणाम भी मानते हैं, जिन्होंने उसका जनाधार छीन लिया। इसलिए सत्ता-स्वार्थ से प्रेरित गठबंधनों में भी शह-मात का खेल स्वाभाविक है।

## आपकी बात

### अभियान चलाया जाए

सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि लोगों की समझ बढ़े। यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाया जाए।
-संजय बिश्नोई, बीकानेर

**आज का सवाल**

**बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभावों से कैसे बचाया जा सकता है?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com पर पढ़ें**

### पाठकों की प्रतिक्रियाएं

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'देश में सड़क हादसों में कमी क्यों नहीं आ रही?' प्रतिक्रियाएं ऑनलाइन भी देखें।
इसे स्कैन करें
https://shorturl.at/RXWZ9

पॉवर कंपनी

## भीम सिंह कंवर बने सीएसपीडीसीएल के नए एमडी



**रायपुर @ पत्रिका.** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) में गुरुवार को नए पूर्णकालिक प्रबंध संचालक/संचालक की नियुक्त कर दी गई। राज्य शासन ने कार्यपालक निदेशक (संचालक/संधारण) भीम सिंह कंवर को सीएसपीडीसीएल का नया प्रबंध संचालक नियुक्त किया है। उन्हें कार्यवाहक एमडी आरके शुक्ला की जगह नियुक्त किया गया है। आरके शुक्ला पिछले कुछ महीनों से कार्यवाहक एमडी के रूप में पद संभाल रहे थे। भीम सिंह कंवर के प्रबंध संचालक नियुक्त करने के संबंध में आदेश जारी किया जा चुका है। भीम सिंह ने 11 जुलाई को ही एमडी का पद संभाल लिया। उल्लेखनीय है कि भीम सिंह अप्रैल माह में रायपुर के गुढियारी स्थित सीएसपीडीसीएल स्टोर में लगी आग के कारणों के जांच के लिए गठित समिति के अध्यक्ष भी रहे हैं, जिन्होंने रिपोर्ट तो सौंपी दी थी, जिसका अब तक खुलासा नहीं हुआ।

**बिजली कटौती रोकना बड़ी चुनौती:** संचालक भीम सिंह ने सीएसपीडीसीएल को प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी ऐसे समय में मिली है, जब पूरे प्रदेश के आम उपभोक्ता अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं। आए दिन घंटों बिना कारण बताए बिजली कटौती की जा रही है। ऐसे में बिजली कटौती रोकना और निर्बाध बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुदृढ़ करना सीएसपीडीसीएल के नए प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर के सामने बड़ी चुनौती है। प्रदेश में सरप्लस बिजली के बावजूद रायपुर समेत कई बड़े शहर के उपभोक्ता अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं।

संसदीय व्यवस्था में वित्तीय समितियों की भूमिका अहम

## डॉ. रमन सिंह को अब ऑनलाइन मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**रायपुर @ पत्रिका.** विधानसभा की वर्ष 2024-25 के लिए गठित वित्तीय समितियों लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति औ स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति की संयुक्त बैठक गुरुवार को परिसर स्थित समिति कक्ष कमांक-1 में हुई।

प्रथम बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। समिति की प्रथम बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, इस वर्ष वित्तीय समितियों में दो पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं शेष दो समितियों में से अतिवरिष्ठ सदस्य सभापति के रूप में नामित हैं। इन वरिष्ठ सदस्यों के अनुभवों एवं संसदीय ज्ञान का लाभ हम सब को मिलेगा। संसदीय शासन प्रणाली में समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संसद एवं विधान मंडल के बहुत से कार्य लघु सदन के रूप में समितियों के माध्यम से किए जाते हैं। विधान सभा में 21 समितियां है, इनमें लोक लेखा समिति एवं प्राक्कलन समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति एवं स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति सदन की वित्तीय समितियां हैं। वित्तीय कामकाज की संपूर्ण समीक्षा, नियंत्रण एवं यथा आवश्यक सुझाव, अनुशंसा संबंधी कार्य इन समितियों के द्वारा किया जाता है।

## त्रिवेणी संगम सूखा... कैसे होगा सावन में जलाभिषेक



नवापारा-राजिम. इलाके में मानसून की दस्तक को 20 दिन से ज्यादा बीत चुके हैं। इसके बावजूद त्रिवेणी संगम सूखा है। 20 जुलाई से सावन शुरू होने वाला है। भोलेनाथ को जल चढ़ाने प्रदेशभर से कांवरिए यहां जल ले जाने आएंगे। ठहरा हुआ पानी अभी बदबू मार रहा है। यही हाल रहा तो सावन में यह आचमन के लायक भी नहीं रहेगा। -फोटो : विनोद जैन

**मौसम की बेरुखी** नहीं बरस रहे बदरा, किसान चिंतित, रोपाई का काम अटका

# नदियां सूखी, खेतों में दरार

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर/दुर्ग/बिलासपुर.** मानसून की बेरुखी ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। नदियों की धार पतली हो गई है। खेतों में दरारे पड़ गईं हैं। जिन किसानों ने रोपाई कर दी है उन्हें नुकसान होने का डर सता रहा है। प्रदेश के पांचों संभागों में कमोबेश यही स्थिति है। नदियों में पानी कम होने से बांध भी पूरी तरह नहीं भर पा रहे हैं।

धमतरी

### बांध और तालाब सूखे, खेतों में दरार का डर

**धमतरी.** बारिश में धमतरी जिला बुरी तरह पिछड़ा है। गंगरेल समेत मुरुमसिल्ली, दुधावा, सोंढूर बांध सूखने की कगार पर हैं। तालाबों की भी हालत पतली है। खेती-किसानी का काम भी पिछड़ने लगा है। कृषि विभाग के अनुसार, धमतरी जिले में अब तक 44.60 हजार हैक्टेयर में बोवनी हो चुकी है। बोर सुविधा वाले रोपा भी लगा रहे हैं। इधर, कम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ रही है।

दुर्ग

### खेतों में पानी नहीं होने के कारण अटके रोपाई के काम

**पखवाड़ेभर** से दुर्ग जिले में ठीक से बारिश नहीं हुई है। इससे बारिश का आंकड़ा पिछले साल की तुलना में पिछड़ गया है। अल्पवर्षा व खंडवर्षा के कारण अब खेतों में दरार दिखने लगी है। जिले के करीब 20 फीसदी किसान रोपाई पद्धति से धान की फसल लेते हैं। इनके खेतों में नर्सरी तैयार है, लेकिन पानी की कमी के कारण रोपाई का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

महासमुंद

### खेत सूखे, किसान चिंतित, बांधों में पानी कम

**महासमुंद.** जिले में भी नदी, तालाब और बांध प्यासे हैं। जिले में 1 जून से अब तक 181 मिमी बारिश हुई है। 11 जुलाई तक की स्थिति में औसत के हिसाब से 36 फीसदी कम बारिश हुई है। मानसून की बेरुखी से किसान भी चिंतित है। जिले के सबसे बड़े बांध में 7.10 फीट पानी है। केशवा जलाशय में 13.6 फीट पानी है। जिले के 100 लघु जलाशयों में 95 में 25 प्रतिशत भी पानी नहीं है।

बेरुखी

### छत्तीसगढ़ में 31 फीसदी कम बारिश

प्रदेश में मानसून आए एक माह से ज्यादा बीत गया है। इसके बावजूद पर्याप्त पानी नहीं गिर रहा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रदेश में अब तक 221.4 मिमी बारिश ही हुई है। जबकि सामान्य बारिश 320.6 मिमी है। यानी अब तक 31 फीसदी कम पानी गिरा है। मौसम विभाग ने 11 जुलाई को प्रदेश में व्यापक वर्षा व एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की थी।

### अधिकतर नदियों की धार पतली

**दुर्ग संभाग:** यहां नदियों की धार पतली हो गई है। इनमें शिवनाथ, आमनेर, तांदुला, खरखरा और हाफ नदियां शामिल हैं।

**बिलासपुर संभाग:** मनियारी, महानदी, अरपा, खारंग नदी, शिवनाथ, आगर और लीलागर नदियां शामिल हैं।

**रायपुर संभाग:** यहां की नदियों में भी पानी नहीं के बराबर है। जिसमें महानदी, सेंदुर, पैरी, सोंदुर, जोन और खारुन नदी शामिल हैं।

## किसानों को डर कहीं पीले न पड़ जाएं धान के पौधे



**दुर्ग.** यह खेत नगपुरा के आगे धमधा ब्लॉक के गांव ढाबा रोड का है। खेतों में पानी नहीं है, जिसके कारण दरारें पड़ने लगी है। किसानों का कहना है कि सप्ताह भर के अंदर अगर बारिश नहीं होती है, तो फसल पीली पड़ कर मुरझाने लगेगी। धान के पौधे बड़े हो रहे हैं, इसलिए खेतों में पानी की जरूरत हैं, तभी पौधों में ग्रोथ होगी।

दुर्घटना

## ट्रक और स्कार्पियो में भीषण टक्कर, दो की मौत

**जशपुरनगर @ पत्रिका.** गुरुवार शाम लगभग पौने 7 बजे, कुनकुरी-तपकरा स्टेट हाईवे सड़क में जिले के केरसई गांव में एक तेज रफ्तार ट्रक और स्कार्पियो वाहन के बीच आमने सामने की जबरदस्त भिड़ंत होने की खबर है। जानकारी के अनुसार इस भीषण सड़क दुर्घटना में स्कार्पियो में सवार 2 लोगो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हैं। एक मृतक का शव स्कार्पियो से बाहर निकाला जा चुका है, जबकि स्कार्पियो वाहन के चालक को अभी तक बाहर नहीं निकला जा सका है।

**स्कार्पियो के परखच्चे उड़े:** भीषण टक्कर के बाद स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रक और ट्रक चालक को अपने कब्जे में ले लिया है। हादसे की सूचना के बाद तपकरा पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हो चुकी है। अभी मृतकों की पहचान नहीं हुई है।

**कार को ट्रक ने मारी टक्कर :** बिलासपुर से जा रहे थे रायपुर

## भाजपा नेता प्रबल प्रताप सड़क हादसे में घायल



प्रबल प्रताप की कार को टक्कर मारने वाला ट्रक। **इनसेट:** भाजपा नेता की कार

**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर/रायपुर.** भाजपा के कद्दावर नेता रहे दिलीप सिंह जूदेव के पुत्र प्रबल प्रताप सिंह सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। बिलासपुर से रायपुर जाने के दौरान उनकी कार को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद प्रबल प्रताप को रायपुर भेजा गया है। है। हादसा मुंगेली जिले के सरगांव थाना क्षेत्र में हुआ है।

बताया जा रहा है कि कार के सामने मवेशी आने पर अचानक ब्रेक लगाया। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के दौरान कार में गनमैन, ड्राइवर और प्रबल प्रताप मौजूद थे। हादसे के बाद प्रबल प्रताप को रायपुर के बालाजी अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर राम गणेश यादव (34) को हिरासत में ले लिया है। वह मध्य प्रदेश के सतना जिले के पहाड़ी पश्मनिया पठार का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इधर रायपुर में बालाजी अस्पताल के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने बताया कि मरीज की हालत खतरे से बाहर है। उनके चेस्ट में अंदरूनी चोटें आई हैं।

**8-8 लाख का था इनाम:** गढ़चिरौली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण

## लाल आतंक का रास्ता छोड़ मुख्यधारा में लौटी दो हार्डकोर महिला नक्सली

**पत्रिका ब्यूरो @ राजनांदगांव .** महाराष्ट्र सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर नक्सलियों द्वारा लाल आतंक का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को कई घटनाओं में शामिल दो हार्डकोर महिला नक्सलियों ने गढ़चिरौली पुलिस के सामने हथियार डालकर आत्मसमर्पण किया। दोनों महिला नक्सलियों पर महाराष्ट्र सरकार ने 16 लाख का इनाम घोषित किया था। जानकारी के अनुसार नक्सलवाद के खोखले दावों और नागरिकों के खिलाफ उनकी विवेकहीन हिंसा से निराश होकर प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के बड़ी संख्या में सदस्य आत्मसमर्पण सह पुनर्वास नीति की ओर आकर्षित हुए हैं।

### 20 एनकाउंटर समेत प्रमिला पर 40 मामले



**बुधवार** को दो कट्टर महिला नक्सली प्रमिला सुखराम बोगा उर्फ मंजूबाई (36) प्लाटून पार्टी समिति सदस्य निवासी बोगाटोला (गजामेंधी) गढ़चिरौली और अखिला शंकर पुडो उर्फ रत्नमाला उर्फ आरती (40) प्लाटून पार्टी समिति सदस्य निवासी मार्केगांव गढ़चिरौली ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। प्रमिला सुखराम बोगा 2005 से 2022 तक पीपीसीएम (प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य) के रूप में काम कर रही थी। उसके खिलाफ 40 अपराध दर्ज हैं। जिसमें 20 एनकाउंटर, 2 आगजनी और 18 अन्य अपराध शामिल हैं।

### अखिला शंकर पर 7 मामले हैं दर्ज



**वहीं** अखिला शंकर पुडो ने 2010 से अब तक पीपीसीएम (प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य) के रूप में काम किया। उसके खिलाफ कुल 7 अपराध दर्ज किए गए हैं। इनमें से 2 मुठभेड़, 4 हत्याएं और 1 अन्य अपराध शामिल है। दोनों पर सरकार ने 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

**गवाही देते आंकड़े** आंबेडकर अस्पताल में पिछले दो साल से एक भी नसबंदी नहीं, इसके पहले महज एक या दो ही

# छत्तीसगढ़ में पुरुष नसबंदी महज 10 फीसदी, भ्रांतियां पड़ रही भारी

एक्सक्लूसिव

पीलूराम साहू
patrika.com

**रायपुर.** प्रदेश में महिलाओं की तुलना में केवल 10 फीसदी पुरूष नसबंदी करवा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इसकी मुख्य वजह भ्रांतियां हैं। कई मामलों में महिलाएं ही अपने पति को नसबंदी के लिए मना कर देती हैं। प्रदेश के सबसे बड़े आंबेडकर अस्पताल में पिछले दो सालों में एक भी पुरूष नसबंदी नहीं हुई। जबकि इस दौरान 10 हजार से ज्यादा महिलाओं ने डिलीवरी के बाद नसबंदी करवाई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले छह साल में 3 लाख 40 हजार 689 महिलाओं की नसबंदी हुई। वहीं महज 32726 पुरूषों की नसबंदी हुई। 6 साल पहले की तुलना में महिला-पुरूष नसबंदी के केस कुछ बढ़े हैं। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस राजधानी में भी मनाया गया। जनसंख्या को नियंत्रण करने में नसबंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**पिछले 6 साल में नसबंदी**

| वर्ष | महिला | पुरुष |
|---|---|---|
| 2022-23 | 80704 | 6216 |
| 2021-22 | 57257 | 4429 |
| 2020-21 | 28159 | 2826 |
| 2019-20 | 59991 | 6775 |
| 2018-19 | 61342 | 5361 |
| 2017-18 | 53236 | 7119 |
| कुल | 340689 | 32726 |



### महज 5 से 10 मिनट की सर्जरी

**पत्रिका** ने आंबेडकर अस्पताल में चर्चा की तो पता चला कि पुरूष नसबंदी के लिए तैयार नहीं रहते। जबकि नसबंदी के बाद पुरूषों को कोई कमजोरी नहीं आती और न ही स्वास्थ्यगत कोई परेशानी होती है। सर्जरी में भी महज 5 से 10 मिनट लगता है। इसके लिए ऑपरेशन थिएटर की भी जरूरत नहीं। सर्जरी के तत्काल बाद पुरूष न केवल बाइक चलाते हुए, बल्कि साइकिल चलाते हुए भी घर जा सकता है।

**टॉपिक एक्सपर्ट**

महिलाओं की तुलना में पुरूष नसबंदी आसान है, लेकिन पुरूष इसके लिए तैयार नहीं होते। इसमें समाज में फैली भ्रांतियां भी शामिल हैं। यही कारण है कि पहले की तुलना में पुरूष नसबंदी के केस कुछ बढ़े हैं, लेकिन यह संतोषप्रद नहीं कहा जा सकता। -**डॉ. देवेंद्र नायक,** चेयरमैन बालाजी अस्पताल, रायपुर

कई बार हमने देखा कि महिला ही अपने पति को नसबंदी के लिए मना कर देती थी। कहतीं थीं कि हम करवा लेंगे। जबकि पुरूष नसबंदी में महज 5 से 10 मिनट लगता है। महिलाओं की तुलना में पुरूष नसबंदी में कमी जागरूकता का अभाव है। -**डॉ. अब्दुल वसीम,** रिटायर्ड नसबंदी सर्जन

**3000 रुपए प्रोत्साहन राशि फिर भी उदासीनता :** राज्य सरकार पुरूष नसबंदी को प्रोत्साहित करने के लिए राशि भी दे रही है। यह राशि बढ़कर 3000 रुपए प्रति केस तक पहुंच गई है। पहले 100 रुपए व बाद में 1100 रुपए नसबंदी कराने वाले लोगों को प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाता था। इसमें बच्चों के बीच गैप के लिए होने वाली नसबंदी के लिए महिलाओं को 2000 रुपए व डिलीवरी के बाद 3 हजार रुपए दिए जाते हैं। पुरूषों को भी नसबंदी के लिए 3 हजार रुपए दिया जा रहा है।

**बस्तर के शिक्षकों का मामला:** सिंगल बेंच से खारिज होने पर डीबी में की थी अपील

## ट्रांसफर की आड़ में किया अटैचमेंट, हाईकोर्ट ने कहा- डीईओ को हक नहीं

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** स्थानांतरण की आड़ में शिक्षकों के अटैचमेंट को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा डीईओ को शिक्षकों के अटैचमेंट का अधिकार नहीं है। सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने पर शिक्षकों ने डीबी में अपील की थी।

बस्तर क्षेत्र के शिक्षक दयानाथ कश्यप, चंद्रशेखर पांडे, दयाराम बघेल, मिरी राम देवांगन बस्तर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ हैं। उन्होंने अपने अटैचमेंट को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने पर उन्होंने वकील शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी के माध्यम से रिट अपील दायर की। कोर्ट ने उन्हें क्लब करके एक साथ सुना।

**यह है मामला :** मामले के संक्षिप्त तथ्य यह हैं कि उक्त शिक्षकों को 14 एवं 15 मार्च 2024 को आदेश जारी कर मूल स्थान से स्थानान्तरण कर अन्य जगहों पर अटैच कर दिया गया। याचिकाकर्ताओं ने जिला शिक्षा और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पर द्वेषवश कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि उनको ऐसा आदेश पारित करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के साथ दौड़ेगी मेट्रो

मेट्रो कॉरपोरेशन ने कहा- 10वें स्थापना दिवस से पहले शुरू कर देंगे कमर्शियल रन

# भोपाल मेट्रो : एआइ बताएगा किस स्टेशन पर कितने यात्री, उसके अनुसार ही आएंगे कोच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** अगले साल से मेट्रो ट्रेन में भोपालवासियों का सफर काफी रोमांचकारी होगा। उन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट में नई तकनीक देखने को मिलेगी। टिकट के बदले यात्रियों के पास क्यूआर कोड होगा। स्मार्ट कार्ड की तरह ये मेट्रो ट्रेन सिस्टम में स्कैन होगा और किराए का भुगतान हो जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी के साथ मेट्रो दौड़ेगी। और किस स्टेशन पर कितने यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं इसका पता एआइ से पहले ही चल जाएगा। इसी के अनुरूप कोच की व्यवस्था होगी। मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन 13 जुलाई को मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरीडोर के 6.22 किमी हिस्से में से करीब चार किमी के भाग में 750 डीसी थर्ड रेल का करंट शुरू कर देगा। इसके लिए अलर्ट जारी किया है। वहीं मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने बुधवार को नौवां स्थापना दिवस मनाया। 10वें स्थापना दिवस मनाने से पहले मेट्रो के कमर्शियल रन का संकल्प लिया।

**पटरियों से लेकर स्टेशन तक दौड़ेगा 33केवी का करंट**



कॉरीडोर में करंट का अलर्ट जारी किया है। 13 जुलाई को थर्ड लाइन सिस्टम के तहत 750 डीसी करंट को प्रवाहित किया जाएगा। अगले स्थापना दिवस से पहले मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू कर दिया जाएगा।

**-सीबी चक्रवर्ती,** एमडी, मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

**आधुनिक फीचर कराएंगे एक अलग अनुभव**

क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम को एआई से जोड़ा जाएगा। ये रियल टाइम कंट्रोल रूम को सूचना भेजती रहेगी कि स्टेशन पर कितने यात्री हैं। यात्रियों की संख्या की तुलना में ही मेट्रो कोच पहुंचेंगे। सुरक्षा बहुत सख्त होगी। एंट्री ड्रेग फीचर मेट्रो में होगा, जिसमें दरवाजे पर थोड़ा भी अतिरिक्त दबाव आया तो मेट्रो खुद रुक जाएगी। ये तमाम फीचर यात्रा का अलग अनुभव कराएंगे।

**शोभायात्रा... उत्साह के साथ मनाया आचार्य विद्यासागर महाराज का 57वां मुनि दीक्षा दिवस**



**सागर@पत्रिका.** उत्कृष्ट समाधि विजेता आचार्य विद्यासागर महाराज का 57 वां मुनि दीक्षा दिवस गुरुवार को निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज ससंघ में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 57 रजत पालकियों में 57 श्रीजी की प्रतिमा विराजमान होकर निकली। चांदी के रथों पर श्रीजी की यात्रा निकाली गई। जिसका का समापन मंगलगिरी में हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रावक उपस्थित थे। रथों का आगमन पूरे प्रदेशभर से किया गया था।

## न्यूज शॉर्ट्स

**बैंक में साथ आए परिजन वृद्धा को छोड़कर चले गए**

**देवास.** एबी रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप गुरुवार को एक वृद्ध महिला अचेत अवस्था में मिली। महिला पिछले तीन दिनों से यहां थीं। जानकारी मिलने पर वृद्धाश्रम बसेरा प्रबंधक मौके पर पहुंचे और महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। वृद्धा की पहचान सुमन पति सुखलाल बकोरिया, खंडवा के रूप में हुई। बताया गया परिजन बैंक से रुपए निकालने के बाद उन्हें यही छोड़कर चल गए थे।

**झरने में नहाने के दौरान युवक की डूबने से मौत**

**धार/नालछा.** नालछा थाना अंतर्गत मानपुर रोड पर स्थित ग्राम गुलरझीरी के वॉटरफॉल बाबा बर्फानी घूमने आए एक युवक की कुंड में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की बताई जा रही हैं। इंदौर के तीन युवक यहां घूमने आए थे। इसी दौरान गहरे पानी में डूबने से हर्ष पिता अनिल वर्मा (18) निवासी भागीरथपुरा इंदौर की मौत हो गई।

**होटल, क्लब में सीसीटीवी नहीं तो लाइसेंस रद्द**

**इंदौर.** शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने बुधवार को आदेश जारी कर रेस्टोरेंट, होटल, बार और क्लब में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। ऐसा न होने पर लाइसेंस सस्पेंड करने के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संचालकों को रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक का लाइव एक्सेस संबंधित आबकारी अधिकारी या एक्साइज कंट्रोल रूम में देना होगा।

**सरपंच ने युवक को पहनाई जूते-चप्पल की माला**

**सिवनी.** कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव के सरपंच ने एक युवक को मारपीट कर जूते-चप्पल की माला पहना दी। वीडियो गुरुवार को वायरल होने से हड़कंप मच गया। सिवनी एसपी सुनील कुमार मेहता ने बताया, नौ जुलाई का एक वीडियो को वायरल हुआ है। जिसमें सरपंच सुधीर जैन युवक को जूते-चप्पल की माला पहनाता दिख रहा है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

**सरकार का फैसला : प्रमोशन में संविदा वालों को नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ**

# संविदा पर पांच साल काम किया तो 50% पदों पर मिलेगी नौकरी

Newsmile
न्यूज विद स्माइल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** राज्य सरकार ने प्रदेश में सरकारी नौकरी को लेकर दो बड़े फैसले किए हैं। इसके तहत नियमित भर्ती के पदों को 50% संविदा वालों के लिए आरक्षित करने का फैसला किया है। इसमें पांच साल संविदा नौकरी करने वालों को 50% नियमित पदों पर भर्ती की पात्रता का फायदा मिलेगा।

इतना जरूर है कि इन संविदा वालों को नौकरी में आने पर तो आरक्षण का फायदा मिलेगा, लेकिन प्रमोशन में नहीं। यह व्यवस्था फिलहाल स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए लागू की गई है। दोनों विभागों के मर्ज होने के बाद सेटअप में भी एकरूपता आ जाएगी। दोनों विभागों के खाली पदों को एक साथ रखकर पूरी भर्ती होगी।

**यूं समझिए दोनों फैसले**



**अभी तक** नियमित भर्ती के पदों को प्रमोशन व सीधी भर्ती के लिए आरक्षित किया जाता था। 50% पद प्रमोशन और बाकी भर्ती के जरिए भरने की व्यवस्था है। अब सीधी भर्ती वाले पदों में भी 50% पद पांच साल तक की संविदा नौकरी करने वालों के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा में आरक्षित कर दिए हैं। संविदा वाले पद के समकक्ष पद पर ही भर्ती के लिए आवेदन हो पाएगा। यदि कोई कर्मचारी पांच साल में अलग-अलग संविदा पदों पर रहा है तो औसत वरिष्ठता वाले समकक्ष पद के बाद के पद के लिए आवेदन कर सकेगा। इसके नियम लागू हो गए हैं।

**पांच साल** संविदा वालों को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा में नियमित भर्ती में आरक्षण का फायदा मिलेगा। जब विभाग में भर्ती हो जाएंगे तो प्रमोशन में आरक्षण का फायदा नहीं मिल पाएगा। इसका मतलब है कि पूरी नौकरी में एक बार ही आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। दरअसल सरकार ने 2016 में हुए प्रमोशन में आरक्षण के नियम के विवाद के बाद यह प्रावधान किया है। प्रमोशन में आरक्षण का मामला कोर्ट में चल रहा है। इस कारण स्वास्थ्य विभाग ने विवाद से बचने के लिए पूर्व से ही नौकरी में एक बार आरक्षण का नियम लागू किया है।

**आखिर क्या हैं इन फैसलों के मायने**

प्रदेश में भाजपा सरकार ने भर्ती को लेकर चुनावी वादे किए हैं। इसलिए सभी खाली पदों पर भर्ती की जानी है। उस पर प्रमोशन में आरक्षण के मुद्दे पर सरकार किसी भी वर्ग को नाराज नहीं करना चाहती। अब तक सरकार इस मुद्दे पर बैकफुट पर रही है। इसलिए अदालत की लड़ाई के अलावा सियासी तौर पर इस मुद्दे से बचती रही है। अब इस मुद्दे में मध्यम मार्ग अपनाया गया हैं। इसमें आरक्षण को लेकर भी काफी विवाद है। खास तौर पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर बेहद विवाद है। लेकिन, प्रमोशन अटके होने से विभिन्न विभागों में पद तेजी से खाली हो रहे हैं। ऐसे में सरकार नई भर्ती को बढ़ाने में लगी है, ताकि खाली पदों को जल्द भरा जा सके। इससे सियासी तौर पर भी फायदा देखा जा रहा है।

**सीए फाइनल का रिजल्ट घोषित, उज्जैन की कृति ने पाई सफलता**

**उज्जैन@पत्रिका.** जीवन में अपने लक्ष्य को साधकर सच्ची लगन और दृढ़संकल्प के साथ की गई मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती है। जरूरत है बस सकारात्मक सोच और शॉट कट की राह को छोड़कर अपने कर्तव्य के पथ पर चलने की। सफलता हर हाल में उनके कदम चूमती है। ऐसे ही सफलता की मिसाल महाकाल की नगरी की बेटी कृषि शर्मा ने पेश की है। उन्होंने आइसीएआइ की ओर से घोषित सीए फाइनल के परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल की। कृति का मानना है कि अपने लक्ष्य के प्रति हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए।

**30 करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार**

**ग्वालियर@पत्रिका.** अपने घर का सपना दिखाकर ठगी करने वाली चार चतुर एसोसिएट का वांटेड डायरेक्टर अजय सिंह जादौन पुलिस की पकड़ में आ गया है। पांच हजार का इनामी ठग परिवार के साथ राजस्थान से शहर आया था। लौटते वक्त मुरैना टोल बेरियर पर पुलिस ने पकड़ लिया। उस पर 250 से ज्यादा लोगों को जमीन और मकान बेचने का झांसा देकर ठगने का आरोप है।

**हनी ट्रैप : युवक ने ब्लैमेलिंग का केस कराया दर्ज**

## महिला ने पैसे ऐंठने दर्ज कराया बलात्कार का केस, हाईकोर्ट ने रद्द किया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** पैसे ऐंठने के लिए शादी का झांसा देकर बलात्कार किए जाने का आरोप लगाने वाली महिला के मुकदमे को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की बेंच ने इस तथ्य पर ध्यान दिया कि शिकायतकर्ता ने अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भी इसी तरह के आरोप लगाए थे और उनके खिलाफ भी एफआइआर दर्ज कराई थी। इससे यह पूरा मामला संदिग्ध हो जाता है। मामला छतरपुर जिले का है। बलात्कार के आरोपों का सामने कर रहे युवक ने याचिका दायर कर मुकदमे को चुनौती दी थी। महिला ने उसके खिलाफ एक साल देरी से शादी का झांसा देकर बलात्कार किए जाने की शिकायत की थी। जिस पर कोर्ट के आदेश पर फरवरी 2022 में आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया था। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी के वकील ने कहा, केस दर्ज करने में देरी हुई व शिकायतकर्ता पर निर्दोष व्यक्तियों से पैसे ऐंठने 'हनी ट्रैप का रैकेट' चलाने का आरोप लगाया।

**ब्लैकमेल करने की हुई थी शिकायत**

रेकॉर्ड पर मौजूद तथ्यों पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि महिला ने घटना के लगभग एक साल बाद आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने मजिस्ट्रेट को आवेदन दिया था, जिसमें यह खुलासा नहीं किया गया है कि इतने समय तक पुलिस को रिपोर्ट क्यों नहीं की गई, हालांकि एफआइआर से पता चला कि जब शिकायतकर्ता को मालूम हुआ कि वर्तमान याचिकाकर्ता शादीशुदा है, तब उसने वर्तमान याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्रवाई का फैसला किया।

**बहन की शादी का टेंट लगवा रहे इकलौते भाई की करंट से मौत**

**पिछोर@पत्रिका.** बहन की शादी का टेंट लगा रहे भाई की करंट लगने से मौत हो गई। पलभर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मामला पिछोर भौंती की ग्राम पंचायत महोबा डामरोन का है। हरीकृष्ण कुशवाह के घर बड़ी बेटी खुशबू के विवाह की तैयारी चल रही थी। गुरुवार को दतिया से बारात आने वाली थी। बुधवार रात दुल्हन का भाई अभिषेक (11) टेंट लगवाने में मदद कर रहा था। इस दौरान लोहे का पाइप बिजली के तार से टच हो गया और उसे करंट लग गया।

**तेज बारिश भी भंग नहीं कर पाई मुनियों की साधना**



**दमोह@पत्रिका.** हटा के कलकुआं गांव में गुरुवार को अचानक बारिश शुरू हो गई। इस दौरान स्कूल के बाहर आचार्य समय सागर संघस्थ मुनि साधना कर रहे थे। बारिश के बीच मुनिश्री साधना में लीन रहे। बारिश भी उनकी साधना को प्रभावित नहीं कर पाई।

**मानसून : हल्की व मध्यम बारिश का जारी रहेगा दौर**

## प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में बारिश, मानसून ट्रफ ऊपर बढ़ा, बौछारों में हो सकती है कमी

**भोपाल@पत्रिका.** प्रदेश में इन दिनों कहीं बारिश है तो कहीं धूप। इस समय मानसून ट्रफ भी प्रदेश से आगे बढ़ गया है, ऐसे में आने वाले तीन-चार दिन बारिश की तेजी में थोड़ी कमी आ सकती है, हांलाकि कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। फिलहाल प्रदेश में कोई बड़ा सिस्टम सक्रिय नहीं है, ऐसे में नमी के कारण लोकल वेदर सिस्टम से ही गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में गुरुवार को बारिश का दौर जारी रहा। दमोह में 2 इंच से अधिक तो मंडला, नौगांव में पौन इंच से अधिक बारिश हुई। भोपाल में भी दिन में हल्की धूप छांव का क्रम चलता रहा।

**प्रदेश में 7 फीसदी कम बारिश :** चार दिन पहले ग्वालियर सहित अनेक स्थानों पर हुई तेज बारिश के बाद स्थिति सामान्य हो गई थी, लेकिन थोड़ी कमी आते ही प्रदेश में बारिश का आंकड़ा फिर सामान्य से 7% कम हो गया है। प्रदेश में 1 जून से अब तक 215.8 मिमी बारिश हुई है, जबकि अब तक औसत बारिश 231.1 मिमी हो जानी थी।

**अभी हल्की और मध्यम बारिश का क्रम :** मौसम विज्ञानी अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया, अभी कोई बड़ा सिस्टम एक्टिव नहीं है। मानसून ट्रफ भी ऊपर बढ़ गया है, इस समय मराठवाड़ा में एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। ऐसे में तेज बारिश में थोड़ी कमी आएगी, वहीं नमी अधिक है, ऐसे में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश बौछारों का दौर जारी रहेगा।

**यह तालाब नहीं, स्कूल है...**



**कटनी** के खिरहनी में गुरुवार को बारिश के बाद स्कूल परिसर छोटे तालाब में बदल गया। जब छुट्टी हुई तो बच्चों को रास्ता तलाश कर बाहर आना पड़ा।

**मिल्क बैंक : काटजू व एम्स में है मां के दूध की सुविधा**

## हमीदिया में आर्टिफिशियल दूध पीने को मजबूर मासूम

**भोपाल@पत्रिका.** शहर में स्थित हमीदिया अस्पताल में हर साल 12 हजार से अधिक बच्चों का जन्म होता है। इसके बावजूद यहां अब तक मिल्क बैंक की सुविधा नहीं है। ऐसे में बच्चों को या तो आर्टिफिशियल दूध देना पड़ता है या फिर काटजू व एम्स में मौजूद मिल्क बैंक की मदद लेनी पड़ती है। प्रस्ताव भेजने में देरी व अस्पताल में शिफ्टिंग की वजह से यहां मिल्क बैंक प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो पा रहा है।

मामले में जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह का कहना है, अस्पताल में मिल्क बैंक की सुविधा जल्द मिले, इसे लेकर जरूरी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि सच तो यह है कि एनएचएम को जीएमसी द्वारा मिल्क बैंक का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन दो साल तक यह यूनिट स्थापित नहीं हो सकेगी, क्योंकि, केंद्रीय एजेंसी ने दो वित्तीय वर्षों के लिए नई यूनिट की स्थापना पर रोक लगा दी है।

**@10 जिले तापमान**

कहां- कितना

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 35.5 | सागर | 31.5 |
| भोपाल | 31.5 | सतना | 34.8 |
| शिवपुरी | 33.2 | जबलपुर | 32.0 |
| खजुराहो | 35.8 | नौगांव | 32.5 |
| दमोह | 34.0 | इंदौर | 32.3 |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**कार्रवाई**

**6 डलिया मावा, 120 किलो मिल्क केक पकड़ा**

**ग्वालियर.** खाद्य सुरक्षा टीम ने गुरुवार को बस स्टैंड से 6 डलिया मावा और मिल्क केक की तीन पेटियां जब्त की। यह मावा ग्वालियर से बस द्वारा जबलपुर भेजने लाया गया था। अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया, छह डलियों में लगभग 180 किग्रा मावा व राधिका ब्रांड की तीन पेटियों में लगभग 120 किग्रा मिल्क केक बरामद किया गया।



**हादसा**

**बारात लेकर लौट रही ट्रॉली पलटी, चालक की मौत**

**पन्ना.** सलेहा के कल्दा के पिपरिया मोड़ के पास बारातियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बुध-गुरुवार रात अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक में चालक पुष्पराज सिंह(20) निवासी बछौन की मौत हो गई। वहीं चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी सरिता तिवारी ने बताया, बारात कल्दा से सकोहा परसमनिया गई थी। लौटते समय हादसा हो गया।

**एयरपोर्ट**

**ग्वालियर-दिल्ली जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ी**

**ग्वालियर.** ग्वालियर से छह शहरों के लिए फ्लाइट चल रही है। इनमें एक ही महीने में सबसे ज्यादा यात्री दिल्ली आ जा रहे है। इसके बाद मुंबई के यात्री फ्लाइट को मिल रहे है। नए एयरपोर्ट के विस्तार के बाद दिल्ली और मुंबई की फ्लाइट को पिछले कई महीने से ज्यादा यात्री मिलने के पीछे यह भी बड़ा कारण है कि यहां से कई बड़े शहरों के लिए फ्लाइट आसानी से मिल जाती है।

**पहाड़ी पर फेंसिंग कर बनाई जाएंगी जल संरचनाए, पाथ-वे, ओपन जिम सहित होंगी अन्य सुविधाएं**

# पहाड़कोठी के 10 हेक्टेयर जमीन पर तैयार होगा शहर वन

**40 लाख की लागत से होगा विकसित**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पन्ना.** शहर के पहाडक़ोठी के ऊपर 10 हेक्टेयर क्षेत्र में उत्तर वन मंडल नगर वन विकसित करेगा। पूरी पहाड़ी को फेंसिंग कराकर नक्षत्र वाटिका, राशिफल वाटिका सहित कई तरह के फल-फूल और औषधीय पौधों का रोपण होगा। यहां 12 महीना हरियाली रखने के लिए छोटी-छोटी जल संरचनाएं विकसित की जाएंगी। सुबह-शाम लोगों के टहलने के लिए पाथ-वे, ओपन जिम सहित अन्य कई प्रकार की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उत्तर वन मंडल ने पहाड़कोठी को नगर वन के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा था, जिसे अब मंजूरी दी गई है। उत्तर वन मंडल डीएफओ गर्वित गंगवार ने बताया सरकार की ओर से पहाड़कोठी के 10 हेक्टेयर क्षेत्र में 40 लाख रुपए की लागत से नगर वन विकसित करने की स्वीकृति दी गई है।

पत्रिका हरित प्रदेश
पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं

**पहाड़ी पर सालभर रहेगी हरियाली**



पहाड़ी के ऊपर 12 महीने के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए वहां पर छोटी-छोटी जल संरचनाएं बनाई जाएंगी। जिनके पानी का उपयोग पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए किया जाएगा। साथ ही इन जल संरचनाओं के कारण पूरे क्षेत्र में सालभर हरियाली रहेगी।

**नक्षत्र और राशि फल वोटिका होगी आकर्षण**

नगर वन को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि यह लोगों को सुबह-शाम टहलने के लिए आकर्षित करे। बुजुर्गों के लिए पाथ-वे होगा तो युवाओं को आकर्षित करने ओपन जिम। खेलकूद के लिए झूले लगाए जाएंगे। नक्षत्र वाटिका और राशिफल वाटिका सहित छोटी-छोटी संरचनाएं बनाई जाएंगी। फलदार-फूलदार पौधों के साथ ही औषधीय महत्व के पौधों का भी रोपण किया जाएगा।

**इतिहास : राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान स्थल पर बना अनूठा संग्रहालय**

## आजादी की पहली लड़ाई का जीवंत दृश्य और योद्धाओं का इतिहास देख सकेंगे बच्चे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** 1857 की क्रांति से भी पहले नर्मदावर्त के दो जाबांज योद्धाओं ने पकड़े जाने पर तोप के मुंह में बांधकर उड़ा देने की अंग्रेजी हुकूमत से सजा मांगकर जो चिंगारी जलाई थी, दुनिया अब उसे जान सकेगी। रेलवे स्टेशन से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर राजा शंकर शाह-रघुनाथ बलिदान स्थल पर बन रहे संग्रहालय में देश-दुनिया के लोग लोग आजादी की पहली लड़ाई का जीवंत दृश्य देख सकेंगे। रोमांचित करने और रोंगटे खड़े कर देने वाले हर दृश्य का संग्रहालय में लगाई गई स्क्रीन पर खूबसूरती से चित्रण किया जाएगा। इन दृश्यों में गोंडवाना साम्राज्य के गौरवकाल को तो जानने का मौका मिलेगा, साथ ही वीर योद्धाओं के बारे में भी जान सकेंगे। डेढ़ से दो महीने में ये संग्रहालय जनता के लिए खोल दिया जाएगा। साथ ही दर्शक राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह के शौर्य-पराक्रम से रूबरू होंगे। संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत गठित ट्रस्ट इंटेक आर्किटेक्चरल हेरीटेज डिवीजन ने हेरीटेज भवनों को संवारकर बहुत प्रभावी संग्रहालय का निर्माण किया है, जिसका काम अंतिम दौर में है। संग्रहालय का निर्माण आठ करोड़ रुपए की लागत से दो चरणों में किया गया है। यहां उस तोप की प्रतिकृति भी देखने मिलेगी जिसमें दोनों महान क्रांतिकारियों को मौत की सजा दी गई थी। इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति की झलक भी खास है।



स्टेशन के पास बन रहा संग्रहालय लोगों को आजादी की पहली लड़ाई के क्रांतिकारियों की वीरता से रूबरू कराएगा। ।

**- राजकुमार गुप्ता,** इतिहासकार

**एनएमसी** ने नए खुलने वाले मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी कम बताकर मान्यता नहीं दी तो विभाग ने की दूसरे कॉलेजों से भेजने की तैयारी

# उधार की फैकल्टी के सहारे शुरू होंगे प्रदेश के तीन नए मेडिकल कॉलेज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** सरकार की इसी साल से नीमच, मंदसौर और सिवनी में नए मेडिकल कॉलेज शुरू करने की तैयारी में फैकल्टी की कमी आड़े आ गई है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने इन कॉलेजों को पर्याप्त फैकल्टी नहीं होने के चलते मान्यता देने से इंकार कर दिया तो अब मान्यता दिलाने उधार की फैकल्टी भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए बाकायदा विभाग ने सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों को पत्र भेजकर ऐसे चिकित्सा शिक्षकों की सूची मांगी है जो नीमच, मंदसौर, सिवनी जाना चाहते हैं। जानकारों का कहना है कि पहले से संचालित मेडिकल कॉलेजों में सीटें ज्यादा हैं। यदि यहां से फैकल्टी भेजी जाती है तो इनकी मान्यता पर भी संकट गहरा सकता है। एनएमसी ने नीमच, मंदसौर और सिवनी में मानव संसाधन की कमी बताई है। यहां मान्यता के लिए आवश्यक 114 पदों में से नीमच में 25, मंदसौर में 29 और सिवनी में 32 पद ही भरे जा सके हैं। इसे देखते हुए संचालक चिकित्सा शिक्षा ने सभी मेडिकल कॉलेज की डीन से वहां उपलब्ध स्टाफ की जानकारी मांगी है। डीएमई डॉ एके श्रीवास्तव ने बताया कि जिन विभागों में अतिरिक्त फैकल्टी हैं उनकी नाम और पदनाम सहित पूरी सूची मांगी गई है।



## यह जानकारी मांगी

- वर्ष 2016 में जिन चिकित्सा शिक्षकों द्वारा पदोन्नति के संबंध में शपथ पत्र प्रदान किये हैं। **उनकी विभागवार एवं पदवार सूचीबद्ध जानकारी।**
- **आपके चिकित्सा महाविद्यालयों में ऐसे चिकित्सा शिक्षकों को नामांकित करें,** जो प्रतिनियुक्ति पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नीमच, मंदसौर एवं सिवनी पर नियुक्त होना चाहते हैं।
- पीएससी चयनित चिकित्सा शिक्षकों जिनको प्राध्यापक एवं सह प्राध्यापक के पद पर आदर्श सेवा भर्ती नियम 2018 के तहत पदोन्नयन किया गया है। **ऐसे चिकित्सा शिक्षक की सूची उपलब्ध कराएं।**

## मेडिकल टीचर्स संघ ने बताया पॉलिसी फेलियर

**प्रोग्रेसिव** मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने इस संबंध में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिखकर इसे पॉलिसी का फेलियर बताया। पॉलिसी बनाने में इस क्षेत्र के जानकार मेडिकल टीचर्स को शामिल करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ राकेश मालवीय ने बताया कि जब देश के अन्य राज्यों के द्वारा मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु ऑटोनोमस व्यवस्था और सेवा शर्तों को अपनाया जा रहा है। वहीं प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारियों ने नीतिगत परिवर्तन कर शासकीय मेडिकल कॉलेज बनाना शुरू कर दिया। जिससे फैकल्टी नहीं मिल पा रही है। अब जरूरत है कि चयन में पहले से कार्यरत चिकित्सकों को वरीयता देकर पोस्टिंग भी उनकी सुविधानुसार किया जाए।

## न्यूज विंडो

### ■ एमयू में 18 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू, आवेदन 20 तक

**जबलपुर@पत्रिका.** स्टाफ की कमी से जूझ रही मेडिकल यूनिवर्सिटी (एमयू) में प्रमुख प्रशासनिक पदों को भरने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है। उप कुलसचिव के 2 और सहायक कुल सचिव के 16 पदों पर भर्ती होगी। भर्ती के लिए 20 जुलाई तक आवेदन लिए जाएंगे। मेडिकल यूनिवर्सिटी से प्रदेशभर के चिकित्सा शिक्षा से जुड़े 550 कॉलेज संबद्ध हैं। इनमें 16 मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेद कॉलेज, होम्योपैथी, डेंटल, नैचुरोपैथी व योग, नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

### ■ जावद-नीमच में 34 सौ करोड़ की सिंचाई परियोजनाएं

**नीमच@पत्रिका.** जलसंसाधन विभाग को नए वित्तीय वर्ष में जावद-नीमच माइक्रो सिंचाई परियोजना के लिए 3492.45 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि योजना मंजूर होने से क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। गांधीसागर बांध से सिंचाई सुविधा विस्तार के लिए मनासा अनिरुद्ध माधव मारू ने शासन से मांग की थी। उन्होंने बताया कि सिंचाई रकबा बढ़ने से क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा और खेती का क्षेत्र विस्तार होगा।

### ■ मंदसौर लॉ कॉलेज में 1 करोड़ से तैयार होगी कम्प्यूटर लैब

**मंदसौर@पत्रिका.** लॉ कॉलेज मंदसौर में अब कानून की पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा भी मिलेगी। हाईटेक रूप से कानून की पढ़ाई कराने के लिए लॉ कॉलेज प्रबंधन कम्प्यूटर लैब बनने वाली है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि हुडको अपने सीएसआर फंड से मंदसौर के लॉ कॉलेज के लिए 1 करोड़ की कम्प्यूटर लैब के लिए मंजूरी दी है। इसमें 40 लाख रुपए में कम्प्यूटर लैब का भवन और 60 लाख के उपकरण, फर्नीचर सहित अन्य इंतजाम के लिए प्रदान किया गया है।

### ■ आयुष विभाग सिकल सेल उन्मूलन में बनाएगा योजना

**भोपाल@पत्रिका.** आयुष विभाग सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करे। जनजातीय बहुल इलाकों में शिविर लगाकर चिकित्सा ज्ञान के विशेषज्ञों के साथ सिकल सेल उपचार संबंधी जानकारियों को साझा करें। सिकल सेल के लिए आयुष औषधियों को चिह्नित करें। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने यह निर्देश अधिकारियों को दिए।

**प्रदेश** के 10 जिलों में मध्याह्न भोजन वितरण में मिली गड़बड़ी

# 452 स्कूलों में बच्चों के मिड-डे मील पर ग्रहण, ठप पड़ी योजना

पत्रिका एक्सक्लूसिव

रूपेश मिश्रा
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नौनिहाल बच्चों की भूख अब लापरवाह सिस्टम की भेंट चढ़ रही है। दरअसल, प्रदेश के कक्षा 1 से 8 तक में पढ़ने वाले बच्चों को मिड-डे मील लापरवाही के बीच 452 स्कूलों तक नहीं पहुंच सका है। इस बात का खुलासा जुलाई माह के शुरुआती सप्ताह की एक रिपोर्ट से हुआ है। शासकीय पोर्टल पर अपडेट डेटा के अनुसार मध्याह्न भोजन व्यवस्था में व्यापक गड़बड़ी की जा रही है। जिससे कई स्कूलों में बच्चे योजना से वंचित हैं।

**मेन्यू पर नहीं मिलता भोजन:** मिड- डे मील के भोजन में सोमवार से लेकर शनिवार तक का मेन्यू तय किया गया है। ताकि बच्चों को भोजन के साथ हर वो पोषण मिले जो उनके विकास के लिए जरूरी है। बच्चों को मेन्यू पर भोजन नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश के ज्यादातर ग्रामीण इलाकों से आए दिन शिकायतें सामने आती हैं। बच्चों को अमूमन दाल-चावल देकर योजना के नाम पर कोरम पूर्ति की शिकायतें सामने आ रही हैं।



प्रदेश में कक्षा 1 से 8 तक करीब 68 लाख बच्चे सरकारी स्कूल में पंजीकृत

ग्रामीण क्षेत्र में स्वसहायता समूह देखते हैं मध्याह्न भोजन व्यवस्था

**इन जिलों में मिड-डे मील व्यवस्था गड़बड़**

| जिला | संख्या |
|---|---|
| शिवपुरी | 96 |
| सतना | 66 |
| श्योपुर | 28 |
| डिंडोरी | 23 |
| धार | 19 |
| निवाड़ी | 19 |
| राजगढ़ | 18 |
| टीकमगढ़ | 18 |
| सिवनी | 16 |
| बड़वानी | 16 |

**मिड-डे मील के लिए मुफ्त राशन के साथ प्राइमरी का 5.43 रुपए और माध्यमिक का 8.17 पैसे शुल्क**

### गैस खत्म, चूल्हे में मिड-डे मील पक रहा



**सरकार** की ओर से गैस कनेक्शन से लेकर एडवांस सिलेंडर तक की व्यवस्था है। लेकिन जनपद पंचायत डिंडोरी के एकीकृत माध्यमिक शाला मड़ियारास के सरकारी स्कूलों में गैस की जगह चूल्हे पर मिड-डे मील पकाया जाता है। पर्यावरण की दृष्टि के साथ ही यह वन संपदा की सुरक्षा पर भी खतरा है।

### लापरवाही ऐसी भी... 23 जिलों में गर्मी की छुट्टियों में भी बांटा

**प्रदेश** में मिड-डे मील के नाम पर भ्रष्टाचार का आलम ये है कि गर्मी की छुट्टियों में भी मिड-डे मील बांटा जा रहा था। इसका डेटा भी बाकायदा पोर्टल में अपडेट किया जा रहा था। 23 जिलों में होने वाले मिड-डे मील की इस गड़बड़ी को केंद्र सरकार ने पकड़ा। जिसके बाद सरकार को पत्र लिख कर दोषी शाला प्रभारियों पर एक्शन लेने और कलेक्टर से पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए थे।

एक एएमएस पोर्टल है जिस पर अभी काम चल रहा है। कहीं यदि ऐसा है तो आप जानकारी दे देंगे तो मैं ग्राउंड जीरो में भेजकर पता करवा लूंगा। इतने व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की सूचना गंभीर है। हम वस्तु स्थिति की जांच करवाएंगे। - **अनिल कोचर,** उपायुक्त, एमडीएम

**राज्यपाल के निर्देश**

### आदिवासियों के खिलाफ अपराध का निराकरण जल्दी करें

**भोपाल@पत्रिका.** प्रदेश के आदिवासियों पर दर्ज वन अपराधों की वापसी के रास्ते जल्द खुल सकते हैं। इसको लेकर कवायद तेज हो गई है। पहली प्राथमिकता में ऐसे प्रकरणों को वापस लेने की तैयारी है, जो गंभीर प्रकृति के नहीं है। उल्लेखनीय हैं कि मप्र में आदिवासियों पर 3400 से अधिक मामले दर्ज हैं। ये लंबे समय से चले आ रहे हैं, इनमें से 40 फीसद मामलों में संबंधित आदिवासियों को जेल की हवा भी खानी पड़ी है। राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने गुरुवार को राज भवन में वन अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने ऐसे प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाई लाने के आदेश दिए।

**सीएम ने की समीक्षा**

### आदिवासी क्षेत्रों में हावी साहूकारी से लोगों को बचाएं

**भोपाल@पत्रिका.** आदिवासी क्षेत्रों में अभी भी साहूकारी प्रथा हावी है कई लोग इसका शिकार हो रहे हैं। यह बात सरकार के संज्ञान में है, जिसे देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैंकर्स से इस प्रथा को खत्म करने के लिए सहयोग मांगा है। वह गुरुवार को स्टेट लेवल बैंकर्स समिति की बैठक ले रहे थे, जिसमें उन्होंने यह बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन 14 स्थानों पर बैंकिंग शाखाएं खोली जाना बाकी हैं, वहां बैंक शाखाओं को जल्द चालू करें। स्व-सहायता समूह, कुटीर-ग्रामोद्योग तथा मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए बैंक सहयोग करें और गतिविधियों का विस्तार करें।

**परंपराओं** के 'गोपाल-पालन' में

### संस्कारित हुए 101 बटुक



**सागर@पत्रिका.** चारों ओर मंत्रों की गूंज करतल ध्वनि की गूंज सुनाई दे रही थी। मौका था गढ़ाकोटा के पीपलघाट स्थित गणेश संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले 101 बटुक ब्राह्मणों का दीक्षा समारोह का। जगदीश शाला मंदिर पटेरिया में कार्यक्रम हुआ। जिसमें बटुक ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार कर धर्म की दीक्षा देकर उन्हें कर्मकांडी बनाया गया। पूर्व मंत्री विधायक पं. गोपाल भार्गव ने विधि-विधान के साथ संस्कार करावए। कार्यक्रम का आयोजन पं. भार्गव द्वारा किया जाता है।

**इंदौर:** 10 साल में बकाया 3 करोड़ का टैक्स

### 35 साल सेवा करने वाले बिजली कर्मियों को मिलेगा चतुर्थ वेतनमान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** प्रदेश सरकार के कर्मचारियों की तरह अब विद्युत वितरण कंपनियों के कर्मचारियों-अधिकारियों को भी 35 वर्ष की सेवा पूरी करने पर चतुर्थ वेतनमान का लाभ दिया जाएगा। इसी तरह कंपनी कैडर के अधिकारियों के दूसरे उच्च वेतनमान में अधीक्षण अभियंता समकक्ष की विसंगति को भी समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात पॉवर इंजीनियर्स एण्ड एम्पलॉइज एसोसिएशन एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के साथ भोपाल में हुई बैठक में कही। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों के मांग पत्र पर अलग-अलग चर्चा की गई। कैशलेस हेल्थ इन्श्योरेंस पर अतिशीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन देते हुए मंत्री ने कहा कि कार्य-योजना बनाकर इन मांगों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में वेतन विसंगति, नियुक्ति, वर्षों से लंबित नाइट शिफ्ट अलाउंस आदि हितलाभ, विद्युत कर्मियों की सुरक्षा और बिजली कंपनियों में चालू प्रभार वरिष्ठता के आधार पर देने के संबंध में भी चर्चा हुई।

**मंत्री बोले- उपभोक्ता का फोन जरूर उठाएं**

**उपभोक्ताओं** को बेहतर सेवाएं देकर लोगों के बीच बिजली कंपनी की अच्छी छवि बनाएं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा उपभोक्ताओं के फोन सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अवश्य उठाएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

**इंदौर:** 10 साल में बकाया 3 करोड़ का टैक्स

### ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर की संपत्तियां कुर्क करेगा निगम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** शहर में होने वाले अक्सर बड़े आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में ही होते हैं। इसमें नगर निगम, भाजपा या सरकार के बड़े आयोजन भी शामिल हैं, लेकिन ब्रिलियंट प्रबंधन ने अपनी ही कुछ संपत्तियों का टैक्स जमा नहीं किया है। निगम ने कई बार नोटिस भी जारी किए, राजस्व अधिकारी टैक्स वसूलने भी गए, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला।

अब नगर निगम ने सख्ती करते हुए टैक्स वसूली के लिए नोटिस चस्पा कर चेतावनी दी है। उसमें लिखा है कि यदि टैक्स जमा नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी। दरअसल, निगम ने ब्रिलियंट स्पेसेस लिमिटेड के डायरेक्टर को टैक्स वसूली के लिए चिट्ठी लिखी है, जिसमें कहा है कि निरंजनपुर की करीब तीन हेक्टेयर जमीन है। वर्ष 2012 से इस जमीन को आवासीय उपयोग से बदला गया है, लेकिन तब से अब तक टैक्स जमा नहीं किया गया है।

फिलहाल टैक्स करीब 3 करोड़ रुपए हैं। निगम इस टैक्स को लोक अदालत में भी जमा करने के लिए प्रबंधन को जानकारी दी है। यदि लोक अदालत में टैक्स जमा भी किया जाता है तो प्रबंधन को करीब 30 लाख रुपए की छूट भी दी जाएगी। इस दौरान भी टैक्स जमा नहीं हुआ तो निगम अफसरों ने संपत्ति जब्त कर कुर्की की भी तैयारी की है।

### पुलिस कर्मियों ने रोपे 1.25 लाख पौधे

पत्रिका हरित प्रदेश
पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं



**भोपाल.** एक पेड़ मां के नाम अभियान में गुरुवार को पुलिस विभाग के पौधरोपण अभियान की शुरुआत सीएम डॉ. मोहन यादव ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर की। इस दौरान सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रदेशभर में पुलिस के जवानों ने अपने परिवार के साथ 1.25 लाख पौधे रोपे हैं। भोपाल के भदभदा रोड पर समारोह में डीजीपी सुधीर सक्सेना, एडीजी महिला सुरक्षा प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, एडीजी सीआईडी पवन श्रीवास्तव समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



**इंदौर.** इंदौर पुलिस ने डीआरपी लाइन इंदौर में पौधरोपण किया गया। इसमें पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता व अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस परिवारों ने भी सहभागिता निभाई।

**भोपाल:** स्कूल ने दाखिला निरस्त की दी धमकी

### आरटीई में दाखिला, पोर्टल में नहीं नाम, स्कूल ने मांगे 25 लाख

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** राजधानी में निःशुल्क शिक्षा के अधिकार के तहत दाखिला पाए 12 बच्चे इन दिनों मानसिक संत्रास से गुजर रहे हैं। आरटीइ के पोर्टल पर इन बच्चों का नाम दर्ज न होने की वजह से स्कूल को पिछले सात साल से फीस नहीं मिली है। इसलिए स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को कक्षा में बैठने से मना कर दिया और अभिभावकों को बकाया करीब 25 लाख रुपए अदा करने को कहा है। बच्चों के अभिभावकों ने कलेक्टर और राज्य शिक्षा केन्द्र से मामले का निपटारा करने का अनुरोध किया है। सात साल पहले राजधानी के 12 बच्चों का दाखिला अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत निःशुल्क पढ़ाई के लिए महर्षि विद्या मंदिर रतनपुर में हुआ था। बुधवार को इप बच्चों के मां-बाप कलेक्टर के पास पहुंचे। उनका कहना था कि 2016 में आरटीइ के तहत बच्चों को प्रवेश मिला था। अब वे आठवीं में पहुंच गए हैं। लेकिन तकनीकी गलती से इनकी फीस राज्य सरकार ने नहीं जमा की। ऐसे में स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को कक्षा में बैठने से मना कर दिया है। और बकाया करीब 25 लाख फीस रुपए जमा करने को कहा है। हालांकि, यह अनुमानित राशि है।

**एक दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी**

**स्कूल** शिक्षा विभाग और निजी स्कूल प्रबंधन इस मामले में एक दूसरे की गलती बता रहे हैं। आरटीई के पोर्टल पर इन 12 बच्चों के नाम दर्ज नहीं हैं। इसलिए फीस नहीं मिली। उधर, विभाग पोर्टल पर नाम दर्ज कराने की जिम्मेदारी स्कूल की बता रहा है।

ट्रेंडिंग न्यूज

**इंदौर**

### वाटर पोलो में बंगाल ने केरल को हराया

**इंदौर@पत्रिका.** भारतीय तैराकी संघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश व इंदौर जिला तैराकी संघ द्वारा राष्ट्रीय गोताखोरी व वाटर पोलो की स्पर्धा आयोजित की गई। आइडीए इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल पर टूर्नामेंट के आखरी दिन पुरुष श्रेणी के गेम में बंगाल ने केरल को हराया।

**भोपाल**



### साइकिलिस्ट आशा को एक लाख की मदद

**भोपाल@पत्रिका.** कन्याकुमारी से कारगिल-सियाचिन जा रही एकल साइकिलिस्ट आशा मालवीय ने सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। राजगढ़ के ग्राम नाटाराम की आशा कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर यह यात्रा कर रही हैं। सीएम ने उन्हें 1 लाख रुपए प्रदान किए।

**समीक्षा** सीएम डॉ. मोहन ने कहा- समय पर बनाएं स्कूल भवन, बढ़ेगी स्कूलों की संख्या

# सीएम राइज स्कूलों में ई-व्हीकल से जाएंगे विद्यार्थी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** आदिवासी और ग्रामीण अंचलों में सीएम राइज स्कूलों की संख्या बढ़ेगी। इनमें पढ़ाने वाले शिक्षकों व काम करने वाले कर्मचारियों को रहने के लिए आवास की सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं। अभी प्रत्येक विकासखंड में एक से लेकर चार सीएम राइज स्कूल स्वीकृत हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को सीएम राइज स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निर्माण की स्थिति, उनमें शिक्षकों की उपलब्धता आदि को लेकर समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि स्कूल परिवहन सेवा के लिए ई-बसों का इस्तेमाल किया जाए। सीएम डॉ. मोहन ने अफसरों से पूछा कि कितने स्कूल के भवन बनकर तैयार हैं, जवाब मिला कि 274 स्कूल भवन निर्माणाधीन हैं, 21 स्कूलों को अगस्त के अंत तक बनाकर तैयार कर देंगे। बाकी स्कूलों में समय लगेगा। जिसमें उन्होंने कहा, काम में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तेजी से काम करने होंगे। यदि कहीं कोई दिक्कत आ रही है तो उसे राज्य स्तर पर अधिकारी दूर करें।



**स्कूल स्तर पर टॉस्क फोर्स कमेटी बनेगी** सीएम ने बेहतर पढ़ाई और बच्चों को अच्छी सुविधा देने के लिए स्कूल स्तर पर शिक्षाविदों-शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्था तथा विषय-विशेषज्ञों की टास्क फोर्स कमेटी बनाई जाएगी। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

**बच्चों को विषय में न बांधे**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि बच्चों को उनके अंकों के आधार पर विषय में न बांधे, बल्कि उनकी रुचि का विषय दें। वे जिस क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं, उन्हें इसका पूरा अवसर दें। स्कूलों में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, डेयरी, पशुपालन आदि विषयों की पढ़ाई शुरू कराएं। प्रत्येक विकासखंड में एक आइटीआइ खोलने व स्कूल परिवहन सेवा में ई-व्हीकल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए।

**लापरवाही:** वरिष्ठता सूची से भड़का असंतोष, 50 से अधिक रिटायर्ड भी

# शिक्षा विभाग की तरफ से जारी वरिष्ठता सूची पर सवाल: मृतकों के भी हैं नाम

आशीष शर्मा
patrika.com

**जावरा (नीमच).** जिला शिक्षा विभाग की तरफ से जारी की गई 401 शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में विभाग का गंभीर लापरवाही सामने आई है। 1 अप्रेल-2023 की स्थिति में जारी की जाने वाली सूची में ऐसे भी नाम हैं जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं और अब विभाग में कार्यरत नहीं है तो वहीं कुछ तो दुनिया में ही नहीं हैं। संकुल व विकासखंड स्तर पर सूची अवलोकन के लिए पहुंची तो यह खुलासा हुआ है।

**नियुक्ति दिनांक भी गलत**

**जारी** की गई सूची में शिक्षकों की नियुक्ति दिनांक के साथ-साथ योग्यता और विषय भी गलत जारी किए गए हैं जैसे ही लिस्ट शिक्षकों और संकुल प्राचार्य पर पहुंची तो लिस्ट पर सवाल उठाने शुरू हो गए। 50 से अधिक सेवानिवृत्त और स्वर्गवास हुए शिक्षकों के नाम सूची में होने से हर तरफ इसकी चर्चा हो रही है।

**टीम गठित कर बनाई गई है सूची**

**जिला** शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा के अनुसार शिक्षा विभाग ने वरिष्ठता की सूची के लिए संकुल प्राचार्य से भी जानकारी जुटाई थी। इसके लिए अलग-अलग टीम गठित की गई थी। अगर इस सूची में कोई त्रुटि है तो इसको एक बार फिर से अवलोकन करवाया जाएगा। गलती पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

| शेयर बाजार | | सोना | | चांदी | | | | | डॉलर | यूरो | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | निफ्टी | स्टैंडर्ड (24 कैरेट) | सोना (एमसीएक्स) | चांदी (999) | चांदी (एमसीएक्स) | बिटकॉइन | इथर | बिनेंस | | | | |
| 79,897 (-27.43) | 24,316 (-8.50) | ₹74350 (प्रति 10 ग्राम)(-230) | ₹72,792 (प्रति 10 ग्राम) (+124) | ₹92,400 (प्रति किग्रा)(-100) | ₹93,365 (प्रति किग्रा) (+533) | $ 58,705 (+0.44) | $ 3,147 (+1.53%) | $ 536.1 (+1.35%) | ₹83.58 (प्रति 1 डॉलर) | ₹90.69 (प्रति यूरो) | ₹106.45 (प्रति लीटर) | ₹91.85 (प्रति लीटर) |

## पेज एक से जारी

# वरना किस बात का शोध

किसी भी देश की संस्कृति उसके भूगोल और कृषि पर आधारित होती है। किसी शोधकर्ता के उपकरण कैसे इस तथ्य को समझेंगे! आकृति-प्रकृति-अहंकृति को अलग नहीं कर सकते। शरीर, अन्न से बनता है। प्रकृति, गुणों से अभिव्यक्त होती है। अहंकृति कारण शरीर का धरातल है। अन्न से मन बनता है। मन में ईश्वर रहता है। विज्ञान ईश्वर विहीन लोक है।

राजस्थान को ही लें। यह यूरोप के किसी देश से छोटा नहीं। इसका भूगोल भी देशभर से अलग और भीतर भी अलग। एक क्षेत्र में बाजरा, जाट, राम और दूसरे क्षेत्र में ज्वार, गुर्जर, दूध, कृष्ण तथा तीसरे क्षेत्र में मक्का। पश्चिम में पशुपालन। पशुपालन में देश भर में एकाधिकार-रेगिस्तान के कारण। वैज्ञानिक चाहते हैं हरा-भरा क्षेत्र हो। सरकारें चाहती हैं उद्योग पनपें, सड़कें बनें, पवन तथा सौर ऊर्जा का विकास हो। अर्थात पशुपालन लुप्त हो जाए। पशुपालन राजस्थान में कृषि के बाद संसाधन रूप है। राज्य की कृषि नीति क्या उत्तरप्रदेश अथवा मध्यप्रदेश में लागू हो सकती है? सम्पूर्ण राज्य में भी समान नहीं हो सकती।

माननीय चौहान सा.! पहले तो भौतिक विज्ञान को कृषि क्षेत्र से बाहर निकालें अथवा अधिदैव का इनको ज्ञान दें। कृषि चेतना से जुड़ा कार्य है। विज्ञान निर्जीव है। कृषि नीतियां, कृषि-परम्परा के आधार पर, स्थानीय (प्रादेशिक) भूगोल-जलवायु के आधार पर बनाई जाएं। विदेशी नीतियां, जिनको कृषक समझ ही नहीं सकता, उन्हें थोपने की आवश्यकता नहीं है। कृषक की जीवनशैली, कृषि की लागत, तकनीक का बोझ, इन सबको समग्र रूप से ध्यान में रखना होगा। आंख मूंदकर कुछ भी नहीं किया जाए। हमारे सामने 75 वर्षों का इतिहास भी है, अनुभव भी हैं और विज्ञान के परिणाम भी।

विज्ञान के नाम पर, शोध क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपए खर्च होते रहते हैं। क्या पाया? सेम की समस्या, फसलों में नए-नए रोग, कीटनाशकों का हल्लाबोल और कैंसर का तोहफा! विज्ञान हमें इन आपदाओं से मुक्ति दिलाने की बात करे, वरना किस बात का शोध? शोध का लाभ परम्परा से जुड़कर ही मिलेगा, टकराव से नहीं। आज तो फसल मरती है या किसान, कोई अन्तर नहीं रह गया है।

आपने भी मुख्यमंत्री काल में देखा है, चौहान सा.! कृषि बीमा के मुआवजों में किस प्रकार की हेराफेरी और धांधली होती है। क्यों किसानों को आत्महत्या करनी पड़ती है! क्यों कृषक बीमा कराने से विमुख होने लगा है। आज तो आपके पास 'प्रधानमंत्री कृषक बीमा योजना' है। हालांकि लक्ष्य दूर है। अभी चार करोड़ कृषक ही जुड़ पाए हैं। आपके सामने बड़ी चुनौती है इन कृषकों के मन में विश्वास पैदा करना। इसके लिए कृषि योजनाओं को प्रांतीय स्तर पर लाना होगा। हर प्रांत एक देश है। उसका स्वरूप भिन्न है, प्रकृति-भाषा-परम्परा भिन्न है। योजना कृषक और कृषि के लिए बननी चाहिए। सरकार के लिए नहीं। शोध के धरातल बदलने पड़ेंगे। शिक्षा के पाठ्यक्रम बदलने की भी आवश्यकता है। कृषि अधिकारी कृषक का जीवन समझेगा, नई पीढ़ी की आवश्यकता को ध्यान में रखेगा, तभी कृषक के काम आ पाएगा।

किसी भी शोध का लक्ष्य होता है जीवन को सुरक्षित रखते हुए आगे बढ़ाना। इसका अर्थ है हमें पहले सुरक्षित-स्वस्थ खेती की ओर मुड़ना है। कृषि अनुसंधान परिषद के पास आज भी 2000 किस्म के नए बीज रखे हैं। पिछले 40-50 वर्षों में जितने भी उन्नत बीज काम आए हैं, उनका लक्ष्य पैदावार बढ़ाना रहा है। स्वास्थ्य की चिन्ता या सुरक्षा की गारंटी वैज्ञानिक नहीं देता। मान्यवर! आज उन्नत खेती करने वाले अधिकांश कृषक अपनी पैदावार को परिवार के ही काम नहीं लेते। क्या वैज्ञानिक इसका उत्तर देंगे। नहीं देंगे। वे तो इधर देखते भी नहीं हैं।

हमें सबसे पहले जानलेवा विज्ञान से छुटकारा पाना चाहिए। अन्न तो देवता है, काल बन गया है। जल-खाद आदि के उपयोग पर भी भूमि एवं भूगोल के अनुरूप नीति बननी चाहिए। जो भूमि हजारों वर्षों में भी खराब नहीं हुई, आज 5-7 सालों में बंजर होने लगी है। कृषक भी कैंसर की चपेट में आ चुका होता है। आर्थिक रूप से लागत के अनुरूप मूल्य नहीं मिलता। आत्महत्या एक विकल्प है, नई पीढ़ी का कृषि से दूर हो जाना दूसरा विकल्प है। खाना सभी को तो चाहिए, पैदा करने वाले अन्नदाता भी बने रहें-यह आवश्यक है। मान्यवर! हरित क्रान्ति की मशाल आज आपके हाथों में है।

**बजट से उम्मीदें :** पीएम-आशा योजना में हो सकता है बदलाव, पीएम किसान योजना में भी मिलने वाली सहायता राशि ₹8000 करने की तैयारी

# एमएसपी पर किसानों के 100% दलहन-तिलहन की हो सकती है खरीद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश के अन्नदाताओं यानी किसानों को वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट में बड़ा तोहफा मिलने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार पीएम किसान सम्मान निधि की राशि को मौजूदी 6000 रुपए से बढ़ाकर 8000 रुपए कर सकती है। इसके अलावा आम बजट में प्रधानमंत्री अन्नदाता संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना में भी बदलाव हो सकता है। इस योजना के तहत दलहन और तिलहन की 100% फसलों की सीधी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किया जा सकता है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहले भी कह चुके हैं कि सभी राज्यों से अरहर, उड़द और मसूर की 100% खरीद एमएसपी पर करने का सरकार का संकल्प है।

आम बजट 2024-25

- **2024-25** के पूर्ण आम बजट में सरकार प्रधानमंत्री अन्नदाता संरक्षण अभियान योजना में सरकार कर सकती है संशोधन
- **एमएसपी** पर कई दलहन और तिलहन की पूरी उपज की खरीदारी होने की उम्मीद
- **बाजार** में इन दलहन और तिलहन की कीमतें एमएसपी से कम होने पर किसानों को कीमत का अंतर दिए जाने का भी हो सकता है प्रस्ताव

### पहले एमएसपी पर खरीदारी की तय थी सीमा

**इस** योजना में पहले कोई किसान एमएसपी पर एक निश्चित मात्रा तक ही उपज बेच सकता था। केंद्र सरकार किसी सीजन में हुई वास्तविक फसल का 25% ही एमएसपी पर खरीदने के लिए बाध्य थी। राज्य सरकार 25% से अधिक उपज खरीदना चाहती थी तो उसे अपने पास से रकम लगानी पड़ती थी। बाद में यह सीमा बढ़ाकर 40% कर दी गई। 2023-24 में केंद्र ने अरहर, उड़द और मसूर के लिए 40% खरीद की सीमा हटा ली थी। अब खरीद की सीमा 100% तक बढ़ाई जाएगी। यानी अगर बाजार में कीमतें एमएसपी से कम हुईं तो किसानों की दलहन और तिलहन की पूरी उपज एमएसपी पर खरीदी जाएगी।

### नियमों में बदलाव से क्या होगा फायदा?

**पीएम-आशा** योजना के नियमों में बदलाव के बाद बाजार में कीमतें घटने पर किसान सरकार से अपनी समूची दलहन और तिलहन उपज के दाम के अंतर के बराबर मुआवजा पाने के हकदार हो जाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अगर किसी वजह से तिलहन और दलहन की कीमतें एमएसपी से 10 से 15% तक गिरती हैं तो जरूरत पड़ने पर उसकी भरपाई सरकार की ओर से की जा सकती है। हर साल 24 से ज्यादा फसलों के एमएसपी तय करने वाले कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) ने अपनी रिपोर्ट में दलहन की सरकारी खरीद पर कोई बंदिश नहीं लगाने और तिलहन के दाम एमएसपी से नीचे जाने पर उस अंतर की भरपाई करने की सलाह दी है।

### कृषि लागत मूल्य आयोग की सिफारिश

**सीएसीपी** ने अपनी रिपोर्ट में कहा, मूल्य समर्थन योजना के तहत अरहर, उड़द और मसूर की खरीद के लिए 40% की जो सीमा 2023-24 में हटा ली गई थी, उसे अगले 2 से 3 साल के लिए बढ़ाना चाहिए ताकि किसानों की उपज का उचित मूल्य पक्का हो सके। सीएसीपी ने खाद्य तेलों के लिए राष्ट्रीय मिशन का दायरा सरसों, सोयाबीन के साथ सूरजमुखी, मूंगफली तक बढ़ाने की सिफारिश की है।

**बाजार :** सोना फिर ₹75,000 के पार, चांदी ₹95,000 के करीब, आगे कैसा रहेगा रुझान?

# चांदी ने 2024 में सेंसेक्स-निफ्टी से तीन गुना अधिक दिया रिटर्न, सोना भी चमका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** मई 2024 की रेकॉर्ड ऊंचाई से करीब 3,000 रुपए टूटने के बाद गोल्ड की कीमतें फिर तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले 15 दिन से चांदी में भी जोरदार तेजी देखने को मिली है। दिल्ली-जयपुर जैसे शहरों के सर्राफा बाजारों में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 75,000 रुपए के करीब पहुंच गया है। वहीं एमसीएक्स भी वायदा सोना 73,000 रुपए के ऊपर है। इसी तरह प्रति किलो वायदा चांदी की कीमतें भी 95,000 रुपए के करीब पहुंच गई हैं, जो 15 दिन पहले 86,000 रुपए पर आ गई थी।

वर्ष 2024 में सोना-चांदी ने रिटर्न देने में भारतीय शेयर बाजार को काफी पीछे छोड़ दिया है। चांदी ने तो इस साल निफ्टी और सेंसेक्स से 3 गुना अधिक रिटर्न दिया है। निफ्टी में इस साल की शुरुआत से अब तक 11.9% की तेजी आई है। वहीं सेंसेक्स 10.55% चढ़ा। जबकि इस दौरान सोना 16.90% चढ़ा। ग्लोबल मार्केट में भी इस दौरान गोल्ड में करीब 13% की तेजी देखने मिली। वहीं, चांदी ने निवेशकों को सबसे अधिक 29.5% रिटर्न दिया।

ऐसी रही गोल्ड-सिल्वर और शेयर बाजार की चाल




(सेंसेक्स-निफ्टी का स्तर अंक में, प्रति 10 ग्राम 24 कैरेट वायदा सोना और प्रति किलो वायदा चांदी की कीमत रुपए में)

### 2024 में किसने कितना दिया रिटर्न

| एसेट क्लास | तेजी |
|---|---|
| सेंसेक्स | 10.55% |
| निफ्टी | 11.84% |
| मिडकैप 150 | 28.56% |
| स्मॉलकैप 250 | 25.83% |
| सोना | 16.90% |
| चांदी | 29.5% |

(एमसीएक्स पर वायदा सोना-चांदी में आई तेजी)

### इसलिए गोल्ड में तेजी...

**गोल्ड** में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जब दुनिया के अधिकांश देशों की ग्रोथ रेट में कमजोरी का माहौल है। जोखिम से बचने वाले निवेशक सोने की तरफ बड़े पैमाने पर आकर्षित हुए हैं। गोल्ड की इस तेजी में तमाम देशों के सेंट्रल बैंकों की ओर से बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी का भी हाथ रहा। सोने को शेयर बाजार की तुलना में हमेशा ज्यादा सुरक्षित निवेश माना जाता है।

### गोल्ड का आउटलुक...

विशेषज्ञों ने कहा, जियो-पोलिटकल टेंशन की वजह से सेफ हैवन एसेट की डिमांड बनी रहेगी। अमरीका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इजरायल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। अगर अमरीकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है तो सोने की मांग को एक और बूस्ट मिल सकता है।

## यूपीआइ खाता जल्द क्रेडिट कार्ड की तरह करेगा काम

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** कई बार लोगों के पास तत्काल खर्च के लिए पैसे नहीं होते और उधार सामान खरीदने के लिए दुकानदार की जी हुजूरी करनी पड़ती है। यह समस्या खत्म होने वाली है। एनसीपीआइ यूपीआइ इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों के लिए जल्द क्रेडिट लाइन की नई सुविधा लॉन्च करने की तैयारी में है। इससे ग्राहक के बैंक खाते में पैसा नहीं होने पर भी लोग आराम से दुकानदारों को यूपीआइ से पेमेंट कर सकेंगे।

## आज का राशिफल शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह* जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करें। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक्चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* आप की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। जीव शैली में आय परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* अपने हिसाब से जिन्दगी जीना पसंद करेंगे। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे वे आप का विरोध करेंगे। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवन साथी से नम्रता से बात करें। वाणी में मधुर रहें। यात्रा के योग हैं। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* सेहत को नजरअंदाज न करें। किसी को परेशान करना अच्छी बात नहीं है। मेहमानों की खातिरदारी करना पड़ेगी। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* जल्दबाजी में किए फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जाएगा। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

### ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | मुहर्रम-05 | मास: | आषाढ़ |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | शुक्ल |

### आज का दिन

**शुक्रवार 12 जुलाई, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से पूर्वाह्न 10-50 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत दोपहर 12-32 से दोपहर बाद 02-14 तक शुभ तथा सायं 05-31 से सूर्यास्त तक चर के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-59 से दोपहर 12-54 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** षष्ठी नन्दा संज्ञक तिथि दोपहर 12-33 तक, तदन्तर सप्तमी भद्रा संज्ञक तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। षष्ठी तिथि में काठ की दातुन, यात्रा, उबटन व चित्रकारी के कार्यों को छोड़कर, विवाह, वास्तु, अलंकार व अन्य मांगलिक कार्य शुभ कहे गए हैं। इसी प्रकार सप्तमी तिथि में भी समस्त शुभ व मांगलिक कार्य शुभ होते हैं।

**नक्षत्र:** उत्तराफाल्गुनी "ध्रुव व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र सायं 04-09 तक, तदन्तर हस्त "क्षिप्र व तिर्य्यंमुख" संज्ञक नक्षत्र है। उ.फा. नक्षत्र में विवाह, यज्ञोपवीत, स्थिरता, अलंकार, घर बनाना व प्रवेश आदि और हस्त में यात्रा, विद्या, विवाह व अलंकारादिक कार्य शुभ होते हैं।

**योग:** परिघ नामक नैसर्गिक अशुभ योग अन्तरात 05-14 तक, तदन्तर शिव नामक नैसर्गिक शुभ योग है। परिघ योग की पूर्वार्द्ध घटियां शुभकार्यों में त्याज्य हैं।

**विशिष्ट योग:** रवियोग नामक दोष समूह नाशक शक्तिशाली शुभ योग सायं 04-09 तक है, जो शुभकार्यारम्भ के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

**करण:** तैतिल नामकरण दोपहर 12-33 तक, तदुपरान्त गर-वणिजादिक करण क्रमश: हैं।

**व्रतोत्सव:** आज श्री महावीर स्वामी गर्भ कल्याणक (जैन), विवस्त सप्तमी, कुसुम्बा व कर्दम षष्ठी (बंगाल) है।

**चंद्रमा :** चंद्रमा कन्या राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन :** मंगल वृष राशि में प्रवेश सायं 06-58 से।

**शुभ मुहूर्त:** आज विवाह उत्तराफाल्गुनी में मंगलदान से (मिथुन की संक्रान्ति), गृहारम्भ, व गृह-प्रवेश उ.फा. में (मिथुन की संक्रान्ति), शल्य चिकित्सा, कुआं व बोरिंग करवाना हस्त में तथा विवाह अतिआवश्यकता में हस्त में (राहुवेध व परिघार्द्ध दोष) युक्त मुहूर्त है।

**दिशाशूल:** शुक्रवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज दक्षिण दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात: 10-30 बजे से दोपहर 12-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (प, पी, पू, ष, ण) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि कन्या है। जिसका स्वामी बुध है। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक कुशाग्र बुद्धि, अपनी बुद्धि से बहुत पैसा कमाने वाले, व्यवहार-कुशल, मृदुभाषी और भाग्यशाली होते हैं। इनका भाग्योदय 30 वर्ष की आयु तक होता है। कन्या राशि वाले जातकों के प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। शिक्षा के क्षेत्र में विकास और सफलता मिलेगी। अर्थ की सुविधाएं यथावत बनी रहेगी।

**सुप्रीम कोर्ट** मल्टी फैसिलिटेशन सेंटर का उद्घाटन



**नई दिल्ली.** नवनिर्मित 'मल्टी-फैसिलिटेशन सेंटर' का उद्घाटन करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़। सेंटर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य परिसर में सी-आईएन गेट के पास यूको बैंक के सामने है।

**नतीजे :** मुनाफा 8.7% बढ़ा, उम्मीदों से भी बेहतर

# टीसीएस में 3 तिमाही बाद बढ़े कर्मचारी, 11,000 फ्रेशर्स जुड़े

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** देश की सबसे बड़ी आइटी कंपनी टीसीएस ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। टीसीएस में जून तिमाही में 5,452 कर्मचारी बढ़े, यह वृद्धि तीन तिमाहियों की सुस्ती के बाद दर्ज की गई है। टीसीएस के कुल कर्मियों की संख्या बढ़कर 6,06,998 हो गई है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में कंपनी से ऐसे 11,000 फ्रेशर्स भी जुड़े, जिनकी पिछले वित्त वर्ष में नियुक्ति में देरी हुई थी। इससे कंपनी के पास अब पिछले साल का कोई बैकलॉग नहीं है। कंपनी के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मिलिंद लक्कड़ ने कहा, आगे चलकर हम जो भी कर्मचारी जोड़ेंगे, वे इस साल ऑफर लेटर पाने वाले फ्रेशर्स होंगे। लक्कड़ ने कहा कि भले ही कंपनी ने इस साल कैंपस से 40,000 फ्रेशर्स की नियुक्ति करने का लक्ष्य रखा है, लेकिन हालात काफी हद तक वृहद स्थिति पर निर्भर करेंगे।

### शानदार रहे नतीजे

**चालू** वित्त वर्ष की पहली तिमाही के टीसीएस के नतीजे विश्लेषकों के अनुमान से बेहतर रहे, लेकिन वृहद आर्थिक अनिश्चितता का असर भी दिखा। वित्त वर्ष 2025 की अप्रेल-जून तिमाही में टीसीएस का शुद्ध मुनाफा 8.7% बढ़कर 12,040 करोड़ रुपए रहा, लेकिव इससे पिछली तिमाही की तुलना में मुनाफा 3.1% घटा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की आय पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 5.4% बढ़कर 62,613 करोड़ रुपए रही। इस दौरान कंपनी का मार्जिन 1.5% बढ़कर 24.7% रहा। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कर्मचारियों की वेतन वृद्धि की थी, ऐसे में मार्जिन में सुधार ने विश्लेषकों को थोड़ा चकित किया है।

**मंथन :** मोदी की अर्थशास्त्रियों के साथ चर्चा

# बजट में विकसित भारत का रोडमैप पेश होने के आसार



**नई दिल्ली.** बजट को लेकर हुई बैठक में मौजूद मोदी व निर्मला सीतारमण।

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट को लेकर गुरुवार को देश के अर्थशास्त्रियों के विचार और सुझाव जानने के लिए उनके साथ बैठक की। बजट मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख आर्थिक दस्तावेज होगा। इसमें अन्य बातों के अलावा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रोडमैप पेश किए जाने के आसार हैं। बैठक में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन, सुरजीत भल्ला, अशोक गुलाटी और बैंकर के.वी. कामथ भी मौजूद थे। सुमन बेरी ने राजकोषीय स्थिति और रणनीतियों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री के सामने विचार और सिफारिशें रखीं। वित्तमंत्री 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पिछले महीने संसद की संयुक्त बैठक में अभिभाषण में संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति को तेज करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी।

## पेज एक का शेष

### सुनीता विलियम्स...

उन्होंने स्टारलाइनर टीम पर भरोसा जताते हुए कहा कि यान की थ्रस्टर की गड़बड़ी को दुरुस्त कर लिया जाएगा। नासा के वैज्ञानिकों ने सुनीता और विल्मोर की वापसी के लिए फिलहाल कोई तारीख तय नहीं की है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि दोनों की जुलाई के आखिर में पृथ्वी पर वापसी हो सकती है। बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में बैठकर गए दोनों एस्ट्रोनॉट 13 जून से आइएसएस पर फंसे हैं। वे पांच जून को आइएसएस पहुंचे थे। उन्हें आठ दिन के मिशन के बाद लौटना था।

### फाइनल में...

इंटर में युज सचिन करिया और योग्य ललित चांडक को दूसरी तथा मंजीत सिंह भाटिया और हिरेश काशीरामका को तीसरी रैंक मिली। फाइनल का परिणाम 19.88 फीसदी और इंटर का 18.42 फीसदी रहा।

### पाकिस्तान नहीं...

आइसीसी अगर बीसीसीआइ की मांग पर भारत के मैच दुबई या श्रीलंका में आयोजित करने को हरी झंडी देता है तो पाकिस्तान को एशिया कप 2023 की तरह चैंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड तरीके से आयोजित करनी पड़ सकती है। बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप-2024 के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि नहीं की थी कि भारतीय टीम आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान जाएगी। उन्होंने यह जरूर कहा था कि भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में यह टूर्नामेंट खेलेगी।

### मातृभाषा गुजराती...

अदालत ने रॉकी को दस दिन के लिए सीबीआइ की हिरासत में दे दिया है। पेपर लीक मामले का खुलासा होने के बाद से ही वह फरार था। हिरासती पूछताछ के बाद पेश किए गए चार अन्य अभियुक्त को वापस न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**गोधरा में दोनों केंद्रों का एक ही संचालक :** सीबीआइ ने कहा कि गोधरा के दोनों परीक्षा केंद्रों का नियंत्रण एक ही संचालक के पास था। अलग-अलग राज्यों के इन सभी उम्मीदवारों से आरोपियों ने अलग-अलग लिंक के जरिए संपर्क किया था। सीबीआइ ने छह आरोपियों में से पांच को हिरासत में ले लिया है, जिनमें गोधरा स्थित जय जलाराम स्कूल का मालिक दीक्षित पटेल भी शामिल है। आरोप है कि पटेल ने नीट-यूजी परीक्षा पास करने के लिए प्रत्येक छात्र से 10 लाख रुपए मांगे थे। अब तक छह प्राथमिकी दर्ज करके सीबीआइ एक बड़ी साजिश के तहत अंतरराज्यीय संबंधों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बिहार में दर्ज एफआइआर प्रश्नपत्र लीक से संबंधित हैं, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज एफआइआर अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित हैं।

### नई आइएएस ...

यूपीएससी ने पूजा के चयन को केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण यानी कैट में चुनौती दी थी। बाद कैट ने पूजा के खिलाफ फैसला सुनाया लेकिन फिर प्राधिकरण ने उनके द्वारा प्रस्तुत एमआरआइ को स्वीकार कर लिया। पूजा खेडकर की संपत्ति 17 करोड़ रुपए से अधिक बताई जाती है, ऐसे में उनका ओबीसी-एनसीएल सर्टिफिकेट लगाकर नौकरी पाना भी धोखाधड़ी है।

**वीआइपी नंबर की कार और गार्ड की फरमाइश :** पुणे की रहने वाली ट्रेनी आइएएस पूजा खेडकर ने ट्रेनिंग के दौरान ही वीआइपी नंबर वाली कार, स्टाफ, गार्ड और अलग से चेंबर की मांग की थी। यह सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान नहीं दी जाती हैं। इसे लेकर पुणे के कलेक्टर सुहास दिवासे ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखकर खेडकर का तबादला करने पर विचार करने का आग्रह किया था। उसके पत्र पर के बाद खेडकर का तबादला वाशिम जिले में बतौर सहायक जिलाधिकारी के रूप में कर दिया गया।

**17 करोड़ की मालकिन, पिता के पास 40 करोड़ की संपत्ति:** पूजा खेडकर को लेकर कई खुलासे सामने आ रहे हैं। बताया जाता है कि पूजा करीब 17 करोड़ की संपत्ति की मालिक हैं। इसके साथ ही 42 लाख रुपए की सालाना कमाई है। उनके पिता और पूर्व सिविल सेवक दिलीप खेडकर पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनके पिता ने रिटायरमेंट के बाद राजनीति में किस्मत आजमाई। उन्होंने वंचित बहुजन अघाड़ी से अहमदनगर लोकसभा चुनाव लड़ा था। दिलीप खेडकर ने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास 40 करोड़ की संपत्ति है। इनमें 6 दुकानें, 7 फ्लैट, 900 ग्राम सोना, 17 लाख की घड़ी, चार कारें, दो कंपनियों और एक आटोमाबाइल कंपनी में हिस्सेदारी है। इसके साथ ही 110 एकड़ जमीन भी है।

**गाड़ी की होगी जांच :** पुणे पुलिस पूजा खेडकर के पुणे में तैनाती के दौरान निजी ऑडी कार पर अनधिकृत तौर पर लाल और नीली बत्ती लगाने तथा महाराष्ट्र सरकार की नेमप्लेट लगाने की गहन जांचकर कार्रवाई करेगी। इसे लेकर गुरुवार को पुलिस खेडकर के बंगले पर गई तो बंगले का द्वार बंद मिला।

**कोच ने की डिमांड :** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बीसीसीआइ के सामने रखा प्रस्ताव, केकेआर में साथ कर चुके हैं काम

# कोचिंग स्टाफ में शामिल हो सकते हैं नीदरलैंड्स के रेयान डोइशे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने के बाद गौतम गंभीर अब अपना कोचिंग स्टाफ तैयार करने में जुट गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार गंभीर ने बीसीसीआइ से नीदरलैंड्स के पूर्व क्रिकेटर रेयान टेन डोइशे को अपने कोचिंग स्टाफ में शामिल करने की मांग रखी है। 44 वर्षीय रेयान नीदरलैंड्स के पूर्व बल्लेबाज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह कोचिंग से जुड़ गए। माना जा रहा है कि रेयान की कोचिंग स्टाफ में अहम भूमिका होगी और वह गौतम गंभीर के प्रमुख सहयोगी होंगे।

### लंबे समय बाद कोई विदेशी टीम संग जुड़ेगा

**रेयान** का भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़ना तय माना जा रहा है। रिपोर्ट के तहत, बीसीसीआइ उनके नाम को मंजूरी दे देगा। इस तरह टीम इंडिया के साथ लंबे समय बाद कोई विदेशी कोच जुड़ेगा। पूर्व कोच राहुल द्रविड़ के कार्यकाल में कोचिंग स्टाफ में सभी भारतीय थे।



आइपीएल के एक मैच के दौरान रेयान डोइशे के साथ गौतम गंभीर।

### मैंने उनके जैसा निस्वार्थ इंसान नहीं देखा : गंभीर

गंभीर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और इसमें वह रेयान की प्रशंसा करते हुए दिख रहे हैं। गंभीर ने कहा, जब निस्वार्थ भावना की बात आती है तो मैंने अपने करियर में रेयान जैसा इंसान नहीं देखा। वह एक टीम मैन हैं और कभी खुद के बारे में नहीं सोचते। वे ऐसे इंसान हैं, जिनके लिए मैं गोली भी खा सकता हूं।

***रेयान पर गंभीर का है अटल विश्वास...*** गौतम गंभीर का रेयान के साथ लंबा रिश्ता रहा है और वह उनके ऊपर काफी भरोसा करते हैं। 2014 में जब गंभीर आइपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स टीम के कप्तान थे, उस दौरान रेयान भी टीम में शामिल थे। वहीं, 2024 में जब गंभीर कोलकाता के मेंटोर बने, तब भी रेयान कोचिंग स्टाफ में थे और दोनों की जोड़ी ने टीम को खिताब दिलाने में मदद की।

### भारत का श्रीलंका दौरा : टी-20 व वनडे सीरीज का कार्यक्रम घोषित

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारत और श्रीलंका के बीच इस महीने के अंत में होने वाली तीन टी-20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज का कार्यक्रम घोषित हो गया है। श्रीलंका दौरे का आगाज टी-20 सीरीज से होगा। वनडे सीरीज 01 अगस्त से होगी। भारतीय टीम 26 और 27 जुलाई को लगातार दो दिन श्रीलंका के खिलाफ टी-20 खेलेगा, जबकि अंतिम मैच 29 जुलाई को खेला जाएगा। वनडे मैच 01, 04 और 7 अगस्त को खेले जाएंगे।

**पेरिस ओलंपिक :** 7 भारतीय शटलर खेलने उतरेंगे

## प्रकाश पादुकोण भारतीय बैडमिंटन टीम के मेंटोर बने

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** पूर्व महान शटलर प्रकाश पादुकोण 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में 15 सदस्य भारतीय बैडमिंटन टीम के साथ मेंटोर के तौर पर जाएंगे। पीवी सिंधू ने हैदराबाद से बेंगलूरु स्थानांतरित होने के बाद पेरिस ओलंपिक के मद्देनजर प्रकाश पादुकोण को अपना मेंटोर बनाया था। सिंधू अपने तीसरे ओलंपिक की तैयारियों में जुटी हुई हैं। लक्ष्य सेन भी प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन एकेडमी से निकले हैं। रिपोर्ट के तहत, बैडमिंटन दल में सात खिलाड़ी जबकि कोच और फिजियो समेत कुल आठ सहयोगी स्टाफ हैं।



पीवी सिंधू के साथ प्रकाश पादुकोण।

***भारतीय दल में कई दिग्गज :*** प्रकाश पादुकोण के अलावा भारतीय खिलाड़ियों के साथ कई दिग्गज पेरिस ओलंपिक में जाएंगे। इसमें पुलेला गोपीचंद, आरएमवी गुरुसाईदत्त, ऑगस सांटोस, विमल कुमार शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 में बैडमिंटन की स्पर्धाएं 27 जुलाई से शुरू होकर पांच अगस्त को समाप्त होंगी।

### सिंधू से पदकों की हैट्रिक लगाने की उम्मीद

**भारतीय** प्रशंसकों को शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू से काफी उम्मीदें हैं, जो पिछले दो ओलंपिक खेलों रियो और टोक्यो में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीत चुकी हैं। इस बार उनसे स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें लगाई जा रही हैं।

### आज का पोल

**क्या इंग्लैंड की टीम विंडीज के खिलाफ पारी से जीत हासिल कर पाएगी?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

गुरुवार का जवाब

हां 95% नहीं 05%

***पिछला सवाल:*** क्या गौतम गंभीर को भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनाना सही है?

**दादा की नई पारी**

### गांगुली ने रेसिंग टीम को खरीदा



**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता रॉयल टाइगर्स रेसिंग टीम खरीदी है। उनकी टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी। गांगुली ने कहा, मोटर स्पोर्ट्स को लेकर मैं हमेशा जूनुनी रहा हूं। कोलकाता के साथ हमारा उद्देश्य इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में एक मजबूत विरासत बनाने के साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करना है।

**कड़ा फैसला**

### हसारंगा ने श्रीलंका की कप्तानी छोड़ी

**कोलंबो@ पत्रिका.** टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंकाई टीम को इस महीने के अंत में भारत संग तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। ऐसे में श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को जल्द नए कप्तान की घोषणा करनी होगी। हसारंगा ने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली है।

**यूरो कप फुटबॉल :** सेमीफाइनल में इंग्लैंड की टीम ने पूर्व चैंपियन नीदरलैंड्स को 2-1 से दी शिकस्त

# 90वें मिनट में वॉटकिंस का करामाती गोल

## इंग्लैंड लगातार दूसरी बार फाइनल में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**डोर्टमंड (जर्मनी).** इंग्लैंड की टीम ने बेहद रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड्स को 2-1 से शिकस्त देकर लगातार दूसरी बार यूरो कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। बुधवार रात खेले गए सेमीफाइनल में दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। लेकिन 90वें मिनट में 28 वर्षीय ओली वॉटकिंस ने शानदार गोल करके टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने यूरो कप 2020 के फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन इटली के खिलाफ उसे हार का सामना करना पड़ा था।

### पहली बार चैंपियन बनना है तो स्पेन को हराना होगा

**इंग्लैंड** की टीम कभी यूरो कप नहीं जीत सकी है। पिछली बार उसका खिताबी सपना इटली ने तोड़ दिया था। लेकिन अब उसे चैंपियन बनने का एक और शानदार मौका मिला है। इसके लिए रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में इंग्लैंड को स्पेन की चुनौती खत्म करनी होगी। स्पेनिश टीम सेमीफाइनल में फ्रांस को शिकस्त देकर पांचवीं बार फाइनल में पहुंची है।

**जीत का हीरो**

### वॉटकिंस बोले, खुशी जताने के लिए शब्द नहीं हैं

**मैच** खत्म होने में जब चंद सेकेंड शेष रह गए थे, तब वॉटकिंस ने दाहिने कोने से शानदार शॉट मारा और बॉल डच गोलकीपर को छकाते हुए गोलपोस्ट में समा गई। इस करामाती गोल के साथ ही इंग्लैंड के खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। वॉटकिंस ने कहा, मेरे पास खुशी व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं फाइनल खेलूंगा।

### नॉकआउट में सर्वाधिक 06 गोल ठोके

**हैरी** केन ने सेमीफाइनल में नीदरलैंड्स के खिलाफ 18वें मिनट में गोल ठोका। यह इस टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल है। इसके साथ ही वह यूरो कप के नॉकआउट मैचों में सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए हैं। इसके अलावा, मेजर टूर्नामेंट (विश्व कप, यूरो कप) के नॉकआउट मैचों में उनके नाम सर्वाधिक नौ गोल हो गए हैं और वह ऐसा करने वाले पहले यूरोपीय फुटबॉलर हैं।

**हैरी केन का कमाल**

**03** *गोल इस टूर्नामेंट में **केन*** ने कुल ठोके, वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर में शामिल हैं



गोल करने के बाद खुश वॉटकिंस।

गोल करने पर साथी खिलाड़ी हैरी केन को गोद में उठा लिया

### डच टीम ने 36 साल में चार सेमीफाइनल खेले और हारे

*नीदरलैंड्स की टीम ने 36 साल बाद यूरो कप के फाइनल में जगह बनाने का मौका गंवा दिया। डच टीम सिर्फ 1988 में फाइनल में पहुंची थी और उसने खिताब जीता था। उसके बाद से डच टीम ने चार सेमीफाइनल खेले और हर बार उसे हार झेलनी पड़ी है।*

**7** *वें मिनट में सिमोंस ने डच टीम के लिए एकमात्र गोल किया*

***बढ़त का फायदा नहीं उठाया :*** नीदरलैंड्स के झावी सिमोंस ने मैच के सिर्फ सातवें मिनट में गोल करके टीम को बढ़त दिला दी थी लेकिन डच टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे हाफ में इंग्लैंड की टीम हावी रही।

**कोपा अमरीका कप**

### कोलंबियाई टीम 23 साल बाद खिताबी मुकाबले में

**3** बार कोलंबियाई टीम ***फाइनल में पहुंची***

**कैरोलिना (अमरीका) @ पत्रिका.** कोलंबिया ने जेफरसन लेरमा के गोल से उरुग्वे को 1-0 से हरा कोपा अमरीका कप के फाइनल में 23 साल बाद जगह बनाई। कोलंबियाई टीम आखिरी बार 2001 में फाइनल तक पहुंची थी और चैंपियन बनी थी। अब रविवार को खिताब के लिए उसका सामना अर्जेंटीना से होगा।

**जीत का हीरो**

कोलंबिया की जीत के हीरो जेफरसन लेरमा रहे, जिन्होंने मैच का एकमात्र गोल ठोका। उन्होंने 47 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपना तीसरा गोल किया।

### CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7042...



**बाएं से दाएं...** 1. ध्यानपूर्वक देखना (5), 7. बाग, उपवन (3), 8. अपवित्र, अशुद्ध (3), 10. धुन, लौ (3), 12. गिरवी (3), 13. अंधकार, अंधेरा (2), 14. दया, रहम (3), 16. भाग्य, किस्मत (3), 18. दैत्यता, राक्षसता (4), 22. अभिलाषा, ख्वाहिश, इच्छा (4), 23. संसार, दुनिया (3), 26. जी, मन (2), 27. समाचार (3), 29. साथ, संग, सहित (2), 30. आदतन, लती (4), 31. कष्ट, परेशानी (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. कचहरी, न्यायालय (4), 2. आंख, नेत्र, नयन (3), 3. अल्प, थोड़ा (2), 4. ईसाई सेविका (2), 5. आश्रय, शरण (3), 6. दबदबा, आतंक (2), 9. तांबूल, बीड़ा (2), 11. प्रस्थान, रवाना (3), 12. रसीला, रसयुक्त (2-2), 14. इसके पश्चात, तुरंत बाद (2), 15. तात, बाप (2), 17. स्वभाव, आदत (3), 19. मुस्लिम प्रार्थना पद्धति (3), 20. जंगल, अरण्य (2), 21. डरपोक, भीरू (4), 22. विचित्र, अनोखा (3), 24. असत्य, मिथ्या, दोषयुक्त (3), 25. आराम, चैन (3), 27. गधा (2), 28. धूल, गर्द (2), 29. बराबर, चौरस (2)

**हल 7041**



### SUDOKU 6777...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | | | | 8 |
| 7 | 9 | | | 5 | 2 | 6 | | |
| | | 6 | | | | | | |
| | | | | 8 | 4 | | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | 8 | 3 | 7 | | 6 | 5 | | |
| | | | 5 | | | | | |
| 3 | | | | | 7 | 2 | | 5 |
| 1 | | | | | | | 3 | |

**हल 6776**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 9 | 6 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 5 | 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 | 8 | 7 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**पहला टेस्ट :** दूसरी पारी में 55 रन पर 5 विकेट गंवाए

## इंग्लैंड ने कसा शिकंजा, विंडीज टीम पर पारी की हार का संकट

**लंदन @ पत्रिका.** जैक क्रॉली (76), ओली पोप (57), जो रूट (68) और हैरी ब्रूक (50) के अर्धशतकों से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 371 रन बनाए। विंडीज को पहली पारी में 121 रन पर ढेर करने वाली इंग्लैंड ने 250 रन की विशाल बढ़त हासिल की और मैच पर पकड़ मजबूत कर ली।

दूसरी पारी खेलने उतरी विंडीज टीम फिर लड़खड़ा गई और उसने 55 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। टीम पहली पारी के आधार पर 193 रन पीछे हैं और उसके ऊपर पारी की हार का संकट मंडरा रहा था। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन और बेन स्टोक्स ने दो-दो विकेट चटकाए।



इंग्लैंड के जो रूट शॉट खेलते हुए।

**विम्बलडन, टेनिस:** क्रोएशिया की डोना वेकिक को हराया, अब फाइनल में क्रेजिकोवा से होगी टक्कर

## पाउलिनी फाइनल में, पहली इटालियन खिलाड़ी बनीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** इटली की सातवीं वरीय जैस्मिन पाउलिनी ने इतिहास रचते हुए साल के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

उन्होंने गुरुवार को महिला एकल सेमीफाइनल में क्रोएशिया की डोना वेकिक को बेहद कड़े मुकाबले में 2-6, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। पाउलिनी विम्बलडन के फाइनल में जगह बनाने वाली इटली की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। फाइनल में उनका सामना बारबोरा क्रेजिकोवा से होगा।



जीत के बाद पाउलिनी।

***क्रेजिकोवा ने रिबाकिना को हरा कर किया बड़ा उलटफेर...*** चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने सेमीफाइनल मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हरा कर बड़ा उलटफेर किया। दो बार विम्बलडन में महिला युगल खिताब जीत चुकीं क्रेजिकोवा पहली बार महिला एकल के फाइनल में पहुंची हैं। अब उनकी नजरें पहले ग्रैंड स्लेम पर टिकी हैं।

### लोरेंजो पुरुष एकल के अंतिम चार में

**इटली** के 25वीं सीड लोरेंजो मुसेट्टी ने पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेट्टी ने क्वार्टरफाइनल में 13वीं सीड अमरीका के टेलर फ्रिट्ज को 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से मात दी। अब मुसेट्टी का सामना सर्बिया के नोवाक जोकोविच से होगा।

**पेरिस ओलंपिक 2024 //** अमरीका की ओलंपिक व पैरालंपिक कमेटी ने की घोषणा, इस बार 314 महिला एथलीट, 2020 में सर्वाधिक 330 महिलाएं शामिल थीं

# अमरीकी दल में महिलाओं का वर्चस्व, लगातार चौथी बार पुरुषों से ज्यादा संख्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक के लिए अमरीका ने अपने 592 सदस्यीय दल की घोषणा कर दी है। लगातार चौथी बार ऐसा होगा कि अमरीकी दल में पुरुषों की तुलना में महिला खिलाड़ियों की संख्या ज्यादा है। अमरीका की ओलंपिक व पैरालंपिक कमेटी ने 592 सदस्यीय दल घोषित किया है, उसमें 314 महिला व 278 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। इससे पहले 2020 टोक्यो (330 महिला व 285 पुरुष), 2016 रियो (291 महिला व 264 पुरुष) और 2012 लंदन (268 महिला व 262 पुरुष) ओलंपिक में भी महिला खिलाड़ियों का वर्चस्व था।

PARIS 2024



हेजली रिवेरा



कैटी लेडेकी

### पेरिस ओलंपिक में अमरीका का सबसे बड़ा दल

**592** एथलीट अमरीकी दल में, फ्रांस (571) दूसरे स्थान पर

**314** महिला खिलाड़ी

**278** पुरुष खिलाड़ी

**16** साल से 59 साल तक के खिलाड़ी शामिल

अमरीका के 46 प्रांतों के खिलाड़ी करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

***66 ओलंपिक चैंपियन...*** इस अमरीकी दल में 66 ओलंपिक चैंपियन शामिल हैं, जिन्होंने मिलकर पूर्व में 110 स्वर्ण पदक जीते हैं। इनमें पांच बार के ओलंपिक चैंपियन, बास्केटबॉल खिलाड़ी डायना टॉरसी, एक्वेस्टेरियन खिलाड़ी स्टीफन पीटर्स व मैक्लेन वार्ड शामिल हैं।

### 123 पदक जीतने की भविष्यवाणी

अमरीका की एक एजेंसी ने भविष्यवाणी की है कि अमरीका एक बार फिर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करेगा। एजेंसी के आंकलन के अनुसार, पेरिस ओलंपिक में अमरीकी खिलाड़ी 37 स्वर्ण पदकों के साथ कुल 123 पदक जीत सकते हैं। पिछले खेलों में अमरीका ने 39 स्वर्ण के साथ कुल 113 पदक जीत कर शीर्ष स्थान हासिल किया था।

**दल में यह भी खास**

- 16 साल की जिम्नास्ट हेजली रिवेरा सबसे कम उम्र की एथलीट हैं, जबकि 59 साल के एक्वेस्टेरियन एथलीट स्टीफन पीटर्स सबसे उम्रदराज।
- महिला तैराक कैटी लेडेकी 10 ओलंपिक पदकों के साथ अमरीकी दल की अगुवाई करेंगी। लेडेकी के नाम अब तक सात स्वर्ण और तीन रजत पदक हैं।
- तीरंदाज बार्डी एलिसन, तलवारबाज गेरेक मेनहार्ट, सेलर स्टू मेक्ने और शूटर विंसेंट हॉनकॉक चौथी बार ओलंपिक में उतरेंगे।

***75% खिलाड़ी कॉलेज स्तर के...*** दल में 75 फीसदी खिलाड़ी कॉलेज स्तर के हैं। इनमें 15 टीमें ऐसी हैं जो पूरी तरह से कॉलेज खिलाड़ियों से तैयार की गई हैं। इनमें बास्केटबॉल, बीच व इंडोर वॉलीबॉल, डाइविंग, फेंसिंग, हॉकी, रग्बी व अन्य टीमें हैं।

***भाई-बहनों की जोड़ी भी...*** 6 खेलों में भाई-बहनों की जोड़ी भी उतरेगी। बैडमिंटन में एनी व केरी जू, हॉकी में ब्रूक व एम्मा, तैराकी में एलेक्स व आरोन और ग्लेचेन व एलेक्स वॉल्श, एथलेटिक्स में जूलियट व इसाबेला तथा वॉटर पोलो में चेस व रायडर डॉड शामिल हैं।

**पूर्व हॉकी कप्तान बोले...**

### यह मेरा चौथा व संभवत: अंतिम ओलंपिक- मनप्रीत

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह का संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन वह अच्छी तरह जानते हैं कि पेरिस उनका चौथा और आखिरी ओलंपिक होगा। इसलिए विश्व की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेताब हैं। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं चार ओलंपिक में खेलूंगा। ओलंपिक खेलना और पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि यह मेरा चौथा ओलंपिक है। मैं इस सोच के साथ पेरिस जा रहा हूं कि यह मेरा आखिरी ओलंपिक है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। मैंने अभी तक खेल छोड़ने के बारे में नहीं सोचा है।

**पत्रिका पोल**

Q क्या अमरीका में जो बाइडन को राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटाया जा सकता है?

कल का सवाल था

क्या पीएम मोदी के रूस दौरे को लेकर अधिकांश पश्चिमी मीडिया भारत के प्रति पूर्वाग्रह का शिकार है?

जवाब

68% हां 32% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### यूपी हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत में एक साथ फैसला

**प्रयागराज @ पत्रिका.** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शिवशंकर प्रसाद ने गुरुवार को एक ही फैसले को अंग्रेजी, हिंदी और संस्कृत में लिखकर इतिहास रच दिया। जस्टिस प्रसाद ने कुल 42 पेज के फैसले को पहले अंग्रेजी, फिर हिंदी और अंत में संस्कृत भाषा में सुनाया। जस्टिस प्रसाद ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत जारी अंतरिम भरण-पोषण आदेश को लागू करने की मांग वाली याचिका की स्वीकार्यता के बारे में यह फैसला किया।

### असम 30 करोड़ की नशीली गोलियां बरामद

**दिसपुर @ पत्रिका.** असम के करीमगंज जिले में 30 करोड़ रुपए मूल्य की नशीली गोलियां जब्त की गई। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया, राताबाड़ी थाने के निकट वाहन की तलाशी लेने पर एक लाख याबा टैबलेट बरामद की गई। बाजार में इन टैबलेट की कीमत 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर इस मामले की जानकारी दी।

### दिल्ली स्मृति ईरानी ने खाली किया बंगला

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने लुटियंस में 28 तुगलक क्रीसेंट स्थित सरकारी बंगला खाली कर दिया है। यह बंगला पिछले दस साल से उनके पास था। चुनाव हारने वाले सभी सांसदों को 11 जुलाई तक सरकारी बंगले खाली करने हैं। लोकसभा चुनाव में अमेठी से स्मृति को कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा ने हराया था। इस चुनाव में 17 केंद्रीय मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा था।

### आंध्र तीसरी कक्षा की छात्रा से बलात्कार, हत्या

**नांदयाल @ पत्रिका.** आंध्र प्रदेश के नांदयाल जिले में 12-13 साल के तीन छात्रों ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली 8 साल की स्कूली छात्रा से सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी कक्षा 6 के दो छात्र और एक कक्षा 7 का छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों नाबालिगों ने बच्ची के शव को सिंचाई नहर में फेंकने की बात कबूल की है। हालांकि, पुलिस अभी तक शव बरामद नहीं कर पाई है।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### ब्रिटेन शिवानी ने गीता पर ली सांसद की शपथ



**लंदन.** ब्रिटेन में भारतीय मूल की कंजर्वेटिव सांसद शिवानी राजा संसद में भगवद् गीता पर हाथ रखकर सांसद की शपथ लेते हुए। शिवानी ने कहा गीता पर हाथ रखकर किंग चार्ल्स के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ लेने पर गर्व है। शिवानी लीसेस्टर ईस्ट से जीती हैं, जो कि लेबर पार्टी का गढ़ मानी जाती थी। वहीं, हॉरो ईस्ट से कंजर्वेटिव सांसद और पद्मश्री से सम्मानित बॉब ब्लैकमैन ने भी गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। बॉब के संसदीय क्षेत्र में भारतीय मूल की बड़ी आबादी रहती है।

### आस्ट्रेलिया पिता पर तिहरे हत्याकांड का आरोप

**सिडनी @ पत्रिका.** ऑस्ट्रेलिया के एक पिता पर तिहरे हत्याकांड का आरोप लगा है। घरेलू विवाद में उसने अपने सात बच्चों और पत्नी को घर में बंद कर आग लगा दी। तीन बच्चों की जिंदा जल जाने से मौत हो गई, जिनमें 2 और 6 वर्ष के दो लड़के व पांच महीने की बच्ची हैं। अस्पताल में भर्ती चार अन्य बच्चों की हालत स्थिर है, मां को छुट्टी दे दी गई है।

### ताइवान चीन के 66 फाइटर जेट मंडराए

**ताइपे @ पत्रिका.** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 24 घंटे के भीतर द्वीप के आसपास 66 चीनी सैन्य विमान मंडराए हैं। यह इस वर्ष चीनी फाइटर जेट की सबसे बड़ी घुसपैठ है। एक दिन पहले ताइवान ने कहा था कि चीन पास के जलक्षेत्र में अभ्यास कर रहा है। इनमें से 56 चीनी विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को दो भागों में विभाजित करने वाली संवेदनशील मध्य रेखा को पार कर लिया।

### अमरीका वेंडिंग मशीन से बिक रहीं गन बुलेट




**ओक्लोहोमा.** सामूहिक गोलीबारी के बढ़ते मामलों के लिए कुख्यात अमरीका में अब किराना स्टोर से बंदूक की गोलियां खरीदीं जा रही हैं। कंपनी अमरीकन राउंड्स एलएलसी ने अलबामा, ओक्लाहोमा और टेक्सास के आठ सुपरमार्केट में एआइ वाली ऐसी वेंडिंग मशीनें लगाई हैं, जिनसे वयस्क लोग एटीएम की तरह बंदूक की गोलियां खरीद रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इसने देश में गन-कल्चर और बढ़ेगा।

## काम शुरू: अंबाजी मंदिर की तर्ज पर बनेगा रेलवे स्टेशन



**गांधीनगर.** अहमदाबाद से मेहसाणा, तारंगा होते हुए अंबाजी तक नई रेललाइन बिछाने के लिए पहाड़ियों को समतल करते श्रमिक व अंबाजी मंदिर की तर्ज पर रेलवे स्टेशन का मॉडल। एयरपोर्ट की सुविधाएं समेटे रेलवे स्टेशन बनेगा। नीचे ट्रेन दौड़ेगी, यात्री प्लेटफार्म पर उतरकर ऊपर जाएंगे जहां से आगमन-प्रस्थान होगा। दूसरी मंजिल पर कॉन्कोर हॉल में प्रतीक्षालय आदि सुविधाएं होंगी। इसके उपर 100 कमरे वाला पांच मंजिला बजट होटल होगा। स्टेशन वर्ष 2027 तक बनकर तैयार हो जाएगा। प्रोजेक्ट करीब 2798.16 करोड़ रुपए का है। नई रेल लाइन मेहसाणा से बनासकांठा-साबरकांठा और राजस्थान के सिरोही जिले होकर गुजरेगी।

## सबसे बड़ा चुनावी वर्ष: अतिवादी विचारों और महिला नेतृत्व पर बढ़ा भरोसा

# महंगाई-बेरोजगारी से परेशान जनता सरकारों को सिखा रही है सबक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क patrika.com

**नई दिल्ली. लंदन.** वर्ष 2024 दो शब्दों से परिभाषित होता है- युद्ध और चुनाव। चुनावों की बड़ी संख्या को देखते हुए 2024 को इतिहास का सबसे बड़ा चुनावी वर्ष कहा गया है। 2024 में अब तक दो अरब से ज्यादा लोग मतदान कर चुके हैं। साथ ही, अभी कई और देशों में चुनाव होने हैं। इन चुनावों को गौर से देखें तो साफ है कि लोगों में बदलाव की ललक है। इसके चलते वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य बदल रहा है। अधिकांश चुनावों में अतिवादी दक्षिणपंथी और वामपंथी रुझान के दलों की जीत देखने को मिल रही है। दुनिया भर में चुनावों के मुद्दों पर गौर करें तो साफ है कि इस बार महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रवाद, प्रवासियों को लेकर चिंता और जलवायु परिवर्तन सबसे अहम सवाल रहे हैं, जिनसे मतदाता जूझता नजर आया।

इतना ही नहीं, सर्वेक्षणों पर गौर करें तो साफ है कि अमरीका में भी नवंबर में होने वाले आगामी चुनाव से पूर्व मतदाता राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रयासों से नाखुश हैं। अमरीकियों को लगता है बुजुर्ग बाइडन में वह नेतृत्व क्षमता नहीं बची कि आने वाले दिनों में उनका जीवन स्तर सुधरेगा। साथ ही,वह वैश्विक तनाव के लिए भी बाइडन को ही जिम्मेदार मानता है।






### महंगाई रही सबसे अहम मुद्दा

**दुनिया** के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत से लेकर यूरोपीय यूनियन, फ्रांस, ब्रिटेन, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया के चुनावी मुद्दों को देखें तो साफ है कि आम मतदाता की प्राथमिकता में जीवन यापन की बढ़ती लागत ही रही। गिरते जीवन स्तर और बेरोजगारी के प्रति असंतोष के चलते पहली बार अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला और पार्टी गठबंधन बनाने के लिए मजबूर हुई। यूरोपीय संसद के चुनाव में मुख्यधारा के दलों की गिरती लोकप्रियता की वजह भी मुख्य रूप से महंगाई ही रही।

### धुर दक्षिणपंथ का उभार, वामपंथ से आस

**ब्रिटेन,** फ्रांस और यूरोपीय यूनियन के चुनावों से साफ है जीवन-यापन की बढ़ती लागत के चलते लोग अतिवादी दक्षिणपंथी और वामपंथी विचारधाराओं की ओर झुक रहे हैं। पश्चिमी देशों में अति-दक्षिणपंथी दलों का जनाधार बढ़ रहा है, जिसमें प्रवासी-विरोध और राष्ट्रवादी नीतियों के लिए समर्थन प्रमुख है, तो वामपंथ के लिए भी नए सिरे से आकर्षण बढ़ा है, जो सब्सिडी की बात करते हैं। फ्रांस में अति दक्षिणपंथी नेशनल रैली को सबसे अधिक 37 फीसदी वोट मिले, जबकि ब्रिटेन में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को मुख्य रूप से धुर दक्षिणपंथी पार्टी यूके रिफॉर्म पार्टी के उभार का खामियाजा भुगतना पड़ा और यहां वामपंथी झुकाव लेबर पार्टी सत्ता में आ गई।

### ग्रीन मुद्दों को मिल रही जमीन

**जलवायु** परिर्तन से जुड़े मुद्दों को सामान्यता चुनावी मुद्दा नहीं माना जाता, लेकिन जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर जैसे रेकॉर्ड गर्मी, प्रचंड मौसम के कारण लोगों की मौतें तथा हादसे जरूर सभी की चिंता का विषय बने हुए हैं। सर्वेक्षणों में यह उभर कर आया है कि लोग जलवायु परिवर्तन को रोकने संबंधी सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हैं।

## शहीद अंशुमान के माता-पिता का दर्द

# बेटा शहीद, बहू कीर्ति चक्र लेकर चली गई



शहीद अंशुमान की पत्नी स्मृति और माता-पिता।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क patrika.com

**नई दिल्ली.** आग में फंसे अपने साथियों को बचाने में जान गंवाने वाले कैप्टन अंशुमान सिंह को पिछले शुक्रवार को मरणोपरांत कीर्ति चक्र दिया गया। राष्ट्रपति भवन में ये पुरस्कार शहीद की पत्नी स्मृति सिंह और मां मंजू सिंह ने ग्रहण किया था। लेकिन अब वह ससुराल छोड़कर मायके चली गईं। शहीद के पिता रवि प्रताप सिंह का कहना है कि वह सबकुछ अपने साथ ले गई।

उन्होंने मीडिया से कहा, हमें आजतक ये पता नहीं चला कि वह हमारा परिवार छोड़कर क्यों गईं। उन्होंने पुरस्कार मिलने के दिन मीडिया को स्मृति द्वारा दिए बयान को भी गलत बताया कि उसकी 18 जुलाई 2023 को अंशुमान से बात हुई थी और 19 जुलाई को वह शहीद हो गया। हमने इस वर्ष एक फरवरी को शांतिपाठ करवाया, लेकिन वह नहीं आई। वह हमेशा यही कहती रही कि मुझे संभलने के लिए समय चाहिए। कैप्टन के पिता ने कहा कि स्मृति यहां से मायके जाने के दस दिन बाद ही स्कूल में पढ़ाने लगीं थी, ऐसा कैसे हो सकता है।

### पांच महीने ही साथ रही

**रविप्रताप** सिंह ने अपने बेटे के ससुराल वालों पर भी बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, वह हमारे साथ पांच महीने ही रही। जब भी हम बात करते, बहू की जगह उनके माता-पिता ही बात करते। उनकी पहले से प्लानिंग थी कि उनको हमसे अब कोई रिश्ता नहीं रखना। 26 जनवरी को अंशुमान को सम्मान देने की घोषणा होने के बाद बहू से बात हुई। शहीद की मां ने कहा, उनकी बहू ने यहां से जाने के कुछ दिन तक रिप्लाई किया, फिर सबकुछ छोड़ दिया।

### सामान समेट चली गई

**कैप्टन** की मां ने बताया कि उनकी बहू नोएडा के घर से अपना सारा सामान पैक करके अपने साथ ले गई। जब उनकी बेटी नोएडा गई तब इस बारे में पता चला। मेरा बेटा उनसे प्रेम करता था, लेकिन उसके शहीद होने के बाद न बेटा बचा, न बहू और न इज्जत। शहीद के पिता ने मुआवजे को लेकर कहा, इसकी ज्यादातर राशि बहू को मिली। हमे सिर्फ 15 लाख ही मिले।

## यूपी: बाढ़ में फंसे, देवदूत बनीं सेना



उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में गुरुवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को बचाते सेना के जवान। एनडीआरएफ की भी मदद ली जा रही है। प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने से शाहजहांपुर शहर भी बाढ़ की चपेट में आ गया है।

## मध्यप्रदेश: 30 दिन में वापस करो, नहीं तो कार्रवाई

# स्कूल फीस के ज्यादा वसूले 69 करोड़ रुपए लौटाने के दिए निर्देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क patrika.com

**जबलपुर.** मध्यप्रदेश में निजी स्कूलों की मनमर्जी फीस वसूली पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। ज्यादा वसूली करने वाले जबलपुर के 10 निजी स्कूलों को 69 करोड़ रुपए अभिभावकों को लौटाने होंगे। यह फैसला जिला समिति की बैठक में हुआ है। स्कूलों को 30 दिन में बढ़ी हुई फीस की राशि लौटानी होगी।

खास यह है कि जिस तरह से वसूली की, उसी तरीके से रुपए लौटाने होंगे, मसलन यदि नकद लिया तो नकद और ऑनलाइन लिए तो ऑनलाइन। ऐसा न करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### यह है मामला

दरअसल, जबलपुर के 11 निजी स्कूलों पर फीस में अवैध वृद्धि कर वसूली का आरोप है। जिला प्रशासन की जांच समिति ने इसमें 10 स्कूलों पर प्रशासन ने 69 करोड़ रुपए की अधिक वसूली पाई। डीईओ घनश्याम सोनी ने बताया कि नियमानुसार स्कूल अपनी मर्जी से हर साल 10 फीसदी की फीस वृद्धि कर सकता है। इससे ऊपर करने पर जिला शिक्षा समिति की अनुमति जरूरी होती है। ऐसा जिले के 10 स्कूलों ने नहीं किया। मनमर्जी वृद्धि की और फीस वसूल ली। सात सालों में वसूली गई ज्यादा फीस की राशि करीब 80000 विद्यार्थियों के अभिभावकों को लौटाई जाएगी।

## डायनासोर: कभी धरती पर विचरते थे, अब जीवाश्म हो रहे नीलाम



**पेरिस.** फ्रांस के दक्षिण में डैम्पियर-एन-यवेलिन्स पैलेस में प्रदर्शित एपेटोसॉरस डायनासोर के जीवाश्म से बना कंकाल। यह 21 मीटर लंबा और 15 करोड़ वर्ष प्राचीन है। इसकी नीलामी इस वर्ष नवंबर में होनी है। वहीं, लगभग इतने ही पुराने डायनासोर के एक अन्य स्टेगोसॉरस कंकाल की 17 जुलाई को न्यूयॉर्क में सोथबी नीलामीघर में नीलामी होगी। आलोचकों का कहना है कि जीवाश्म एक ऐसी धरोहर हैं, जिनकी नीलामियां नहीं होनी चाहिए।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### बेहतर ही होंगे ताइवान-अमरीका संबंध

**ताइवान** के राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने कहा है कि ताइवान और अमरीका के बीच संबंध और बेहतर ही होंगे। अमरीकी कंपनी एआइटी के निदेशक रेमंड ग्रीन के साथ बैठक के दौरान लाइ ने यह उम्मीद जताई।

### पीएएलएन सरकार चलाने में असमर्थ



**पाकिस्तान** के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज सरकार चलाने में असमर्थ है। जरदारी ने पीपीपी के पंजाब और सिंध के पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं अब खुद फील्ड में आ गया हूं।

### बांग्लादेश और चीन में 21 समझौते

**पीएम** शेख हसीना की चीन यात्रा के दौरान बांग्लादेश और चीन के बीच कुल 21 समझौतों और सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों देशों में संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए 7 परियोजनाओं की घोषणा हुई।



## भारत की तारीफ: पीएम की ऑस्ट्रिया यात्रा

# दुनिया के अन्य नेता भी हों मोदी जैसे आध्यात्मिक: नोबेल विजेता

**विएना @ पत्रिका.** नोबेल विजेता ऑस्ट्रियाई भौतिक विज्ञानी एंटोन जिलिंगर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत आध्यात्मिक व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा, यह ऐसी विशेषता है जो दुनिया के अन्य नेताओं में होनी ही चाहिए। ऑस्ट्रिया में पीएम मोदी की विख्यात भौतिक विज्ञानी एंटोन जिलिंगर से मुलाकात के दौरान दोनों में क्वांटम तकनीक के साथ ही अध्यात्म पर भी चर्चा हुई। जिलिंगर ने कहा, जब प्रतिभाशाली युवाओं के शोध को उनके अपने विचारों के आधार पर समर्थन देते हैं, तभी वास्तव में नए विचार सामने आते हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी ने आस्ट्रिया में चार प्रमुख ऑस्ट्रियाई इंडोलॉजिस्ट और शिक्षाविदों से मुलाकात में इंडोलॉजी और भारतीय इतिहास, दर्शन पर बात की।

### हिंदुस्तान ने युद्ध नहीं, बुद्ध दिए: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन दिवसीय यात्रा से स्वदेश लौट आए हैं। इससे पहले ऑस्ट्रिया में उन्होंने भारतीय मूल के लोगों से कहा, हम सीना तानकर दुनिया को कह सकते हैं कि हमने युद्ध नहीं, बुद्ध दिए हैं। भारत ने हमेशा शांति की बात की।

# चैट जीपीटी की मदद से दृष्टिहीन युवक पहुंच गया स्टेडियम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क patrika.com

**टोक्यो.** हमारे सवालों के जवाब देने वाला चैटजीपीटी अब दृष्टिहीनों को मंजिल तक पहुंचा रहा है। हाल ही एक परीक्षण के बाद जापान के 26 वर्षीय दृष्टिहीन गेमर माशिरो उम्मीद से भरे हैं। माशिरो ने पैरा ईस्पोर्ट्स के लिए स्टेडियम तक पहुंचने के लिए एआइ चैटबॉट का इस्तेमाल किया और इसके निर्देशों पर अकेले पहुंच गया। अब तक वह इसके लिए किसी साथी पर निर्भर रहता था।

माशिरो खुश हैं, क्योंकि वह बिना किसी की मदद के अकेले घूम सकता है। मशिरो को माइक्रोफथाल्मोस नामक बीमारी है और वह जन्म से ही दृष्टिहीन है। हालांकि स्ट्रीट फाइटर खेल में वह दुश्मनों को हरा देता है।

### ओपन एआइ ने लॉन्च किया जीपीटी -40

**इसी** साल अमरीकी कंपनी ओपन एआइ ने जीपीटी-40 एआइ मॉडल लॉन्च किया है। जीपीटी -40 की खास बात यह है कि यह कई भाषाओं में दिए गए टेक्स्ट, आवाज और तस्वीरों के निर्देशों को समझ सकता है। गूगल के जेमिनी जैसा यह जनरेटिव गैजेट तेजी से बढ़ते क्षेत्र का हिस्सा है, जो कि विशेषज्ञों के हिसाब से शिक्षा, रोजगार और रोजमर्रा के कामकाज को आसान कर सकता है।




एआइ लोगों की अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से काम करता है और यह उन उत्पादों और तकनीकों से बेहतर है, जो हर किसी के लिए एक जैसे ही काम करते हैं। एआइ में बहुत अधिक क्षमता है। मुझे लगता है कि इससे बहुत से लोग सशक्त बनेंगे और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

**-प्रोफेसर यंगजून चो,** यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन

### कई तरह से मददगार है एआइ

**जिन** लोगों को सुनने में तकलीफ होती है, वह एआइ स्पीच टू टेक्स्ट फीचर का उपयोग कर सकते हैं। जिन लोगों की सीखने की क्षमता कम है उनके लिए चैटबोट रिज्यूमे तैयार कर सकता है। दृष्टिहीन लोगों के लिए सीइंग एआई, एनविजन एआइ और टैपटैपसी जैसे फीचर्स उपलब्ध है, जो किसी भी तस्वीर को देख कर बता सकते है कि उसमें क्या-क्या दिख रहा है।

### माशिरो कैसे पहुंचा मंजिल तक

छड़ी के सहारे माशिरो चैटजीपीटी से रास्ते के निर्देश पूछता रहा। माशिरो ने एक कान में ईयरपीस लगाया और दूसरे कान से गाड़ियों की आवाज सुनता रहा। माशिरो ने चैटजीपीटी से कहा कि मैं दृष्टिहीन हूं, इसलिए मुझे दृष्टिहीन लोगों के हिसाब से जानकारी दें। चैटजीपीटी ने कहा, हां जरूर, जैसे-जैसे आप स्टेडियम के पास पहुंचेंगे, आपको शोर-शराबा और गतिविधियों की आवाज जोर से सुनने लगेगी। आम लोगों को जिस रास्ते से स्टेडियम पहुंचने में 20 मिनट का समय लगता है, जबकि माशिरो को चार गुना अधिक समय लगा।

"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी"